THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 257 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) मार्गशीर्ष शु.8/9 2081 सोमवार, 9 दिसंबर-2024

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❊ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

TELANGANA RISING
प्रजा पालना
प्रजा विजयोत्सव

TELANGANA RISING
प्रजा पालना
प्रजा विजयोत्सव

## जय जयहे तेलंगाना... जननी जय केतनम...



# तेलंगाना तल्ली

अनावरण
माननीय मुख्यमंत्री
**श्री ए. रेवंत रेड्डी जी** द्वारा

दिनांक : 09 दिसंबर, 2024
समय : सायं 6:05 बजे
स्थान : डॉ. बी.आर. अंबेडकर तेलंगाना सचिवालय

जारीकर्ता : विशेष आयुक्त, सूचना व जनसंपर्क विभाग, तेलंगाना सरकार




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 257 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) मार्गशीर्ष शु.8/9 2081 सोमवार, 9 दिसंबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## सैम पित्रोदा का दावा- फोन और लैपटॉप हैक हुआ

**हैकर्स ने क्रिप्टोकरेंसी मांगी, बोले- मेरे नाम से कोई मेल न खोलें**

नई दिल्ली, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने दावा किया है कि पिछले कुछ हफ्तों में उनके स्मार्टफोन, लैपटॉप और सर्वर को बार-बार हैक किया गया है। हैकर्स क्रिप्टोकरेंसी में हजारों डॉलर की मांग कर रहे हैं। पित्रोदा ने अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को ईमेल के जरिए इसकी सूचना दी। साथ ही सभी को आगाह किया कि उनके नाम से भेजे गए किसी भी मेल पर क्लिक न करें। कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा अपने विवादित बयानों के लिए जाने जाते हैं।

# बॉर्डर की चिंता हमें नहीं, हमारे जवान निपट लेंगे : अमित शाह

**जोधपुर में गृह मंत्री को बीएसएफ के डॉग ने सलामी दी, ऊंट पर जवानों ने योग किया**



जोधपुर, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बीएसएफ 'फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस' के नाम से जानी जाती है। यही वजह कि सीमा से जब किसी अप्रिय घटना की सूचना आती है तो गृह मंत्री को जरा भी चिंता नहीं होती। यही भरोसा रहता है कि हमारे बीएसएफ के जवान हैं, निपट लेंगे।

अजेय भारत का विश्वास 140 करोड़ भारतवासियों के दिलों में पैदा हुआ है। इसका पूरा श्रेय सीमा पर खड़े हुए जवानों को जाता है और किसी का इस पर कोई अधिकार नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 60वें स्थापना दिवस (राइजिंग डे) परेड में शामिल हुए। उनके सामने जवानों, श्वान टीम ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए।

इससे पहले गृह मंत्री को सुबह ठीक 11 बजे बीएसएफ की जीप में एसटीसी स्थित परेड ग्राउंड के मुख्य मंच तक लाया गया। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया।

परेड से पहले बीएसएफ विंग के स्वदेशी हेलिकॉप्टर ध्रुव ने आसमान से सुरक्षा का जायजा लिया। उधर, बीएसएफ का कार्यक्रम पूरा होने के बाद गृह मंत्री अमित शाह सर्किट हाउस जोधपुर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का अनावरण किया।

## नागरिक सेना की भी जरूरत : जस्टिस सूर्यकांत

गांधीनगर, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने देश के हितों की रक्षा के लिए विशेषज्ञों की 'नागरिक सेना' के गठन पर जोर दिया है। उन्होंने रविवार को कहा कि देश के हित अंदर और बाहर दोनों जगह हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक, राजनीतिक, कानून के शासन और सुशासन में आगे बढ़ने वाले राष्ट्र को न केवल वर्दीधारी सेना की जरूरत है बल्कि हर क्षेत्र के विशेषज्ञों की 'नागरिक सेना' की भी जरूरत है। वे गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

यहां अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कानून का क्षेत्र पूर्णता की नहीं बल्कि दृढ़ता, जिज्ञासा और निष्पक्षता और समता के आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता की मांग करता है।

# महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर होंगे

**विपक्ष के 105 विधायकों ने शपथ ली, सीएम फडणवीस से मिलकर डिप्टी स्पीकर का पद मांगा**

मुंबई, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन रविवार को विपक्ष के 105 विधायकों ने शपथ ली। इन सभी ने ईवीएम के मुद्दे पर 7 दिसंबर को शपथ लेने से इनकार करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया था।

कांग्रेस के नाना पटोले, विजय वडेट्टीवार और अमित देशमुख, एनसीपी-एसपी नेता जितेंद्र अव्हाड, शिवसेना यूबीटी के आदित्य ठाकरे ने सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होते ही शपथ ली। शनिवार को 173 विधायकों ने शपथ ली थी। इनमें समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी और रईस शेख भी शामिल रहे। अब बाकी बचे 9 विधायक सोमवार को शपथ लेंगे।



इधर, राहुल नार्वेकर ने आज स्पीकर पद के लिए नामांकन भर दिया है। कोलाबा सीट से विधायक नार्वेकर का निर्विरोध चुना जाना तय है क्योंकि किसी और उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। शपथ ग्रहण से पहले विपक्ष के नेताओं ने सीएम फडणवीस से मुलाकात की। ये सभी विधानसभा में डिप्टी स्पीकर के पद की मांग को लेकर पहुंचे थे। 23 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आया था। सोलापुर जिले की मालसिरस विधानसभा सीट से एनसीपी (शरद) उम्मीदवार उत्तमराव जानकर ने जीत हासिल की थी। उन्होंने बीजेपी के राम सातपुते को हराया था। रिजल्ट के बाद मालसिरस विधानसभा के मारकडवाडी गांव के लोगों ने दावा किया था कि गांव के ज्यादातर लोगों ने एनसीपी प्रत्याशी को वोट दिए थे, लेकिन ईवीएम के आंकड़े के मुताबिक बीजेपी प्रत्याशी को 1003 वोट मिले हैं और एनसीपी प्रत्याशी को 843 वोट। ये गलत है। गांववालों का दावा है कि बीजेपी प्रत्याशी को 100-150 वोट से ज्यादा नहीं मिल सकते हैं।

## सपा महाराष्ट्र में भाजपा की बी-टीम : आदित्य ठाकरे

मुंबई, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। समाजवाद पार्टी (सपा) के महाविकास अघाड़ी (एमवीए) से अलग होने के बाद विधानमंडल में शिवसेना (यूबीटी) विधायक दल के नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि सपा महाराष्ट्र में भाजपा की बी-टीम है। सपा के प्रदेश अध्यक्ष अबु आजमी ने शनिवार को एमवीए से अलग होने की घोषणा की थी। शिवसेना (यूबीटी) ने 6 दिसंबर को बाबरी विध्वंस की बरसी पर अखबार में एड छपवाकर बधाई दी थी। उद्धव ठाकरे के करीबी मिलिंद नार्वेकर ने इसे लेकर एक्स पर पोस्ट भी किया था।

इससे नाराज अबु आजमी ने कहा था- भाजपा और शिवसेना (यूबीटी) में कोई फर्क नहीं है। उन्होंने बाबरी मस्जिद गिराने वालों को बधाई दी। उद्धव के करीबी ने सोशल मीडिया पर मस्जिद ढहाए जाने की तारीफ की। हम एमवीए से अलग हो रहे हैं।

# 'ये भारत के लिए शर्मिंदगी की वजह'

**बीजेपी ने अमेरिका पर उठाई उंगली तो भड़क उठे शशि थरूर**



नई दिल्ली, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रविवार को बीजेपी पर निशाना साधा। थरूर ने अमेरिका के विदेश विभाग के खिलाफ आरोपों के लिए भाजपा की तीखी आलोचना की। उन्होंने इस घटनाक्रम को वैश्विक मंच पर भारत के लिए शर्मिंदगी बताया। शशि थरूर ने कहा कि यह स्पष्ट की भाजपा को ना तो लोकतंत्र की समझ है, ना ही कूटनीति की।

बीजेपी पर निशाना साधते हुए शशि थरूर ने कहा, यह स्पष्ट की भाजपा को ना तो लोकतंत्र की समझ है, ना ही कूटनीति की। बीजेपी के लोग ओछी राजनीति करने में इतने अंधे हो गए हैं कि स्वतंत्र मीडिया और नागरिक संस्थाओं के मूल्य को भूल गए हैं। बीजेपी के लोग प्रमुख देशों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने की जिम्मेदारियों से अनजान हैं। ये आक्रामक व्यवहार भारत के लिए शर्मिंदगी की बात है।

भाजपा ने अमेरिकी विदेश विभाग पर एक समाचार पोर्टल को कुछ फंडिंग के माध्यम से 'भारत को अस्थिर' करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। बीजेपी ने कहा था कि पोर्टल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाया था। इसके बाद अमेरिका की ओर से बयान आया था।

# चटगांव मांगा तो बंगाल, बिहार और ओडिशा वापस ले लेंगे : बीएनपी

ढाका, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने रविवार को इंडियन हाई कमीशन के सामने भारत के विरोध में लॉन्ग मार्च निकाला। हालांकि पुलिस ने इस मार्च को बीच में ही रोक दिया। इसके बाद बीएनपी के एक प्रतिनिधि गुट को पुलिस की मदद से इंडियन हाई कमीशन को ज्ञापन सौंपने की इजाजत दी गई।

बीएनपी के जॉइंट जनरल सेक्रेटरी रूहुल कबीर रिजवी ने इस दौरान भारत विरोधी बयान दिए। रिजवी ने कहा, भारत हर कदम पर बांग्लादेश को नुकसान पहुंचा सकता है।

उसने शेख हसीना को इसलिए शरण दी क्योंकि उसे बांग्लादेश के लोग पसंद नहीं हैं। भारत किसी से दोस्ती नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा कि अगर भारत चटगांव मांगता है, तो हम बंगाल, बिहार और ओडिशा वापस ले लेंगे। भारत में सांप्रदायिकता बहुत ज्यादा है। शेख हसीना ने दिल्ली के आशीर्वाद से ही बांग्लादेश में 16 साल सरकार चलाई। भारत ने वकील आलिफ की हत्या के बारे में भी कुछ नहीं कहा।

बता दें कि चटगांव में 26 नवंबर को चिन्मय प्रभु के समर्थन में प्रदर्शन के दौरान एक वकील सैफुल इस्लाम ऊर्फ आलिफ की मौत हो गई थी। वकील की मौत कैसे हुई, ये पता नहीं चल पाया।

रिजवी ने दावा किया कि भारत ने वीजा बंद करके बांग्लादेश को फायदा पहुंचाया है। उन्होंने कहा, इससे हमारा देश सम्पन्न होगा। प्रोडक्शन बढ़ेगा। बॉर्डर बंद करके अच्छा काम किया।

# अमृतसर पहुंचे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी

**कहा- देश की बेहतरी के लिए किसान का समृद्ध होना जरूरी**



अमृतसर, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आज अमृतसर पहुंच गए हैं। बीते दो दिन से अमृतसर के रेलवे स्टेशन के पास बी-ब्लॉक में चल रहे सहकार भारती का 8वें राष्ट्रीय अधिवेशन में गडकरी ने शिरकत की। अमृतसर में ये अधिवेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनानाथ ठाकुर और राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. उदय जोशी की अध्यक्षता में हो रहा है। सहकारिता को समर्पित सहकार भारती के राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर से 2500 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

नितिन गडकरी ने अमृतसर में संबोधित करते हुए कहा कि देश की ग्रोथ के लिए किसानों को गांवों के किसान-मजदूरों को समृद्ध करना जरूरी है। हमारे देश की ग्रोथ में 12 से 14 प्रतिशत ग्रोथ खेतीबाड़ी व सहयोगी इंडस्ट्री से आती है। 22 से 24 प्रतिशत ग्रोथ मेन्यूफैक्चर और 52 से 54 प्रतिशत ग्रोथ सर्विस सेक्टर से आती थी। पहले जब गांधी जी ने स्वाधीनता आंदोलन शुरू किया तो 90 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती थी। लेकिन अब गांवों में लोग नहीं रह रहे। 30 प्रतिशत आबादी गांवों से निकल कर बड़े शहरों में चली गई।

बड़े शहरों में लोग झोपड़-पट्टी में रह रहे हैं। वे मजबूरी से शहरों में गए, क्योंकि वहां अच्छे घर व सुविधाएं नहीं थी। हमारे किसान व मजदूरों की हालत अच्छी नहीं है। अगर आज हमारी इकोनॉमी को मजबूत करना है तो हमें गांव, गरीब, किसान, मजदूर और को ग्रामीण व कृषि व जंगल के क्षेत्र को समृद्ध करना होगा।



# शावकों से बिछड़े नर-मादा लकड़बग्घा बने खूंखार गांवों में फैली दहशत

कानपुर, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। कानपुर के भीतरगांव इलाके में बरईगढ़, छतेरुवा, मेहरौली व बौछनिया घुरुवाखेड़ा के मध्य जंगल में बनी मिट्टी की मांद में पांच शावकों को जन्म देने के बाद शिकार के लिए निकले नर-मादा लकड़बग्घा उनसे करीब 10 किलो मीटर दूर दूसरे इलाके में पहुंच गए। अब शावकों के पास तक पहुंचने के लिए भटक रहे हैं। अनुमान है कि दिशा भटकने के चलते वापस अपने शावकों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। शावकों से बिछड़ने के बाद दोनों लकड़बग्घा खूंखार हो चुके हैं। अजीब तेज गुर्राहट की आवाज निकालते रात में खेतों में धमाचौकड़ी मचाने के बाद अब उनकी आमद गांव किनारे तक दिखने लगी है। ग्रामीणों के मुताबिक बीते एक पखवाड़े पहले लकड़बग्घे के जोड़े ने पांडु नदी किनारे जंगल में बनी मिट्टी की मांद के अंदर पांच शावकों को जन्म दिया था। कुछ दिन बाद सभी शावक ठंड में धूप सेकने के लिए अपनी मांद के बाहर आकर बैठते उछल कूद करते भी किसानों ने देखा था। बीते गुरुवार दिन से शावकों के पास व मांद में दोनों लकड़बग्घे नहीं दिखे हैं।

## साधुओं के भेष में स्कूली बच्चों को अगवा करने की कोशिश

सुल्तानपुर, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। यूपी के सुल्तानपुर में साधुओं के भेष में बच्चों को अगवा करने के प्रयास का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हालांकि बच्चों के शोर मचाने पर कार सवार मौके से फरार हो गए। वहीं सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने खोजबीन शुरू कर दी तो थोड़ी ही देर में कार सवार साधुओं को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पुलिस की गाड़ी से उतार कर जमकर पीटा। किसी तरह पुलिस ने इन तीनों को बचाया और थाने ले जाकर मामले की पड़ताल में जुट गई। दरअसल ये मामला है देहात कोतवाली के जगदीशपुर चाचपुर गांव का है। इसी गांव के रहने वाले तीन छात्र आज चाचपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय जा रहे थे। रास्ते में इन्हें कार सवार साधुओं ने रोक लिया और बच्चों को स्कूल छोड़ने के बहाने बैठाने लगे, लेकिन कार में बैठने के बजाय बच्चों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। बच्चों के शोर मचाने पर ये सभी मौके से फरार हो गए। इस बात की जानकारी जब ग्रामीणों को लगी तो उन्होंने खोजबीन शुरू कर दी।

## बीपीएससी अभ्यर्थियों के प्रदर्शन पर सख्ती दिखाई डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने



पटना, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। बिहार में प्रदर्शन के बाद बीपीएससी ने यह साफ कर दिया है कि परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन लागू नहीं होगा। इसको लेकर विभाग का यह भी कहना है कि बेवजह भ्रम फैलाया गया है। अब बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पत्रकारों से बातचीत में प्रदर्शन के पीछे शिक्षकों को जिम्मेदार ठहराया है। वे खान सर और गुरु रहमान पर भड़क गए। विजय सिन्हा ने कहा कि बच्चों की बातों से यही लगा कि इनको भ्रम में डाला गया है। सरकार को बदनाम करने के लिए खेल खेला गया है। बच्चे ही बता रहे थे कि 23 सितंबर को वैकेंसी निकली। 18 अक्टूबर तक अप्लाई करने का अवसर मिला। बच्चों के आग्रह पर और पर्व-त्यौहार को देखते हुए चार नवंबर तक अप्लाई करने के लिए एक्सटेंड किया गया। नॉर्मलाइजेशन का कहीं कोई जिक्र नहीं है।

कहीं कोई चर्चा नहीं है। उस विषय को डालकर बच्चों को भ्रमित करके उत्तेजित करके ये खान और रहमान ने कोचिंग चलाने के नाम पर ऐसा किया है। विजय कुमार सिन्हा ने इन शिक्षकों को लेकर कहा कि ये पहले भी बच्चों के आंदोलन के नेतृत्वकर्ता के रूप में अराजकता फैलाने का प्रयास करते रहे हैं। ये घोर निंदनीय है। शिक्षक की जिम्मेदारी बच्चों का भविष्य बनाना है बिगाड़ना नहीं। बीपीएससी के चेयरमैन से बात की है। हमने बात करके बच्चों के मिलने का टाइम फिक्स किया है। ये लोग जाकर मिलेंगे। हम आग्रह करेंगे कि बिहार के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना करें। बिहार को बदनाम ना करें। विजय सिन्हा ने आगे कहा कि जो बहाली निकलेगी वो किसके लिए है? जिन लोगों ने हम लोगों को आशीर्वाद देकर सेवा को मौका दिया है।

# कानपुर में तैयार होगी संघ के 100 साल की रुपरेखा

## पंच परिवर्तन के लिए काम करेगा आरएसएस, ऐसा होगा अभियान



कानपुर, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। अगले वर्ष सितंबर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करेगा। इसे लेकर संघ पंच परिवर्तन की विश्वव्यापी कार्ययोजना तैयार कर रहा है। प्रमुख बात यह है कि संघ के अगले सौ साल की रूपरेखा महानगर में तैयार की जाएगी। इसके लिए सर संघ चालक मोहन भागवत अप्रैल में पांच दिन तक कानपुर में प्रवास करेंगे। जनवरी से लेकर मार्च तक प्रयागराज में महाकुंभ पूरा होने के तुरंत बाद हिंदुत्व के महाकुंभ की तैयारी शुरू की जाएगी। महानगर इस मुहिम का गवाह बनेगा। स्थापना के शताब्दी वर्ष से संघ जिस पंच परिवर्तन की मुहिम को लेकर आगे बढ़ेगा, उसमें सबसे ऊपर परिवार को रखा गया है। इसमें हिंदू परिवारों में हम दो हमारे दो से आगे जाकर चर्चा हो सकती है।

**पांच दिन में अलग-अलग बैठकें करेंगे**

इसमें राष्ट्रीयता को सर्वोपरि मानते हुए संपूर्ण हिंदुत्व को जोड़ने को लेकर मुहिम के तहत काम किया जाएगा। संघ प्रमुख यहां पांच दिन में क्षेत्र, प्रांत, जिले, विभाग के पदाधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगे। इसके साथ ही बस्तियों को जागृत करने, शाखाओं का विस्तार सुदूर गांव और शहरों व कस्बों के प्रत्येक स्थान में करने की योजना भी शामिल है।

**प्रत्येक दिन अलग-अलग विषय रहेंगे**

युवाओं को संघ से जोड़ने और तकनीकी तौर पर संघ की कार्यप्रणाली को मजबूत करने की दिशा में भी काम किया जाएगा। मोहन भागवत यहां पर आखिरी दो दिन में सामाजिक समरसता के दृष्टिकोण से उद्यमियों, चिकित्सकों, शिक्षाविदों सहित प्रमुख क्षेत्रों से ताल्लुक रखने वालों के साथ भी बैठक करेंगे। संघ प्रमुख के पांच दिनों के प्रवास के प्रत्येक दिन अलग-अलग विषय रहेंगे।

# 'अब वापस लेने का समय आ गया'

## साध्वी प्राची का बड़ा बयान, बोलीं- दारुल उलूम की कराई जाए खोदाई, निकलेगा मंदिर

देवबंद, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। हिंदूवादी नेता साध्वी प्राची का बयान एक बार फिर सुर्खियो में है। उन्होंने कहा कि दारुल उलूम और बड़ी मस्जिद का भी सर्वे होना चाहिए। अगर इनकी खोदाई कराई जाए तो यहां पर भी मंदिर निकलेगा। देवबंद में आबकारी रोड स्थित निजी कार्यक्रम में पहुंचीं साध्वी प्राची ने मीडिया से बातचीत करते हुए यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के अंदर मंदिरों को तोड़कर जो मस्जिदें बनाई गई हैं अब वापस लेने का समय आ गया है। अयोध्या अब हमारी है काशी और मथुरा की बारी है। देवबंद में भी पता चला है कि यहां पर जो बड़ी मस्जिद (रशीदिया) है उसका सर्वे होना चाहिए और खोदाई होनी चाहिए। दारुल उलूम को लेकर कहा कि यहां पर क्या समस्या है। दारुल उलूम का भी सर्वे होकर खोदाई होनी चाहिए। दारुल उलूम की खोदाई कराई जाए तो यहां पर भी मंदिर निकलेगा। सर्वे चल ही रहे हैं एक साथ ही सर्वे हो जाए। साध्वी प्राची का यह बयान सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि दारुल उलूम प्रबंधन की तरफ से इस पर कोई प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की गई, लेकिन इस बयान को लेकर साध्वी प्राची एक बार फिर सुर्खियों में हैं। बता दें, कि साध्वी प्राची बयानों को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहती हैं।

# मेरठ में ज्योतिष परिवार को खिलाया रोस्टेड चिकन

## तबीयत बिगड़ी, हंगामा रेस्टोरेंट में विलायती वेज ऑर्डर किया था

मेरठ, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। मेरठ में ज्योतिष परिवार को रेस्टोरेंट में नॉनवेज परोसने पर हंगामा हो गया। परिवार ने विलायती वेज ऑर्डर किया था, लेकिन उन्हें रोस्टेड चिकन सर्व कर दिया गया। स्वाद अजीब लगा तो वेटर को बुलाकर पूछा। तब जाकर उन्हें पता चला कि नॉनवेज है। यह सुनते ही परिवार भड़क गया। जमकर हंगामा किया। सूचना पर पुलिस पहुंच गई और मामला शांत कराया। होटल स्टाफ ने भी गलती मानी है। कहा- किसी और



का ऑर्डर गलती से सर्व हो गया। हालांकि परिवार का कहना है कि वेटर ने जानबूझकर धर्म भ्रष्ट करने के लिए ऐसा किया। मामला गंगानगर के रोमियो लेन रेस्टोरेंट का है। मामला 2 दिन पुराना है। वीडियो अब सामने आया है। गंगानगर क्षेत्र निवासी एक ज्योतिष पत्नी, बेटा और बेटी के साथ शुक्रवार को रेस्टोरेंट में खाना खाने गए थे। परिवार ने खाने के लिए विलायती वेज ऑर्डर किया था। कुछ देर बाद वेटर रोस्ट चिकन लेकर आया और परोस दिया। खाने का स्वाद अजीब लगा तो उन्होंने वेटर को बुलाकर अपना ऑर्डर के बारे में पूछा तो पता चला नॉनवेज सर्व किया गया था। यह सुनते ही परिवार के लोगों की उनकी तबीयत बिगड़ने लगी।

उल्टी होने लगी। किसी तरह परिवार के लोगों ने अपने आप को संभाला। परिवार ने चिकन परोसने वाले वेटर का नाम पूछा तो उसने सुल्तान बताया। इस पर परिवार और भड़क गया और जानबूझकर धर्मभ्रष्ट करने का आरोप लगाते हुए गंगानगर थाने में तहरीर दी। सीओ सदर देहात नवीना शुक्ला का कहना है कि परिवार की ओर से शिकायत मिली है। मामला खाद्य सुरक्षा विभाग का है, लेकिन जांच कराई जा रही है।

# पिछड़ा, अति-पिछडा की आड़ में आरजेडी पर प्रहार

## सम्राट चौधरी बोले ' नीतीश हैं पिछडों के हितैषी



पटना, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। पटना मिलर हाई स्कूल मैदान में मगध सम्राट जरासंध के जन्मोत्सव समारोह सह चंद्रवंशी सम्मान रैली में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार की सराहना करते हुए पिछड़ा, अति-पिछड़ा वर्ग की हितैषी बताया। वहीं लालू यादव पर जमकर निशाना साधा। शिक्षा मंत्री ने तेजस्वी यादव के 200 यूनिट फ्री बिजली के वादे को हास्यास्पद बताया। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पिछड़ा, अति-पिछडा वर्ग को उचित सम्मान और सत्ता में भागीदारी दी है। वहीं दूसरी ओर लालू यादव ने 15 वर्ष के राज में अति पिछड़ों और दलितों को आरक्षण नहीं दिया, लेकिन इन समुदायों का वोट लेकर राज और भ्रष्टाचार किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि चंद्रवंशी समाज और अतिपिछड़ों को सम्मान देना एनडीए सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जरासंध की भूमि राजगीर (नालंदा) से आने वाले नीतीश कुमार न्याय के साथ विकास कर रहे हैं।

**लालू यादव पर लगाया आरक्षण ना देने का आरोप**

विपक्ष कटाक्ष करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आजकल जो लोग आरक्षण-आरक्षण रट कर सामाजिक न्याय के मसीहा बनना चाहते हैं, उन लोगों ने 2001 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव करा दिया था। 15 साल सत्ता में रहने वाली लालू-राबड़ी सरकार ने किसी को आरक्षण नहीं दिया। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा 200 यूनिट फ्री बिजली देने के वायदे को हास्यास्पद बताया है। उन्होंने कहा है कि उनके माता-पिता के 15 वर्षों के राज में बिहार में अंधेरा छाया रहता था।

गांवों में बिजली के दर्शन नदारद थे। महज कुछ घंटों के लिए आने वाली बिजली अखबारों की सुर्खियां बनती थी। राजद शासन काल के अंतिम वर्ष 2005 में जहां बिहार में मात्र 700 मेगावाट बिजली की उपलब्धता थी। वहीं, एनडीए सरकार बिजली क्षमता करीब 7,323 मेगावाट है। जबकि, पीक आवर में खपत बढ़कर 8,005 मेगावाट हो गई है। किसानों को महज 65 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। आज बिहार में शहरी इलाकों में 23-24 घंटे और ग्रामीण इलाकों में 21-22 घंटे बिजली की आपूर्ति होती है।

**अखाड़ा स्थल के जीर्णोद्धार की घोषणा**

अखिल भारवर्षीय चंद्रवंशी चेतना परिषद की ओर से आयोजित मगध सम्राट जरासंध का जन्मोत्सव सह चंद्रवंशी स्वाभिमान रैली में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि आज का यह अवसर न केवल हमारे समाज की एकता और परंपराओं को बल देता है, बल्कि हमारे गौरवशाली इतिहास के प्रतीक, मगध सम्राट जरासंध के जीवन और योगदान को श्रद्धांजलि देने का भी अवसर है। वीरचंद पटेल पथ स्थित मिलर स्कूल मैदान जायसवाल ने कहा कि जरासंध महाराज के अखाड़ा स्थल का जीर्णोद्धार होगा।

उन्होंने कहा कि नालंदा स्थित यह स्थल भारतीय इतिहास का गौरव है। यही नहीं, ऐतिहासिक स्थलों में इसका अलग स्थान है, यही कारण है कि सरकार की योजना इसके जीर्णोद्धार की है। उन्होंने इस मौके पर राजगीर में महाराज जरासंध के अखाड़ा को संरक्षित स्मारक के रूप में घोषित होने की भी घोषणा की।

# लखनऊ के हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन पर बम की सूचना से हड़कंप, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

लखनऊ, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन पर बम रखने की सूचना देर रात को यूपी डायल-112 पर दी गई। जानकारी होते ही आननफानन सभी सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया। उधर, पुलिस उच्चाधिकारियों के साथ ही बम निरोधक दस्ता व डाग स्क्वायड भी मौके पर पहुंचा। सभी टीमों ने स्टेशन की तलाशी शुरू कर दी। हालांकि, कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस के मुताबिक, सूचना देने वाले की तलाश की जा रही है। राजधानी में दहशत फैलाने के लिए हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन में बम रखने की सूचना पुलिस को दी गई। यह सूचना यूपी डायल-112 के कंट्रोल रूम में रात 10:55 बजे दी गई। कंट्रोल रूम से इसकी जानकारी पुलिस कमिश्नर कार्यालय को भेजी गई। तत्काल राजधानी में अलर्ट घोषित कर दिया गया। वहीं, एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह, एसीपी




हजरतगंज विकास जायसवाल, इंस्पेक्टर हुसैनगंज रामकुमार गुप्ता अपनी टीम के साथ पहुंच गए। कुछ देर में बम निरोधक दस्ता भी पहुंच गया। पूरे स्टेशन की तलाशी ली गई, हालांकि कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। एडीसीपी मध्य के मुताबिक हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन के अलावा चाराबाग रेलवे स्टेशन, आलमबाग, हजरतगंज समेत कई मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा कारणों से जांच शुरू करा दी गई है। वहीं सभी थानों को अलर्ट कर दिया गया है। पुलिस, बम निरोधक दस्ते के साथ एसएसएफ भी इस कार्रवाई में जुटी है।

**एफआइ टावर मिली सूचना देने वाले की लोकेशन**

एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल ने बताया कि काल कर सूचना देने वाले का मोबाइल बंद आ रहा है। उसकी अंतिम लोकेशन बर्लिंग्टन के एफआइ टावर के पास मिली है। पकड़ने के लिए पुलिस की दो टीमों के साथ मध्य जोन की सर्विलांस टीम को लगाया गया है। पुलिस के मुताबिक, सूचना के दो घंटे पहले मेट्रो की सुरक्षा में लगी एसएसएफ की टीम ने रूटीन जांच की थी। रेलवे स्टेशन भी किया चेकः सूचना मिलते ही चारबाग रेलवे स्टेशन को भी अलर्ट किया गया। आरपीएफ ने स्टेशन की चेकिंग की। साथ ही सभी को संदिग्ध वस्तु दिखते ही सूचना देने के लिए कहा गया है।

# ताई के सामने युवक ने किया छात्रा से दुष्कर्म

बुलंदशहर, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। एक युवक ने ताई के सामने कक्षा छह की छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। आरोपित ने मोबाइल पर काल करके घटना स्थल पर अपने दोस्त को भी बुला लिया। मौके पर पहुंचे दोस्त ने छात्रा के साथ हुई घटना की वीडियो बनाई। इसके बाद छात्रा को ब्लैकमेल करने का प्रयास किया और मुंह खोलने पर बनाई गई वीडियो प्रसारित करने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। नरसेना क्षेत्र के एक गांव के मजरा निवासी 14 वर्षीय किशोरी गांव के स्कूल में कक्षा छह की छात्रा है। किशोरी शुक्रवार की शाम को अपने ताई के साथ गांव के निकट होकर गुजर रहे रजवाहे के निकट खेतों में शौच करने के लिए गई थी। आरोप है कि जब छात्रा शौच करने के बाद घर के लिए लौट रही थी। तभी खेतों पर घूम रहे युवक ने छात्रा को दबोच लिया और रास्ते के निकट ईख के खेत में उठाकर ले गया। छात्रा के उठाकर ले जाने का किया विरोध ताई ने छात्रा के उठा कर ले जाने का विरोध करते हुए शोर मचाया। आरोपित ने बेखौफ होकर छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया ।

# संभल एसपी की तस्वीरें वायरल

## हादसे में जख्मी बुजुर्ग के लिए रुकवाया काफिला, खुद के वाहन से पहुंचाया अस्पताल



संभल, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। बहजोई मार्ग पर सड़क हादसे में खून से लथपथ बुजुर्ग को तड़पता देख संभल के एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने इंसानियत का अनूठा उदाहरण पेश किया। काफिला रोककर उन्होंने घायल बुजुर्ग का हाल जाना और तुरंत उन्हें अपने वाहन से अस्पताल भिजवाया। एसपी की इस पहल की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। बहजोई मार्ग पर भवन चौराहे के पास एक मोटरसाइकिल और कार की टक्कर हो गई थी। हादसे में एक बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनके माथे से लगातार खून बह रहा था। इसी बीच घटनास्थल से गुजर रहे एसपी विश्नोई ने अपने काफिले को रुकवाया। एसपी तुरंत घायल के पास पहुंचे और उनका हालचाल जाना। इसके बाद उन्हें अपने वाहन से अस्पताल भिजवाया। यह देखकर आसपास अन्य लोगों की भीड़ लग गई। उनकी यह पहल देखकर अन्य लोग भी भावुक हो गए। स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि आज के दौर में जहां लोग मदद के लिए रुकते नहीं वहीं एसपी ने खुद मिसाल पेश की। अस्पताल में बुजुर्ग का उपचार किया गया।

# क्या नीतीश के साथ हो जाएगा खेल! महाराष्ट्र में बीजेपी की 'बड़े भाई' की भूमिका से बिहार में अलर्ट



पटना, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में बड़े भाई की भूमिका में आने की भाजपा की जिद ने जदयू को सतर्क कर दिया है। उसे पहली बार लग रहा है कि 2025 के विधानसभा चुनाव में अगर भाजपा और जदयू के विधायकों की संख्या में बड़ा अंतर आया तो वर्षों से दोनों दलों के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर बनी सहमति टूट भी सकती है। यही कारण है कि जदयू अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गया है। तैयारी के लिहाज से देखें तो जदयू अन्य सभी दलों से आगे है। वहीं जदयू की अति सक्रियता के कारण समय पूर्व विधानसभा चुनाव की चर्चाएं भी होने लगी हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के पहले ही एनडीए के घटक दलों ने मुख्यमंत्री निवास में बैठक कर घोषणा की थी कि अगला चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। नीतीश ही अगले मुख्यमंत्री होंगे यह बताने की जरूरत इसलिए नहीं पड़ी, क्योंकि इसके पहले के चुनाव जब नीतीश के नेतृत्व में लड़े गए और जीत हुई तो वही मुख्यमंत्री भी बने।

**लोजपा सांसद के बयान से बढ़ी चिंता**

हाल ही में लोजपा सांसद अरुण भारती ने यह कहकर जदयू को चिंता में डाल दिया कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, जनता तय करेगी। अरुण भारती लोजपा (रा) के अध्यक्ष चिराग पासवान के बहनोई हैं। सांसद अरुण भारती ने यह भी कहा कि विधानसभा का चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोजपा (रा) के अध्यक्ष चिराग पासवान के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। राजनीति के जानकार मानते हैं कि भारती का वक्तव्य अनायास नहीं है, उन्होंने शांत तालाब में एक कंकड़ फेंक दिया है। लोजपा सांसद की टिप्पणी पर जदयू की आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई, लेकिन कोई समझदार इसे यह कहकर खारिज भी नहीं कर रहा है कि भारती पहली बार सांसद बने हैं। उन्हें राजनीति की गहरी समझ नहीं है। इधर, जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार दावा कर रहे हैं कि नीतीश न सिर्फ अगले विधानसभा चुनाव का नेतृत्व करेंगे, बल्कि अगली सरकार भी उन्हीं के नेतृत्व में बनेगी। संयोग से बिहार में महाराष्ट्र की तरह ही इस समय एक मुख्यमंत्री और दो उप मुख्यमंत्री हैं। दोनों उप मुख्यमंत्री भाजपा के हैं। अतीत में कभी यह चर्चा भी चली थी कि नीतीश केंद्र की राजनीति में जाएंगे और भाजपा को मुख्यमंत्री का पद दे दिया जाएगा। फिलहाल, एनडीए ने 243 सदस्यीय विधानसभा में 225 सीट जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जाहिर है, इसमें अधिक सीट जीतने की आपसी होड़ भी शामिल है।

# डिलीवरी एजेंट हैं बांग्लादेशी और रोहिंग्या, पहचान कर गिरफ्तारी हो: गिरिराज सिंह



पटना, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। जहां एक तरफ भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के ऊपर अत्याचार के मामले सामने आ रहे हैं। वहीं, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने दावा किया कि भारत में मौजूद बांग्लादेशी नागरिक और रोहिंग्या फूड डिलीवरी और शॉपिंग प्लेटफार्मों के लिए डिलीवरी एजेंट के रूप में काम कर रहे थे, उनकी पहचान की जानी चाहिए। हैदराबाद में निफ्ट-हैदराबाद के कन्वोकेशन में बात करते हुए गिरिराज सिंह ने बांग्लादेशी और रोहिंग्या को लेकर बात की। उन्होंने कहा, सर्विस सेक्टर में जैसे जोमैटो, स्विग्गी और फ्लिपकार्ट पर डिलीवरी बॉय बांग्लादेशी और रोहिंग्या होते हैं, उन्हें पहचान कर पुलिस को सौंपने की कोशिश की जानी चाहिए।

**सीएम योगी के बयान को ठहराया सही**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा था कि 500 साल पहले बाबर ने जो अयोध्या में किया, बांग्लादेश और संभल में आज वही हो रहा है। तीनों की प्रकृति, तीनों के डीएनए एक जैसे हैं। सीएम योगी के बयान को भी गिरिराज सिंह ने सी ठहराया और कहा कि उन्होंने कुछ गलत नहीं कहा। गिरिराज सिंह ने कहा, देखिए पड़ोसी देशों में हमारे दुश्मन किस तरह की हरकतें कर रहे हैं, अगर कोई किसी भ्रम में है तो यह याद रखें। 500 साल पहले बाबर के एक सेनापति ने अयोध्या में कुछ हरकतें की थी, संभल में भी ऐसी ही हरकतें की थीं और आज बांग्लादेश में क्या हो रहा है। तीनों का नेचर और डीएनए एक ही है।

**"जिन्ना का डीएनए बांग्लादेश में भी है"**

सीएम योगी के बयान पर बात करते हुए गिरिराज सिंह ने एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, भारत का विभाजन पाकिस्तान के रूप में हुआ था, पाकिस्तान में हिंदू खत्म हो गए और यह ही आज बांग्लादेश में हो रहा है। जिन्ना का डीएनए पाकिस्तान में था और जिन्ना का डीएनए बांग्लादेश में भी है। साथ ही उन्होंने आगे कहा, जिन्ना का डीएनए संभल में भी है। आपका ओवैसी, जिन्ना का जीन उसमें दाखिल हुआ है।

**बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा**

इस समय पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हमला हो रहा है। मंदिरों में तोड़-फोड़ भी की जा रही है। देश में इस्कॉन के पुजारी चिन्मय कृष्ण दास को राजद्रोह के मामले में गिरफ्तार किया गया, इसी के बाद से हिंदू आक्रोश में है और प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी दौरान उन पर हमलों के मामले भी सामने आए हैं। साथ ही देश में तख्तापलट के समय भी हिंदू अल्पसंख्यक समूह को टारगेट किया गया था और उन के घरों में आग तक लगाई गई थी और उनके कारोबार को खत्म करने की भी कोशिश की गई थी।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

सोमवार, 9 दिसंबर, 2024 5

सुविचार: अपने अंदर से अहंकार को निकाल कर स्वयं को हल्का करें, क्योंकि ऊंचा वही उठता है जो हल्का होता है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा सत्र की तैयारियों की समीक्षा की



हैदराबाद, 8 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। विधानसभा अध्यक्ष गड्डाम प्रसाद कुमार ने अधिकारियों को विधानसभा और विधान परिषद के सत्र बिना किसी समस्या के सुचारू रूप से आयोजित करने के लिए पर्याप्त उपाय करने का निर्देश दिया है। प्रसाद कुमार ने विधान परिषद के अध्यक्ष गुत्ता सुखेंद्र रेड्डी, विधानसभा मामलों के मंत्री दुदिल्ला श्रीधर बाबू, परिषद के मुख्य सचेतक पटनाम महेंद्र रेड्डी और विधान सचिव डॉ. वी. नरसिम्हा चार्युलु के साथ रविवार को विधानसभा में अपने कक्ष में बैठक की और विधानसभा सत्र की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव शांति कुमारी, विशेष मुख्य सचिव (वित्त) रामकृष्ण राव, प्रमुख सचिव एमए एवं यूडी- दानकिशोर, जीएडी सचिव राघनंदन राव, विशेष मुख्य सचिव (गृह) रवि गुप्ता, डीजीपी जितेंद्र, एडीजी महेश भागवत, डीजी फायर नागी रेड्डी, हैदराबाद, राचकोंडा, साइबराबाद के कमिश्नर- सीवी आनंद, सुधीर बाबू और अविनाश महांती, इंटेलिजेंस आईजी- कार्तिकेय, विधानसभा चीफ मार्शल- कर्णकर, काउंसिल चीफ मार्शल संजीव रेड्डी भी मौजूद थे। अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा सत्र की गरिमा और प्रतिष्ठा को बनाए रखते हुए इसे व्यापक तरीके से आयोजित किया जाना चाहिए और अधिकारियों को सदस्यों को पहले की तरह पर्याप्त जानकारी उपलब्ध करानी चाहिए। प्रसाद कुमार ने कहा, सदस्यों द्वारा मांगी गई जानकारी जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जानी चाहिए। पिछले सत्रों से संबंधित प्रश्नों के लंबित उत्तर तुरंत भेजे जाने चाहिए। इसके अलावा, तेलुगु, उर्दू और अंग्रेजी में जानकारी प्रिंट करके सदस्यों को पहले से उपलब्ध कराकर उन्हें तैयार करना मददगार होगा। उन्होंने आगे कहा कि जब विभाग से संबंधित चर्चा चल रही हो, तो संबंधित विभागों के अधिकारी उपलब्ध होने चाहिए और उन्हें सदन में मंत्रियों और सदस्यों को उचित जानकारी देनी चाहिए। सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को सत्र के सभी दिनों के लिए उपलब्ध होना चाहिए। प्रत्येक विभाग के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाना चाहिए।

## हिट एंड रन में दो पुलिस कांस्टेबल की मौत

सिद्दीपेट, 8 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। रविवार तड़के जलीगामा में गजवेल बाईपास रोड पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दो कांस्टेबलों की मौत हो गई।

उनकी पहचान परंदमुलु (43) और पूसा वेंकटेश्वरलु (42) के रूप में हुई है। 2004 बैच के कांस्टेबल परंदमुलु रायपोल पुलिस स्टेशन में ड्यूटी कर रहे थे, जबकि 2007 बैच के कांस्टेबल वेंकटेश्वर दौलताबाद पुलिस स्टेशन में कार्यरत थे। वे मैराथन में भाग लेने के लिए ईसीआईएल जा रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल होने के कारण दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए गजवेल के सरकारी अस्पताल में भेज दिया है। वाहन की पहचान के प्रयास जारी हैं।

## वॉलीबॉल मैच के दौरान छात्र की मौत


हैदराबाद, 8 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के पेद्दामंदाडी मंडल के समीररेड्डीपल्ली गांव में मुख्यमंत्री कप टूर्नामेंट में भाग लेते समय एक स्कूली छात्र की मृत्यु हो गई। बालक की पहचान साई पुनीत के रूप में हुई जो कि जेडपीएचएस बलिजापल्ली का निवासी था, वॉलीबॉल मैच के दौरान अचानक बेहोश हो गया और उसकी मृत्यु हो गई। दिन में उस समय दुखद मोड़ आया जब साई पुनीत, जो सुबह खो-खो खेल रहे थे, ने सांस लेने में कठिनाई की शिकायत की और कुछ देर के लिए बेहोश हो गए। चेतावनी के संकेत के बावजूद, स्कूल के छात्र ने दोपहर बाद तेलंगाना में वॉलीबॉल मैच में भाग लिया। दुर्भाग्य से, बेचैनी फिर से लौट आई और वह कोर्ट में गिर पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाने का प्रयास किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई।

## सबरीमाला के लिए एससीआर 34 अतिरिक्त विशेष ट्रेनें चलाएगा

हैदराबाद, 8 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सबरीमाला तीर्थयात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए, दक्षिण मध्य रेलवे विभिन्न गंतव्यों के बीच 34 अतिरिक्त सबरीमाला विशेष ट्रेनें चलाएगा। इसके अनुसार, हैदराबाद-कोट्टायम ट्रेन (07065) दोपहर 12 बजे हैदराबाद से रवाना होगी और अगले दिन शाम 4.10 बजे कोट्टायम पहुंचेगी। यात्रा की तिथि 7, 14, 21 और 28 जनवरी है, कोट्टायम-सिकंदराबाद ट्रेन (07066) कोट्टायम से शाम 6.10 बजे रवाना होगी और अगले दिन शाम 11.45 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी। यात्रा की तारीखें 8, 15, 22 और 29 जनवरी हैं। मार्ग में, विशेष ट्रेनें बेगमपेट, लिंगमपल्ली, शंकरपल्ली, विकाराबाद, तंडूर, सेराम, सुलेहल्ली, यादगीर, कृष्णा, रायचूर, मंत्रालयम, अदोनी, गुंतकल, गूटी, येर्रागुंटला, कडप्पा, रजामपेटा, रेनिगुंटा, कटपाडी, जोलारपेट्टई, सलेम, इरोड, तिरुपुर, कोयंबटूर, पलक्कड़, त्रिशूर, अलुवा और एर्नाकुलम टाउन स्टेशन दोनों दिशाओं में रूकेगी। इसी तरह, मौला अली-कोट्टायम ट्रेन (07167) मौलाअली से दोपहर 14.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 6.45 बजे कोट्टायम पहुंचेगी। यात्रा की तारीखें 3, 10, 17, 24 और 31 जनवरी हैं, कोट्टायम-सिकंदराबाद ट्रेन (07168) कोट्टायम से रात 9.45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 1.30 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी। यात्रा की तारीखें जनवरी 4, 11, 18, 25 और 1 फरवरी हैं। ये विशेष ट्रेनें चेरलापल्ली, नालगोंडा, मिर्यालागुडा, नादिकुडे, पिदुगुराल्ला, सत्तेनापल्ली, गुंटूर, तेनाली, चिराला, ओंगोल, नेल्लोर, गुडूर, रेनिगुंटा, काटपाडी, जोलारपेट्टई, सलेम, इरोड, तिरुपुर, कोयंबटूर, पलक्कड़ त्रिशूर, अलुवा, एर्नाकुलम और एट्टुमानूर स्टेशन में रूकेगी। काचीगुडा-कोट्टायम ट्रेन (07169) काचीगुडा से दोपहर 12.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन शाम 18.50 बजे कोट्टायम पहुंचेगी। यात्रा की तारीखें 5, 12, 19, 26 जनवरी हैं, कोट्टायम-काचीगुडा ट्रेन (07170) कोट्टायम से रात 8.50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 1.00 बजे काचीगुडा पहुंचेगी।

यात्रा की तारीखें 6, 13, 20 और 27 जनवरी हैं। ये विशेष ट्रेनें मल्काजगिरी, चेरलापल्ली, नलगोंडा, मिर्यालागुडा, नादिकुडे, पिदुगुराल्ला, सत्तेनपल्ली, गुंटूर, तेनाली, चिराला, ओंगोल, नेल्लोर, गुडूर, रेनिगुंटा, कटपाडी, जोलारपेट्टई, सलेम, इरोड, तिरुप्पुर, कोयंबटूर, पलक्कड़, त्रिशूर, अलुवा, एर्नाकुलम और एट्टुमानूर स्टेशनों पर रुकेंगी। मौला अली- कोल्लम (07171) मौला अली से शाम 6.45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 10.30 बजे कोल्लम पहुंचेगी। यात्रा की तिथि 4, 11, 18 और 25 जनवरी है, कोल्लम-मौला अली (07172) कोल्लम से सुबह 2.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 11 बजे मौला अली पहुंचेगी। यात्रा की तारीखें 6, 13, 20 और 27 जनवरी हैं। ये विशेष ट्रेनें भोंगिर, जनगांव, काजीपेट, वारंगल, केसमुद्रम, महबुबाबाद, दोर्नाकल, खम्मम, विजयवाड़ा, तेनाली, बापटला, चिराला, ओंगोल, नेल्लोर, गुडूर, रेनिगुंटा, काटपाडी, जोलारपेट्टई, सेलम, इरोड, तिरुप्पुर, पोडन्नूर पर रुकेंगी। दोनों दिशाओं में पलक्कड़, त्रिशूर, अलुवा, एर्नाकुलम, एट्टुमानूर, कोट्टायम, चंगनास्सेरी, तिरुवल्ला, चेंगन्नूर और कायमकुलम स्टेशनों पर रूकेगी। विशेष ट्रेनों में फर्स्ट एसी, 2एसी, 3एसी, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच शामिल हैं।









मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी टैंक बंड, हैदराबाद में सार्वजनिक विजय समारोह के हिस्से के रूप में भारतीय वायुसेना का एयर-शो देखते हुए।

## मूर्ति बदलने का सरकार का फैसला गलत : केसीआर

हैदराबाद, 8 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस पार्टी सुप्रीमो कलवकुंतला चंद्रशेखर राव ने तेलंगाना तल्ली की मूर्ति को मूर्खतापूर्ण कदम बताते हुए आज राज्य सरकार से पूछा कि क्या उसे ऐसा करने का इरादा था? उन्होंने विधानसभा सत्र के मद्देनजर सदन में अपनाई जाने वाली रणनीति पर चर्चा करने के लिए रविवार को एर्रावेली स्थित अपने फार्म हाउस में पार्टी विधायकों और एमएलसी के साथ बैठक की। इस अवसर पर बोलते हुए केसीआर ने कांग्रेस सरकार द्वारा तेलंगाना तल्ली की मूर्ति बदलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता



की समस्याओं के समाधान पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बीआरएस विधायकों और एमएलसी को विधानसभा सत्र में उपस्थित रहने के लिए कहा है और उनसे मुद्देवार आधार पर सरकार को घेरने के लिए कहा है। उन्होंने विधायकों और एमएलसी से रैतू बंधु योजना के उद्देश्य और लाभ के बारे में बताने के लिए भी कहा और कहा कि राज्य सरकार सभी मोर्चों पर विफल रही है। उन्होंने गुरुकुलों और शिक्षा क्षेत्र की विफलताओं को उजागर करने का आह्वान किया और कहा कि मूसी नदी और हाइड्रा मुद्दे पर सरकार के रुख को उजागर किया जाना चाहिए। केसीआर ने कहा, विधानसभा सत्र में अनिवार्य शासन के मुद्दे को संबोधित किया जाना चाहिए। कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र के आधार पर विफलताओं को उजागर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि फरवरी के बाद राज्य में पार्टी की सभी समितियां बनाई जाएंगी।

## मई तक रिकॉर्ड 25,000 मेगावाट तक पहुंच जाएगी बिजली क्षमता

हैदराबाद, 8 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। यदि सब कुछ ठीक रहा तो अगले छह महीनों में राज्य की कुल स्थापित बिजली क्षमता 25,000 मेगावाट के रिकॉर्ड को छू लेगी। वर्तमान में, राज्य की कुल स्थापित क्षमता 19,475 मेगावाट है और राज्य सरकार को उम्मीद है कि तेलंगाना राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (टीएसजीईएनसीओ) द्वारा नलगोंडा के दामराचर्ला क्षेत्र में निर्मित की जा रही 5.800 मेगावाट की यदाद्री थर्मल पावर स्टेशन (वाईटीपीएस) परियोजना अगले छह महीनों में पूरी हो जाएगी। नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) रामागुंडम प्लांट ने पहले ही 1,600 मेगावाट की स्थापना पूरी कर ली है और एपी पुनर्गठन अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप 2,400 मेगावाट की अतिरिक्त क्षमता जोड़ने की अनुमति मांगी है- तेलंगाना में 4,000 मेगावाट का प्लांट स्थापित करने के लिए। राज्य को कुल 4,000 मेगावाट बिजली क्षमता का 85 प्रतिशत मिलना तय है। अगले छह महीनों में 5,600 मेगावाट की वृद्धि के साथ, राज्य की कुल स्थापित क्षमता 25,000 मेगावाट तक पहुंच जाएगी।

## पहली साइबर अपराध जागरूकता दौड़ को हरी झंडी दिखाई गई

हैदराबाद, 8 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबर अपराध की डीसीपी श्री बाला देवी ने आज यहां गच्चीबोवली में भारत की पहली साइबर अपराध जागरूकता दौड़-5के और 10के दौड़ को हरी झंडी दिखाई।

फिनरन का आयोजन साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनसे निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। इस कार्यक्रम में एसडी जोएल डेविस, संयुक्त पुलिस आयुक्त, नावेद आलम खान, एससीएससी के सीईओ, डॉ. साजिदा खान, राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता, अनिल बोलिना, एक्ट्रॉन के निदेशक, जयपवन, प्रॉसपेरिटी के प्रबंध निदेशक, कुशलव रेड्डी, वासावी समूह के वरिष्ठ प्रबंधक शामिल हुए। डीफेयर्स कम्युनिकेशंस के सीईओ रमेश ऐथा द्वारा आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम, इंडिया रिटेल इन्वेस्टमेंट एक्सपो की एक पहल है। एक सुरक्षित डिजिटल दुनिया के लिए लड़ने के लिए इस अनूठी दौड़ में सभी उम्र के लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में सार्वजनिक सुरक्षा, कॉर्पोरेट जिम्मेदारी और सामुदायिक विकास के क्षेत्रों से प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया, जिन्होंने आज की परस्पर जुड़ी दुनिया में साइबर सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया।

श्री बाला देवी ने कहा, साइबर अपराधों से बचाव के लिए सार्वजनिक जागरूकता और व्यक्तिगत सतर्कता की महत्वपूर्ण आवश्यकता को संबोधित करना समय की मांग है। इस कार्यक्रम के पीछे दूरदर्शी श्री रमेश ऐथा ने कहा, साइबर खतरों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसके लिए हमें एक समुदाय के रूप में एक सुरक्षित और अधिक सुरक्षित डिजिटल स्थान बनाने के लिए एक साथ आना होगा। यह कार्यक्रम केवल एक दौड़ नहीं है, यह कार्रवाई का आह्वान है। हम चाहते हैं कि व्यक्ति, संगठन और सरकारें साइबर खतरों के खिलाफ एकजुट हों, यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारा डिजिटल भविष्य सुरक्षित है।

फिनरन कार्यक्रम व्यक्तियों और संगठनों को एकजुट करने, साइबर सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने, सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देने और लोगों को साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सशक्त बनाने के लिए आयोजित किया जाता है। प्रतिभागियों को न केवल फिटनेस के लिए बल्कि डिजिटल युग में सभी को प्रभावित करने वाले उद्देश्य के लिए दौड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## भारतीय सशस्त्र बलों के दिग्गजों को सलाम करने के लिए ऑनर रन की जबरदस्त सफलता



हैदराबाद, 8 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रविवार को नेकलेस रोड पर आयोजित ऑनर रन में सभी क्षेत्रों के नागरिकों ने हाथ मिलाकर भारतीय सशस्त्र बलों के दिग्गजों को श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में तीन श्रेणियां शामिल थीं (4 किमी, 5 किमी और 12.5 किमी) जो धीरज और एकता का प्रतीक थीं, जिसमें 1200 से अधिक धावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दिग्गजों ने प्रतिभागियों के साथ दौड़ लगाई, सशस्त्र बलों में अपने जीवन की यात्रा की प्रेरक कहानियां साझा कीं, जिससे सौहार्द और सम्मान की भावना पैदा हुई। कार्यक्रम का समापन उनके बलिदान और समर्पण का सम्मान करने के लिए एक भावपूर्ण समारोह के साथ हुआ। आयोजकों ने भारी समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया, जिसने सशस्त्र बलों के लिए सामूहिक सम्मान को रेखांकित किया। मेजर जनरल अखिलेश कुमार, सेना मेडल, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, बाइसन डिवीजन ने कहा, आज, हमने न केवल एक दौड़ का जश्न मनाया, बल्कि सेवा और बलिदान की विरासत का जश्न मनाया।

## सूर्य किरण टीम ने पूर्व लड़ाकू पायलट और मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी से मुलाकात की



हैदराबाद, 8 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। यह देशभक्ति और सौहार्द से भरी मुलाकात थी, जब ग्रुप कैप्टन अजय दसरथी और भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण एरोबैटिक टीम के बेहतरीन लड़ाकू पायलटों ने तेलंगाना के सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी से मुलाकात की। इस अवसर पर एविएटर्स की कई पीढ़ियां एक साथ आईं, जिन्होंने देश की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वालों की अदम्य भावना को प्रदर्शित किया। उत्तम कुमार रेड्डी पूर्व लड़ाकू पायलट हैं। उनके लिए यह यात्रा उनकी वायु सेना की जड़ों से एक हार्दिक पुनर्मिलन थी। अपने कार्यकाल के दौरान उन्नत मिग-21 और मिग-23 लड़ाकू विमान उड़ा चुके उत्तम कुमार रेड्डी ने पाकिस्तान और चीन के साथ संवेदनशील सीमाओं पर भारत के आसमान की सुरक्षा में कई साल बिताए। अपनी सेवा के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, वे मेरे जीवन के सबसे संतुष्टिदायक वर्ष थे। भारतीय वायुसेना में सेवा करना, अग्रिम एयरबेसों से उड़ान भरना और हमारे देश की सुरक्षा में योगदान देना मेरे लिए सम्मान और कर्तव्य दोनों था, जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा। सूर्य किरण एरोबैटिक टीम, जिसे अक्सर भारतीय वायुसेना के राजदूत के रूप में जाना जाता है, अपने लुभावने हवाई प्रदर्शनों के लिए विश्व स्तर पर जानी जाती है। उनकी यात्रा उत्तम कुमार रेड्डी की शानदार सेवा के लिए एक श्रद्धांजलि और साहस, सटीकता और अटूट देशभक्ति के साझा लोकाचार का उत्सव थी। वायु सेना की प्रशंसा करते हुए उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा, भारतीय वायु सेना हमारी सीमाओं की रक्षा करते हुए और हर चुनौती का सामना करते हुए बेजोड़ कौशल और बहादुरी का प्रदर्शन करती रहती है। उनकी प्रतिबद्धता हर भारतीय नागरिक में बहुत गर्व की भावना पैदा करती है। यह बैठक हैदराबाद के टैंक बंड में सूर्य किरण टीम द्वारा एक शानदार एयर शो के साथ हजारों लोगों को मंत्रमुग्ध करने से कुछ घंटे पहले हुई थी। तेलंगाना में कांग्रेस सरकार की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित 'प्रजा पालना विजयोत्सवलु' का हवाई नजारा मुख्य आकर्षण था। जैसे ही रंग-बिरंगे जेट विमानों ने सटीक फॉर्मेशन के साथ आसमान को रंग दिया, दर्शकों को सशस्त्र बलों और उनके द्वारा संरक्षित लोगों के बीच गहरे बंधन की याद दिला दी गई। उत्तम कुमार रेड्डी, जिन्होंने 2019 से 2023 तक रक्षा पर संसदीय समिति में भी काम किया, ने रक्षा कर्मियों के कल्याण को प्राथमिकता देने की जोरदार वकालत की। उन्होंने कहा, हमारे सैनिक, सक्रिय और सेवानिवृत्त दोनों, और उनके परिवार राष्ट्र के लिए बहुत बड़ा बलिदान देते हैं। यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है कि उन्हें सम्मान, उचित सुविधाएं और समर्थन मिले। उन्होंने आश्वासन दिया कि तेलंगाना में कांग्रेस सरकार इन बहादुर व्यक्तियों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। भविष्य की ओर देखते हुए, उत्तम कुमार रेड्डी ने युवा भारतीयों से वायु सेना और सूर्य किरण टीम जैसी इसकी पहलों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा, हमें भावी पीढ़ियों को देशभक्ति और वीरता की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए तैयार करना चाहिए। बैठक के दौरान, सूर्य किरण पायलटों ने वायु सेना के गतिशील संचालन के बारे में जानकारी साझा की और आज के जटिल वैश्विक सुरक्षा माहौल में सशस्त्र बलों की उभरती भूमिका पर चर्चा की। इस संवाद ने उन लोगों के बीच बंधन को और मजबूत किया जिन्होंने सेवा की है और जो सेवा करना जारी रखेंगे।



मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने राज्य सरकार के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर अपने जुबली हिल्स निवास पर "तेलंगाना" मासिक पत्रिका के विशेष संस्करण का अनावरण किया।

स्वतंत्र वार्ता

सोमवार, 9 दिसंबर- 2024

# टीम इंडिया ने नाक कटाई

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड टेस्ट मैच के तीसरे दिन भारतीय टीम ने हथियार डाल दिए। नतीजतन, इंडिया को 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा। मैच के तीसरे दिन भारत ने ऑस्ट्रेलिया के सामने सिर्फ 19 रनों का लक्ष्य दिया, जिसे मेजबान आस्ट्रेलिया ने सिर्फ 3.2 ओवर में ही हासिल कर लिया। खेल का बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का। एडीलेड में चल रहे दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को जिस तरह से 10 विकेट से हराया है उससे भारतीय प्रशंसकों में बेहद गुस्सा है। ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है। इस मैच में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के सामने हर विभाग में लडखडाती दिखी। चाहे वह कप्तानी हो या फिर बल्लेबाजी। ऐसी लापरवाही भरे खेल से जाहिर है हार तय था, आखिर में वही हुआ भी। कंगारू टीम के खिलाफ इस मैच में टीम इंडिया के लिए कप्तानी कर रहे रोहित शर्मा पूरी तरह से फेल रहे। कप्तानी में कही से भी रोहित शर्मा आक्रामक नहीं दिखे जिसकी वजह से मेजबान टीम पूरी तरह से भारतीय टीम पर हावी हो गई। पिंक बॉल टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया का रिकॉर्ड वैसे भी कभी अच्छा नहीं रहा है। इसलिए भारतीय बल्लेबाजों को ये अच्छे से पता था कि एडिलेड में संभल कर खेलना होगा, इसके बावजूद वे ताबडतोड बल्लेबाजी के चक्कर में एक के बाद एक विकेट गंवाते चले गए। लापरवाही भरी बल्लेबाजी का ही नतीजा रहा कि टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 10 विकेट से हार मिली है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में कहीं ना कहीं टीम के चुनाव में भी चूक हुई है। एडिलेड की पिच पर पिंक बॉल से प्रसिद्ध कृष्णा जैसे तेज गेंदबाज कारगर हो सकते थे, लेकिन उन्हें मौका नहीं दिया गया। उनकी जगह हर्षित राणा को प्लेइंग इलेवन में जगह दी गई, जो पूरी तरह से असफल रहे। एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में टीम इंडिया के लिए कोई भी खिलाड़ी जिम्मेदारी के साथ क्रीज पर खड़ा नहीं दिखाई दिया। सब तू चल मैं आया की तर्ज पर एक के बाद एक पैवेलियन लौटते रहे। नतीजतन, किसी भी खिलाड़ी के बीच बल्लेबाजी में मजबूत पार्टनशिप नहीं बन पाई। अंत में टीम इंडिया को एडिलेड में करारी शिकस्त का सामना करना पडा है। एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्पिन गेंदबाजों की भूमिका पूरी तरह से बेअसर रही। अश्विन दोनों पारियों में टीम इंडिया के लिए कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए। ऐसे कही ना कही टीम इंडिया को उनके प्लेइंग इलेवन में रहने से नुकसान उठाना पड़ा है। टीम के प्रदर्शन से स्पष्ट झलक रहा है कि लगभग सभी टीम अपने को कंफर्ट जोन में समझ कर खेल रहे हैं। कहीं भी खेल के प्रति जुझारूपन नहीं दिखाई दिया। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए लापरवाही खिलाडियों के पर कतरना भी जरूरी हो गया है।


# राजा का जोक जनता का शोक



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

एक दिन नगर के सबसे बड़े नेता, श्रीमान चमनलाल जी, अपने महल के आलीशान बगीचे में बैठे थे। उनके पास उनकी वफादार चाय की चुस्कियाँ और कुछ महंगे कागजों पर लिखे हुए जुमले थे। उनका मन हमेशा भटकता रहता था, सोचते रहते थे कि कैसे जनता को और बेवकूफ बनाया जाए। तभी उनके पास उनका निजी सलाहकार – मिस्टर टी.के. (ट्रेंडिंग किचन) आ पहुँचे। यह सलाहकार राजनीति की गहरी समझ रखता था, बस उसे थोड़ी सी किचन की भी जानकारी थी, ताकि चाय में कितनी चीनी डालना है, यह पता चल सके। टी.के. ने आने की वजह बताई, "सर, आपको जनता के बीच लोकप्रिय बनने के लिए एक नया तरीका ढूंढ़ना होगा।" चमनलाल जी ने तुरंत चाय का प्याला उठाया और बोले, "ठीक है, लेकिन तेरे जैसे सलाहकार से उम्मीद क्या! तू क्या जनता के बीच मेरी लोकप्रियता बढ़ाएगा? जो सब चाय वाले तुम्हारे जैसे हैं, उन्हे जनता समझने लगेगी तो ये सब गड़बड़ हो जाएगी।" टी.के. ने फिर धीरे से कहा, "सर, आप चाय में शक्कर बढ़ाकर भी जनता की मनोस्थिति बदल सकते हैं, बस थोड़ा सा ध्यान रखना होगा।" चमनलाल जी ने चश्मा ठीक किया और कहा, "क्या बात कर रहा है, तू? शक्कर नहीं, थोड़ी नमक डाल, तभी जनता खुश रहेगी। सबको स्वाद चाहिए, वो भी नया, जैसा तेरे चाय के प्याले में!" इतना कहकर वह ध्यान से कागज पर कुछ लिखने लगे। टी.के. बेचैन होने लगा। फिर उसने तड़पते हुए कहा, "सर, आपकी शाही राजनीति में अब जनता को नये विकास की बातें चाहिए।" चमनलाल जी हँसते हुए बोले, "अरे भाई! विकास के नाम पर तो हमने बहुत शोर मचा रखा है। अब किसी को विकास का मतलब पूछे तो क्या कहेंगे? हम तो कहेंगे – विकास वही है जो दिखता है, वो बिना खड़खड़ाए चलता है, बिना टैक्स बढ़ाए बढ़ता है।" टी.के. चकराया, फिर समझाया, "वहां से लेकर यहाँ तक की राजनीति अब पूरी तरह से रचनात्मक होनी चाहिए। हमें जनता को फोकस ग्रुप में बांटना होगा और उन सभी को छोटे-मोटे मुद्दों पर ताने देना होगा।" अब चमनलाल जी का चेहरा गंभीर हो गया। उन्होंने टी.के. को घूरते हुए कहा, "तू सही कहता है, लेकिन तेरी बातें अगर बाहर गईं तो ये जो 'विकास' की बातें हैं, वो भी एक दिन पुराने हो जाएंगी। राजनीति में लोग हड्डी की तरह होते हैं, जैसे ही एक जरा सा हिस्सा तंग हो, तो उसे खोदकर निकाल लिया जाता है।" टी.के. ने आश्चर्य से पूछा, "क्या? आप ऐसा सोचते हैं?" चमनलाल जी हँसते हुए बोले, "क्या करूँ, ऐसे ही चलेगा! देख, सबसे ज्यादा अगर कुछ काम आता है तो वो है झूठ। बस ध्यान रखना कि झूठ इतना मीठा हो कि लोग खा लें और ऊबें भी न। ठीक है न?" टी.के. ने मुंह खोला, लेकिन कुछ कह नहीं पाया। तभी चमनलाल जी ने आगे कहा, "तू क्या समझेगा, राजनीति एक कला है। सबसे पहले जनता को छोटे-मोटे सुख दिए जाते हैं, जैसे सस्ता चावल, लाइट, पानी – ये सब चॉकलेटी बातें होती हैं। फिर जनता को भरोसा दिलाते हैं कि वे जो कहते हैं, वही सच है। वही तुम्हारे जीने का तरीका बन जाएगा। क्या करोगे अब? अपने विकास की नीतियों का बड़ा हल्ला मचाओ!" टी.के. को समझ आ गया कि चमनलाल जी का यह सारा मामला जनता को भ्रमित करने और उन्हें उलझाने का है। उसने माथे पर हाथ रखा और फिर पूछा, "सर, विकास के ऐसे रास्ते तो जनता के दिल तक नहीं पहुंचते, फिर उनका क्या होगा?"चमनलाल जी हँसते हुए बोले, "जनता से जुड़ा एक बेहद जरूरी सूत्र है। अगर हमें उनकी धारणा बदलनी है, तो एक दिन अचानक आकर एक नया घोषणापत्र जारी कर दो, और जनता को बताओ – अब यह विकास वाली गलती हमने अपने तरीके से सुधार ली है।

# बढ़ती जा रही है इंडिया गठबंधन में दरार



अशोक भाटिया

भाजपा का मुकाबला करने के लिए बने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में दरार बढ़ती ही जा रही है। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी से सपा के अलग होने और पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी के गठबंधन के कामकाज से असंतुष्ट होने से साफ है कि गठबंधन का भविष्य सवालों में है। विपक्षी गठबंधन में सबसे ज्यादा मतभेद कांग्रेस की स्थिति को लेकर है। गठबंधन अब भाजपा को छोड़कर आपस में ही उलझता नजर आ रहा है। विपक्षी गठबंधन का गठन जून 2023 में लोकसभा चुनाव से पहले 'भाजपा हटाओ, देश बचाओ' के नारे के साथ किया गया था। हरियाणा और महाराष्ट्र में मिली करारी हार के बाद इंडिया गठबंधन बिखर सा गया है, बड़ी बात यह है इंडिया गठबंधन के ही कई नेता कांग्रेस को चुनौती देने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस के लोकसभा चुनाव प्रदर्शन के बाद जो हैसियत बढ़ गई थी, एक बार फिर वो पतन की ओर दिखाई दे रही है।दैनिक नवभारत टाइम्स के अनुसार सपा की महाविकास अघाड़ी में यह फूट हिंदुत्व के मुद्दे पर पड़ी है । टीएमसी ने तो उसके नेतृत्व पर ही सवाल उठाने शुरू कर दिए है। तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल के सभी 6 विधानसभा उपचुनावों में जीत हासिल की है वहीं महाराष्ट्र में कांग्रेस की हार को लेकर इंडिया अलायंस के नेतृत्व परिवर्तन की मांग भी उठा दी है। पार्टी के सीनियर लीडर और सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा है कि कांग्रेस को अहंकार अपना किनारे रखना चाहिए और ममता बनर्जी को इंडिया ब्लॉक का लीडर घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि गठबंधन को एक मजबूत और निर्णायक नेतृत्व की जरूरत है। टीएमसी सांसद ने दावा किया कि ममता बनर्जी के पास मजबूत नेतृत्व है। साथ ही, उनके जमीनी स्तर से जुड़ाव ने उन्हें विपक्षी गठबंधन के लिए सबसे कारगर व्यक्ति बना दिया है। रक्तदान शिविर में बोलते हुए कल्याण बनर्जी ने कहा, 'कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को हाल के चुनावों में मिली विफलता को स्वीकार करना होगा। अब व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं पर एकता को प्राथमिकता देने की जरूरत है। उन्हें अपना अहंकार छोड़ देना चाहिए और ममता बनर्जी को इंडिया गुट के नेता के रूप में स्वीकार करना होगा।'तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने मुख्यमंत्री ममता के भाजपा से लड़ने के ट्रैक रिकॉर्ड का जिक्र किया। उन्होंने ममता बनर्जी को सिद्ध नेता बताते हुए कहा, 'वह पूरे देश में एक लड़ाकू के रूप में पहचानी जाती हैं। उनका नेतृत्व और जनता से जुड़ने की क्षमता उन्हें आदर्श चेहरा बनाती है। इसलिए एकजुट और व्यावहारिक दृष्टिकोण के बिना विपक्ष के प्रयास लड़खड़ाते रहेंगे।' दरअसल ममता बनर्जी की छवि एक आंदोलनकारी के रूप में भी देखने को मिली है, जब पश्चिम बंगाल में लेफ्ट की सरकार थी, जब कई सालों तक टीएमसी को संघर्ष करना पड़ा था, तब ममता बनर्जी का अलग ही सियासी रूप सामने आया था। पैरों में चप्पल पहनकर उन्होंने कई किलोमीटर का आंदोलन किया था। सिंगूर में उन्होंने जनता के लिए जिस तरह से लेफ्ट सरकार से टक्कर ली थी, उसने उनकी सियासी पहचान हमेशा के लिए बदल दी थी। उस एक आंदोलन ने बता दिया था कि ममता बनर्जी जमीन से जुड़ी नेता हैं, उनकी भी कॉमन मैन वाली छवि है। उनका यह अंदाज राष्ट्रीय स्तर पर पीएम मोदी के सियासी कद को चुनौती दे सकता है। जब भी राहुल गांधी से ममता बनर्जी की तुलना की जाती है, अनुभव के मामले में नेता प्रतिपक्ष हमेशा पीछे छूटते हैं। जिस नेता को लगातार तीन बार सरकार बनाने का मौका मिला, जिसने पिछले 15 सालों से किसी राज्य की कमान संभाल रखी हो, उसका अनुभव सियासी तौर पर अप्रत्याशित होता है, प्रशस्तिक जिम्मेदारी निभाने में भी वो काफी निपुण माना जाता है। ऐसे में यह सियासी अनुभव भी ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन के लिए मुफीद बना सकता है। शुक्रवार को एक समाचार चैनल से बात करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने गठबंधन के नेतृत्व और समन्वय को लेकर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मैंने इंडिया ब्लॉक का गठन किया था, अब इसका प्रबंधन करना उन लोगों पर निर्भर है जो इसका नेतृत्व कर रहे हैं। अगर वे इसे नहीं चला सकते, तो मैं क्या कर सकती हूं? मैं बस यही कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलने की जरूरत है। विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेतृत्व करने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हालिया टिप्पणी को लेकर गठबंधन के सहयोगियों की ओर समर्थन की किया गया है। पहले समाजवादी पार्टी और अब शरद पवार। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान पर शरद पवार ने कहा कि हां, निश्चित रूप से (वह गठबंधन का नेतृत्व करने में सक्षम हैं), वह इस देश की एक प्रमुख नेता हैं। उनमें वह क्षमता है। संसद में उनके द्वारा चुने गए नेता जिम्मेदार, कर्तव्यनिष्ठ और जागरूक लोग हैं। इसलिए उन्हें ऐसा कहने का अधिकार है। ममता के बयान पर कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। बंगाल कांग्रेस के प्रवक्ता सौम्य राय आइच ने कहा कि कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियां पूरे भारत में भाजपा के खिलाफ लड़ रही हैं, जबकि ममता का भाजपा विरोध सीजनल पालिटिक्स की तरह है। वह कभी इंडिया गठबंधन में हैं तो कभी नहीं। उनकी पार्टी संसद में अदाणी के खिलाफ कुछ नहीं बोल रही।ममता भाजपा के खिलाफ चुप रहेंगी और गठबंधन का नेतृत्व भी करना चाहेंगी, ये दोनों चीजें एक साथ नहीं हो सकतीं।वहीं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि 80 से ज्यादा बार रिलांच होने के बावजूद राहुल व प्रियंका गांधी वाड्रा को अगर उनके गठबंधन के नेता ही गंभीरता से नहीं लेते तो देश की जनता कैसे लेगी? जो लोग एक-दूसरे की राजनीतिक जमीन कमजोर करने में लगे हैं, वे जनता की सेवा नहीं कर सकते। पीएम मोदी हमेशा यही कहते रहे हैं कि यह गठबंधन अहंकारी है, जिसमें लोग एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हैं। चुनाव के बाद गठबंधन टूट जाता है और इसके सदस्य आपस में ही लड़ने लगते हैं। महाराष्ट्र में वैसे ही चुनाव पूर्व से महाविकास अघाड़ी के साथ समाजवादी पार्टी की पटरी मेल नहीं खा रही थी ।अब समाजवादी पार्टी ने महाविकास अघाड़ी से अलग होने की घोषणा की है। पार्टी के महाराष्ट्र अध्यक्ष अबू आजमी ने कहा कि चुनाव में कांग्रेस ने टिकट बंटवारे पर हमसे कोई बात नहीं की। किसी तरह का कोई कॉर्डिनेशन नहीं रहा। ऐसे में गठबंधन में रहने का क्या मतलब है। महाविकास अघाड़ी ने EVM के मुद्दे पर विधानसभा में सदस्यता की शपथ लेने से मना कर दिया था। शिवसेना उद्धव गुट के आदित्य ठाकरे ने इसकी घोषणा की थी, लेकिन समाजवादी पार्टी के दोनों विधायकों अबू आजमी और रईस शेख ने शपथ ली है।

संभल के मुद्दे पर भी समाजवादी पार्टी और कांग्रेस में अनबन जारी है। उत्तर प्रदेश में दोनों पार्टियों का गठबंधन है, लेकिन संभल को लेकर दोनों में किसी तरह का कोई तालमेल नहीं है। संसद में जब इस पर बहस हुई तब कांग्रेस के सांसद बाहर प्रदर्शन कर रहे थे।समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संभल में हुई हिंसा के मामले को लोकसभा में जोर शोर से उठाया। मामला मुस्लिम वोट का है। इसीलिए राहुल गांधी और प्रियंका गांधी अगले ही दिन संभल के लिए रवाना हो गए।

उत्तर प्रदेश पुलिस ने दोनों नेताओं को गाजीपुर बॉर्डर पर रोक दिया। इस पर समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव ने कहा कि राहुल गांधी विरोध के नाम पर औपचारिकता कर रहे थे, उन्हें यह मुद्दा संसद में उठाना चाहिए था। स्पष्ट है संसद के अंदर और बाहर भी समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के रिश्तों में दरार नज़र आने लगी है। समाजवादी पार्टी के सांसद संभल पर बहस चाहते थे, लेकिन राहुल गांधी और उनकी पार्टी का फोकस दूसरे मुद्दों पर था।हालांकि इस मुद्दे पर ममता बनर्जी भी अखिलेश यादव के साथ हैं। दोनों के बीच अच्छे रिश्ते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में तो अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की भदोही सीट तृणमूल कांग्रेस के लिए छोड़ दी थी, जबकि सब जानते हैं कि यूपी में ममता की पार्टी का कोई जनाधार नहीं है। वैसे कुछ जानकार तो यहां तक मानते हैं कि ममता बनर्जी जो इस समय इंडिया गठबंधन को लीड करने की बात कर रही हैं, उनकी असल रणनीति तो पूरे विपक्ष अलग होने की है। उन्हें भी शायद इस बात का एहसास है कि कांग्रेस उनके नेतृत्व को स्वीकार नहीं करेगी, इस तरह से नाराजगी वाला कारण बताकर इंडिया गठबंधन से खुद को अलग कर सकती हैं और नए सिरे से अपनी राजनीति शुरू कर सकती हैं।

# महंगाई डायन काबू से बाहर !



मनोज कुमार अग्रवाल

देश में खुदरा वस्तुओं के कीमत में पिछले तिमाही में काफी इजाफा हुआ है। सरकार के कीमत नियंत्रण के तमाम उपाय धरे रह जाते है लेकिन महंगाई थमने का नाम नहीं लेती। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की कोशिश है कि खुदरा महंगाई को चार फीसद से नीचे लाकर स्थिर किया जा सके, मगर तमाम कोशिशों के बावजूद इस पर काबू पाना कठिन बना हुआ है। महंगाई के रुख को देखते हुए ही एक बार फिर से रिजर्व बैंक रेपो दर में बदलाव नहीं किया है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की ताजा घोषणा में रेपो रेट को लगातार 11वीं बार 6.50 प्रतिशत पर स्थिर रखने का निर्णय लिया गया है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थितियां चुनौतीपूर्ण बनी हुई हैं। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस फैसले को प्राइस स्टेबिलिटी और आर्थिक विकास के बीच संतुलन बनाए रखने की प्रतिबद्धता बताया है। रेपो रेट को स्थिर रखने और कैश रिजर्व रेश्यो (सीआरआर) में कटौती जैसे कदम यह दशति हैं कि आरबीआई मुद्रास्फीती को नियंत्रित रखते हुए आर्थिक विकास को गति देने की रणनीति पर काम कर रहा है। दरअसल सरकार ने आरबीआई को खुदरा महंगाई 2 फीसदी के घट-बढ़ के साथ 4 फीसदी पर रखने का जिम्मा दे रखा है। आरबीआई के लिए चिंता की सबसे बड़ी बात खाद्य मुद्रास्फीति है, जो पिछले कई महीनों से नीचे आने का नाम नहीं ले रही है। यही वजह है कि आरबीआई ने ब्याज दरों में कटौती से अभी के लिए परहेज किया। अक्टूबर में खुदरा महंगाई 6.21 फीसदी पहुंच गई यानी आरबीआई की सहनशक्ति के बाहर है। वर्तमान में महंगाई दर को संतुलित बनाए रखना आरबीआई की प्राथमिकता है। एमपीसी ने अनुमान लगाया है कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में महंगाई दर 5.7 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.5 प्रतिशत रहेगी। ऐसे में रेपो रेट को स्थिर रखने से महंगाई के दवाव को कम करने में मदद मिल सकती है। वैश्विक अनिश्चितताओं और आपूर्ति श्रृंखला के व्यवधानों के बीच आर्थिक स्थिरता बनाए रखना आवश्यक है। रेपो रेट स्थिर रहने से बाजार में अनावश्यक अस्थिरता नहीं आएगी। आरबीआई गवर्नर ने यह भी कहा कि प्राइस स्टेबिलिटी क्रय शक्ति को प्रभावित करती है। रेपो रेट में बदलाव न करके आरबीआई यह सुनिश्चित कर रहा है कि उपभोक्ताओं और व्यवसायों को वित्तीय स्थिरता का लाभ मिले। सीआरआर (कैश रिजर्व रेश्यो) वह प्रतिशत है, जो बैंकों को अपनी कुल जमा का एक हिस्सा आरबीआई के पास रिजर्व के रूप में रखना होता है। इस बार आरबीआई ने सीआरआर में 50 बेसिस प्वाइंट की कटौती कर इसे 4 प्रतिशत कर दिया है। सीआरआर में कटौती से बैंकों के पास अतिरिक्त नकदी उपलब्ध होगी, जिससे वे अधिक ऋण प्रदान कर सकेंगे। लिक्विडिटी बढ़ने से बैंकों को उपभोक्ताओं और व्यवसायों को कर्ज देने में आसानी होगी, जिससे आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा। छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) को कर्ज सुलभ होगा, जो रोजगार सृजन और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। आरबीआई की अन्य घोषणाओं में स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी (एसडीएफ) को 6.25 प्रतिशत पर स्थिर रखना और बैंक रेट व मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एमएसएफ) को 6.75 प्रतिशत पर बनाए रखना शामिल है। ये घोषणाएं मौद्रिक नीति की स्थिरता और विकास के प्रति आरबीआई की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। चालू वित्त वर्ष में महंगाई दर 5 प्रतिशत से नीचे रहने की संभावना है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए यह लिए यह अनुमान 4 प्रतिशत के करीब रखा गया है। यह दिखाता है कि आरबीआई का लक्ष्य है कि मुद्रास्फीति नियंत्रण में रहे और आम जनता पर इसका दबाव कम हो। आरबीआई गवर्नर ने कहा है कि सस्टेनेबल प्राइस स्टेबिलिटी आर्थिक विकास की नींव को मजबूत कर सकती है। यह दृष्टिकोण दीर्घकालिक विकास के लिए आवश्यक है। आरबीआई की मौद्रिक नीति वर्तमान में 'स्थिरता और संतुलन' की ओर उन्मुख है। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव, तेल की कीमतों में अस्थिरता, और मुद्रा बाजार की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, आरबीआई अपनी नीतियों को संतुलित कर रहा है। रेपो रेट स्थिर रखने और सीआरआर में कटौती जैसे कदम अल्पकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्यों के बीच संतुलन बनाते हैं। रेपो रेट स्थिर रहने से होम लोन और अन्य ऋणों की ईएमआई पर कोई अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा, जो उपभोक्ताओं के लिए राहत की बात है। सीआरआर में कटौती से बैंकों को अधिक लिक्विडिटी मिलेगी, जिससे लोन सुलभता में वृद्धि होगी। छोटे और मध्यम उद्यम (एसएमई) को कर्ज मिलने में आसानी होगी, जिससे रोजगार सृजन और आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। देखा जाए तो आरबीआई की मौद्रिक नीति ने स्थिरता बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं, लेकिन कुछ चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं, जैसे, अमेरिका और यूरोपीय देशों में आर्थिक मंदी की संभावना, वैश्विक तेल कीमतों में उतार-चढ़ाव, और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकते हैं। प्राइस स्टेबिलिटी बनाए रखना आसान नहीं होगा, खासकर जब खाद्य और ऊर्जा की कीमतें अस्थिर हों। निजी क्षेत्र के निवेश में वृद्धि के लिए नीतिगत स्थिरता के साथ- साथ संरचनात्मक सुधारों की भी आवश्यकता होगी। दूसरी बात है कि सितंबर 2024 में समाप्त तिमाही के लिए जीडीपी विकास दर 5.4 प्रतिशत रही। इसने काफी निराश किया। इस गिरावट ने व्याज दरों में कटौती की मांग को और चल दिया है। हालांकि, जल्द ही स्थिति में सुधार होने की संभावना है। एचएसबपीसी रिसर्च रिपोर्ट की 100- संकेत कों के अध्ययन से पता चलता है कि S5 प्रतिशत अर्थव्यवस्था सकारात्मक गति से बढ़ रही है। भारत की विकास दर अब अधिक स्थायी लेकिन मजबूत स्तर पर सामान्य हो रही है।

# ड्रग्स के लिए युवाओं में बढ़ती तलब



डॉ. सत्यवान सौरभ

ड्रग के दुरुपयोग से कई तरह की शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें लीवर की बीमारी (शराब से) , संक्रामक रोग (इंजेक्शन ड्रग के इस्तेमाल में सुइयों को साझा करने के कारण) और ओवरडोज़ से होने वाली मौतें शामिल हैं। साथ ही, मादक द्रव्यों के सेवन का मानसिक स्वास्थ्य विकारों जैसे अवसाद और चिंता से गहरा सम्बंध है। यह मौजूदा मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकता है या नए लोगों के विकास को जन्म दे सकता है। ड्रग के दुरुपयोग से परिवार टूट सकते हैं, संघर्ष बढ़ सकते हैं और परिवारों के भीतर भावनात्मक आघात हो सकता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग से प्रभावित परिवारों में बच्चों को उपेक्षा, दुर्व्यवहार और शिक्षा में बाधा का सामना करना पड़ सकता है, जिससे उनकी समग्र भलाई प्रभावित होती है। नशीली दवाओं की लत से जूझ रहे व्यक्तियों को अक्सर सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है, जो उनके ठीक होने और समाज में फिर से शामिल होने में बाधा बन सकता है। परिवार के किसी सदस्य की लत को सहने की लागत और उससे जुड़े चिकित्सा व्यय के कारण परिवारों को अक्सर वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अधिकांश नशीली दवाओं के उपयोगकर्ता 18-35 वर्ष की उत्पादक आयु वर्ग में होते हैं, नशीली दवाओं की लत के कारण कार्यस्थल पर अनुपस्थिति और उत्पादकता में कमी आ सकती है। हिंसा और अपराध में वृद्धि नशीली दवाओं के दुरुपयोग का प्रत्यक्ष प्रभाव है। नशे के आदी लोग अपनी दवाओं के भुगतान के लिए अपराध का सहारा लेते हैं। नशीली दवाएँ संकोच को दूर करती हैं और निर्णय लेने की क्षमता को कम करती हैं, जिससे व्यक्ति अपराध करने के लिए प्रेरित होता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के साथ छेड़छाड़, समूह संघर्ष, हमला और आवेगपूर्ण हत्याओं की घटनाएँ बढ़ जाती हैं। आम आबादी, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के जोखिमों और इसके परिणामों के बारे में सीमित जागरूकता है। इसके अलावा, स्कूलों और समुदायों में लोगों, विशेष रूप से युवा व्यक्तियों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में सूचित करने के लिए शैक्षिक कार्यक्रम अपर्याप्त हैं। मादक द्रव्यों के सेवन के विकार वाले व्यक्तियों को कलंकित करने से वे सहायता और समर्थन प्राप्त करने से हतोत्साहित हो सकते हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं और समाज में बड़े पैमाने पर भेदभाव उपचार और पुनर्वास सेवाओं तक पहुँच में बाधा उत्पन्न कर सकता है। नशीली दवाओं की लत के उपचार सुविधाओं और योग्य स्वास्थ्य पेशेवरों की भारी कमी है। भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रचलन और पैटर्न पर सीमित शोध है, जो साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और कार्यक्रम विकास में बाधा डालता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग की छिपी और कलंकित प्रकृति के कारण सटीक डेटा एकत्र करने में भी चुनौतियाँ हैं। प्रमुख अफीम उत्पादक क्षेत्रों के करीब भारत की भौगोलिक स्थिति इन दवाओं की आसान उपलब्धता की ओर ले जाती है। इसके अलावा, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अनुसार, अवैध नशीली दवाओं के व्यापार के लिए 'डार्क नेट' और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग करने का चलन बढ़ रहा है। भारत में नए साइकोएक्टिव पदार्थों की खपत बढ़ रही है और ये पदार्थ अक्सर मौजूदा दवा नियंत्रण नियमों के दायरे से बाहर हो जाते हैं, जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए उन्हें प्रभावी ढंग से मॉनिटर और विनियमित करना चुनौती बन जाता है। व्यापक विधायी नीति तीन केंद्रीय अधिनियमों में निहित है, अर्थात औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940, स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 और स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1988 में अवैध तस्करी की रोकथाम। यह भारत में नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन के लिए नोडल एजेंसी है। इसकी स्थापना 1986 में देश भर में नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन प्रयासों के समन्वय के लिए की गई थी। नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन में हितधारकों की बहुलता ने वास्तविक समय के आधार पर विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को आवश्यक बना दिया है। गृह मंत्रालय ने जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक देश भर के हितधारकों के बीच समन्वय बढ़ाने और नशीली दवाओं के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए चार-स्तरीय समन्वय तंत्र का गठन किया है। शीर्ष एनसीओआरडी, कार्यकारी एनसीओआरडी, राज्य एनसीओआरडी और ज़िला कॉर्ड तंत्र के चार स्तंभ हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई) नशे की लत के लिए एकीकृत पुनर्वास केंद्रों (आईआरसीए) के रखरखाव के लिए गैर सरकारी संगठनों और स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

# मौसम में बदलाव और खाद्य मुद्रास्फिति से कैसे निपटें

अरुण श्रीवास्तव

रबी (सर्दी-बसंत) की फसलें, खासतौर पर गेहूं, हाल के समय में मार्च में पारे के उछाल के प्रति संवेदनशील रहती हैं। विशेष रुप से जब वे अंतिम फसल तैयारी और भराई के चरण में होती हैं। पिछले दो वर्षों में देखा गया है कि जब इन फसलों के बीज बोने के समय अक्टूबर और नवंबर में तापमान औसत से काफी ऊपर रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार इस अक्टूबर में देशभर में औसत न्यूनतम और औसत तापमान अब तक का सबसे उच्चतम रहा है। नवंबर को भी, अधिकतम और औसत तापमान क्रमशः दूसरे और तीसरे उच्चतम स्तर पर दर्ज किए गए। इसका समग्र रबी बुवाई पर प्रभाव पड़ा है। बता दें कि रबी की बुवाई मध्य नवंबर तक पीछे रही। हालांकि इसके बाद सर्दी के अंत में सुधार हुआ है। लेकिन इसके कारण सरसों या आलू की मदद हो जाएगी संभव नहीं दिखता। सरसों और आलू की बुवाई की नवंबर के पहले पखवाड़े में समाप्त हो जाती है। रबी फसलों के उत्पादन पर चिंता करना लाजिमी है। जिन्हें उचित अंकुरण और वानस्पतिक विकास के लिए अपेक्षाकृत कम तापमान की आवश्यकता होती है। जबकि देरी से बुवाई के कारण गेहूं और अधिकांश अन्य फसलों (पहले उल्लिखित आलू व सरसों को छोड़कर) में पैदावार प्रभावित नहीं होनी चाहिए। एक विस्तारित सर्दियों पर सशर्त और समय से पहले पकने के कारण मार्च के आइडस हीटवेव नहीं होनी चाहिए। यहां आशा —ला नीना— से है, जिसके अधिकांश वैश्विक मौसम मॉडल जनवरी-मार्च तक जारी रहने के लिए इस महीने के अंत तक विकसित होने का अनुमान विशेषज्ञ लगा रहे हैं। ला नीना की घटनाएं आमतौर पर भारत में प्रचुर मात्रा में बारिश और सामान्य से अधिक ठंडी सर्दियां लाती हैं।

केंद्रीय मौसम विभाग ने आगामी सर्दियों के मौसम (दिसंबर-फरवरी) के दौरान देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक न्यूनतम और अधिकतम तापमान की चेतावनी दी है। यह एक अनिश्चित तस्वीर को को सामने लाता है। यह कुछ महीने पहले के विपरीत है, जबकि खरीफ की अच्छी फसल के बाद एक बम्पर रबी की संभावना जताई जा रही थी – अधिशेष मानसून बारिश के लिए धन्यवाद, जिसने प्रमुख बांध जलाशयों को भरने और भूजल एक्वीफर्स को रिचार्ज करने में मदद की। पहले से ही उच्च खुदरा खाद्य मुद्रास्फीति (अक्टूबर में सालाना आधार पर 10.9 प्रतिशत) के साथ मौसम की अनिश्चितता शायद भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति द्वारा शुक्रवार की बैठक में ब्याज दरों में कटौती नहीं करने का निर्णय लेने का एक प्रमुख कारण है।

हालांकि, खाद्य कीमतों के बारे में केंद्रीय बैंक बहुत कम कर सकता है। इस मामले में आपूर्ति प्रबंधन की जिम्मेदारी सरकार पर है। सरकार को गेहूं पर 40 फीसदी आयात शुल्क खत्म करने और कच्चे पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी तेल पर आयात शुल्क को मौजूदा 20 फीसदी से घटाकर 10 करने में वक्त गंवाना नहीं चाहिए। सर्दियों के मौसम की सामान्य आवक के साथ सब्जियों की मुद्रास्फीति कम हो सकती है, लेकिन अनाज, खाद्य तेलों और दालों में इस तरह की आत्म-सुधार की उम्मीद नहीं की जा सकती है। सरकार टैरिफ नीति के माध्यम से कार्य कर सकती है और उसे करना चाहिए।

# दुर्ग जिले के मंदिर का 500 वर्ष पुराना है इतिहास




शिव मंदिर छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के ग्राम शिवकोकड़ी में स्थित है। यह शिव मंदिर भक्तों के आस्था का केंद्र है। यहां भगवान भोलेनाथ का शिवलिंग है। जो भूतल से करीब आठ फीट ऊंचा है। सावन के महीने में मंदिर में भक्तगणों की भीड़ भी देखने को मिल रही है।





### मंदिर की विशेषता

आमनेर नदी के तट पर स्थित शिव मंदिर की ख्याति पूरे छत्तीसगढ़ में है। यहां शिवलिंग के दर्शन के लिए दुर्ग, भिलाई, धमधा ही नहीं राज्य के अन्य जिलों से भी लोग बड़ी संख्या में आते हैं। यहां लोगों की मनोकामना भी पूरी होती है।

सावन और महाशिवरात्रि के मौके पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इस अवसर पर मंदिर में मेला भी लगता है। भक्तों की भीड़ को देखते हुए धीरे-धीरे मंदिर का विस्तार किया गया है। मंदिर परिसर में अन्य देवी-देवताओं की भी मूर्तियां स्थापित की गई हैं।

### मंदिर का इतिहास

प्रचलित किवदंती के अनुसार मंदिर का इतिहास करीब पांच सौ साल पुराना है। वर्तमान में जिस स्थान पर मंदिर बना है उसी स्थान पर स्वयंभू शिवलिंग निकला है। धीरे-धीरे शिवलिंग की ऊंचाई बढ़ती गई। मंदिर के मुख्य दरवाजे के बाईं ओर शीतला मंदिर और दांई ओर राधाकृष्ण का मंदिर है। इन दोनों मंदिरों में भी भक्तगण पूजा-अर्चना करने आते हैं।

### शिवकोकड़ी में है स्वयंभू शिवलिंग

पुजारी मनहरण पुरी गोस्वामी ने कहा, शिव मंदिर का शिवलिंग करीब पांच सौ साल पुराना है। जो स्वयंभू निकला है। समय के साथ-साथ इसकी ऊंचाई भी बढ़ती गई। यहां आने वाले भक्तों की मनोकामना भी पूरी होती है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर का विस्तार कराया गया है।

श्रद्धालु बांकेलाल विश्वकर्मा ने कहा, यहां स्थापित शिवलिंग से भक्तों की आस्था जुड़ी हुई है। हर साल सावन और महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए भक्तगण बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचते हैं। वैसे तो मंदिर में वर्षभर भक्तों का आना-जाना लगा रहता है।

# युधिष्ठिर ने एक नहीं कई बार क्यों बोला झूठ जिससे हुआ बड़ा नुकसान, कब और कैसे

## महाभारत में युधिष्ठिर के कितने झूठ



पांडवों में सबसे बड़े युधिष्ठिर के बारे में कहा जाता था कि वो हमेशा सच बोलते हैं। झूठ उन्होंने कभी नहीं बोला। इसलिए वह सत्य, धर्म और न्याय के सबसे बड़े प्रतीक माने लगे। हालांकि हम सभी को मालूम है कि उन्होंने महाभारत के युद्ध में एक बार झूठ बोला लेकिन क्या आप जानते हैं कि युधिष्ठिर ने अपनी जिंदगी में कई बार झूठ बोले। छल का भी सहारा लिया। एक बार वह बुरी तरह न्याय के पथ से भी भटके। हम आपको इसके बारे में आगे बताएंगे।

महाभारत की कहानी खुद इसे जगह जगह जाहिर करती है कि युधिष्ठर को कब कब असत्य बोलना पड़ा। झूठ का सहारा लेना पड़ा और धोखे को भी आड़ बनाना पड़ा। इसके बारे में आगे सबकुछ बताएंगे। लेकिन पहले जानते हैं कि क्या था युधिष्ठिर का सबसे बड़ा झूठ। जिसने उनके गुरु की ही जान ले ली। और काफी हद तक यही झूठ द्रौपदी से उनके पांचों पुत्रों की हत्या का कारण भी बना।

महाभारत युद्ध में द्रोणाचार्य एक अपराजेय योद्धा थे। उन्हें पराजित करना असंभव था, क्योंकि वे तब तक हथियार नहीं डाल सकते थे, जब तक उन्हें अपने पुत्र अश्वत्थामा की मृत्यु का विश्वास न हो। कृष्ण ने यह रणनीति बनाई कि द्रोणाचार्य को झूठ बोलकर उनके पुत्र अश्वत्थामा की मृत्यु का संदेश दिया जाए। भीम ने एक हाथी को मारकर उसे "अश्वत्थामा" नाम दिया, और कहा, "अश्वत्थामा मारा गया।"

जब द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से सत्यता की पुष्टि मांगी, तो युधिष्ठिर ने कहा, "अश्वत्थामा हतो नरो वा कुंजरो वा" (अश्वत्थामा मारा गया, चाहे वह मनुष्य हो या हाथी)।

युधिष्ठिर ने यह वाक्य सत्य और झूठ का मिश्रण कर कहा, और कृष्ण ने "कुंजरो वा" (हाथी या मनुष्य) के शब्दों को दबा दिया, जिससे द्रोणाचार्य ने अपने पुत्र की मृत्यु का विश्वास कर हथियार डाल दिए। उन्हें धृष्टद्युम्न ने मार दिया।

### तब क्रोध में अश्वत्थामा ने द्रौपदी के पांच बेटों की हत्या कर दी

इस घटना की जानकारी जब द्रोणाचार्य के बेटे अश्वत्थामा को मालूम हुई और ये पता लगा कि युधिष्ठिर से झूठ कहलवा कर उसके पिता की हत्या की गई तो वह क्रोध से पागल हो गया। उसने इसका प्रतिशोध लेने की ठानी। इसी के चलते रात में पांडवों के कैंप में घुसा और पांचों पांडवों की गलतफहमी में द्रौपदी के लेटे हुए पांच बेटों की हत्या कर दी।

### इसी झूठ की वजह से युधिष्ठिर नर्क भी गए

महाभारत की कथा बताती है कि अपने इस झूठ के कारण युधिष्ठिर को थोड़ी देर के लिए नर्क भी जाना पड़ा। हालांकि ये थोड़ी ही देर के लिए था। फिर वो स्थायी तौर पर स्वर्ग में आ गए। लेकिन ये झूठ युधिष्ठिर के लिए हमेशा का कलंक बन गया।

### दूसरा झूठ कब बोला

युधिष्ठिर ने दूसरा झूठ तब बोला, जब सारे पांडव लाक्षागृह से बच निकले। वह गुपचुप रहने लगे। इस बीच जब राजा द्रुपद ने द्रौपदी के लिए स्वयंवर का आयोजन किया। तब युधिष्ठिर अपने भाइयों के साथ ब्राह्मणों के भेष में पहुंचे। जब उनसे उनकी पहचान पूछी गई तब उन्होंने झूठ का सहारा लेते हुए खुद और भाइयों की पहचान छिपा ली। तब उन्होंने सभी को ब्राह्मण को बताया।

द्रौपदी के स्वयंवर में जब अर्जुन जीत गए और वहां पहुंचे सारे राजा इससे नाराज हो गए। तब युधिष्ठिर ने पांडवों की सही पहचान बताने की बजाए सभी को ब्राह्मण ही बताया।

### तब भी युधिष्ठिर ने झूठ बोला

महाभारत के अज्ञातवास के दौरान युधिष्ठिर जब अपनी और भाइयों की पहचान छिपाते हुए राजा विराट के दरबार में पहुंचे तो उन्होंने खुद को एक ब्राह्मण और कंक नामक पासा खेलने वाले व्यक्ति के रूप में प्रस्तुत किया। ये झूठ तो था लेकिन इसे एक रणनीतिक छल या छद्मवेश कहा जा सकता है।

जब तक युधिष्ठिर ने कंक के रूप में राजा विराट की सेवा की, तब तक रोज ही अपनी पहचान छिपाई और अपने बारे में झूठ बोलते रहे। ये बताते रहे कि किस तरह जब वह पिछले राजा के साथ काम कर रहे थे तो वो उनके खेल और चातुर्य का कितना प्रशंसक था।

तब उन्हें राजा विराट से रोज ही अपनी पहचान के बारे में असत्य ही बोलना पड़ता था। हालांकि ये कह सकते हैं कि उन्होंने कोई ऐसा झूठ नहीं बोला जिससे किसी को सीधे नुकसान पहुंचे या जिससे नैतिकता का बड़ा उल्लंघन हुआ हो।

### तब भी वह न्याय के पथ से भटक गए

जब युधिष्ठिर शकुनि के साथ पासा खेल रहे थे, तब वह खुद को हार गए इसके बाद भी उन्होंने अपने भाइयों और फिर द्रौपदी को दांव पर लगा दिया। न्याय कहता है कि युधिष्ठिर ऐसा नहीं कर सकते थे। ये भी युधिष्ठिर की न्याय राह में एक विचलन ही कहा जाता है।

अपनी पत्नी द्रौपदी को दांव पर लगाकर उन्होंने नैतिकता का उल्लंघन किया। युधिष्ठिर ने कई मौकों पर नीतिगत उलझनों में सत्य और धर्म के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की। कुछ जगहों पर उन्होंने सत्य को रणनीति के तहत तोड़ा या ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। कई जगहों पर उन्होंने सत्य से समझौता भी किया, क्योंकि ये समय की जरूरत थी।

तो कहा जा सकता है कि परिस्थितिया युधिष्ठिर को कभी-कभी सत्य से समझौता करने के लिए मजबूर करती थीं। तब वह ऐसा करते भी थे।

# हापुड़ के इसी शिव मंदिर में छत्रपति शिवाजी ने किया था रुद्र यज्ञ

## शिवलिंग पर चढ़ाया हुआ दूध- जल हो जाता है अदृश्य

उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में स्थित गढ़मुक्तेश्वर का प्रसिद्ध मंदिर है। इस मंदिर से चार किलोमीटर दूर जंगल में कल्याणेश्वर महादेव का मंदिर है। यह मंदिर अपनी पौराणिकता और चमत्कारों के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। इस मंदिर की शक्ति का प्रभाव छत्रपति शिवाजी के जीवन पर भी पड़ा था। तब उन्होंने यहां पर रूद्र यज्ञ आयोजित किया था। गंगा नदी के किनारे पर स्थित यह शिवलिंग के एक और चमत्कार की ख्याति दुनियाभर में है। कहा जाता है कि इस मंदिर में स्थापित शिवलिंग पर चढ़ाया हुआ जल और दूध अदृश्य हो जाता है। वह जमीन में कहां समा जाता है, यह आज तक पता नहीं चल पाया है। यूपी के इस मंदिर के रहस्य का पता करने के लिए अभी तक कई प्रयास किए गए हैं, लेकिन यह आज तक पता नहीं चल सका है। यह शिव मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का बड़ा केंद्र है।

छत्रपति शिवाजी ने 3 महीने तक किया था रूद्र यज्ञ मंदिर में छत्रपति शिवाजी महाराज ने 3 महीने तक यज्ञ आयोजित किया था। उसके बारे में प्रसंग है कि एक बार मुगल सम्राट औरंगजेब ने छल से मराठा सरदार छत्रपति शिवाजी को बंदी बना लिया था, किंतु वे अपने अदम्य साहस और बुद्धिबल से मुक्त होने में सफल रहे, इसे उन्होंने भगवान शिव की असीम कृपा माना। जिसके बाद उन्होंने इसी मंदिर पर भगवान शिव की स्तुति करते हुए 3 महीने तक रूद्र यज्ञ आयोजित किया था।

### राजा नल ने रहस्य जानने के लिए हजारों घड़ों से किया था जलाभिषेक

कल्याणेश्वर महादेव मंदिर के बारे में कई पौराणिक प्रसंग प्रचलित हैं। एक प्रसंग के अनुसार प्रसिद्ध राजा नल ने यहां पर शिवलिंग का जलाभिषेक किया था, लेकिन उनकी आंखों के सामने शिवलिंग पर चढ़ाया हुआ जल भूमि में अचानक समा गया। यह चमत्कार देखकर राजा चौक गए। इसके बाद उन्होंने हजारों घड़े गंगा जल शिवलिंग पर चढ़ाया, लेकिन वह भी जमीन के अंदर समा गया। थक हार कर राजा ने इसे भगवान शिव का महिमा को समझा और क्षमा मांग कर अपने देश लौट गए।



### पांडवों ने मंदिर में किया था हवन यज्ञ

गढ़मुक्तेश्वर के प्रसिद्ध कल्याणेश्वर महादेव मंदिर में अभिशप्त शिवगणों को पिशाच योनि से मुक्ति हुई थी। इसीलिए इस तीर्थ का नाम गढ़ मुक्तेश्वर दिया गया। वहीं पौराणिक महत्व के अनुसार कौरवों की राजधानी हस्तिनापुर का यह भाग था। द्वापर युग में महाभारत के युद्ध में मारे गए असंख्य योद्धाओं की आत्मशांति के लिए पांडवों ने कार्तिक मास की चतुर्दशी को कल्याणेश्वर मंदिर के समीप गंगा में दीप-दान कर इसी मंदिर में कई दिनों तक पूजन-यज्ञ किया था। यज्ञ के पूर्ण होने पर पांडव यहां से सुरंग-मार्ग से अपने स्थान पर लौट गए, जिसका प्रमाण आज भी मंदिर के प्रांगण में देखा जा सकता है।

# चांदी का मोर घर की इन 5 जगहों पर रखने से सोने की तरह चमक उठेगी किस्मत

वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ ऐसी चीजें बताई गई हैं जिन्हें घर में रखने से आपके जीवन में कई सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं। वास्तु शास्त्र में हर चीज को ऊर्जा से जोड़कर देखा जाता है। ऊर्जा सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह की हो सकती है। यही ऊर्जा हमारे जीवन में तरक्की और सुख-समृद्धि का कारण बनती है। जैसे, घर में चांदी का मोर रखने को वास्तु शास्त्र में सकारात्मक ऊर्जा से जोड़कर देखा जाता है। आइए, जानते हैं घर में चांदी का मोर रखने के क्या लाभ हैं और इसे कहां रखना शुभ है।



### पूजा घर में चांदी का मोर रखने से सुख-समृद्धि बनी रहती है

वास्तु शास्त्र के अनुसार चांदी का मोर पूजा घर में रखने से घर में सकारात्मकता बनी रहती है। साथ ही भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की कृपा भी आप पर रहती है। घर के मंदिर में चांदी का मोर रखने से घर में सुख-समृद्धि का वास होता है और मानसिक शांति भी प्राप्त होती है।

### भाग्य को प्रबल बनाता है चांदी का मोर

कई बार ऐसा होता है कि हम बहुत मेहनत करते हैं लेकिन फिर भी हमें कामयाबी नहीं मिल पाती क्योंकि भाग्य का साथ नहीं मिल पाता। वास्तु शास्त्र के अनुसार भाग्य को मजबूत करने के लिए किसी भी पूर्णिमा के दिन चांदी का मोर लेकर आएं और उसे तिजोरी में रख दें।

### बिजनेस में तरक्की की राह आसान करता है चांदी का मोर

आपके बिजनेस में अगर अक्सर अड़चन आती है या फिर हानि उठानी पड़ रही है, तो आपको सकारात्मक ऊर्जा की जरुरत है। ऐसे में चांदी के मोर को अपने ऑफिस डेस्क या फिर स्टडी टेबल पर रखें। आप जहां पर बिजनेस से जुड़ी फाइल्स रखते हैं, वहां पर भी चांदी का मोर रख सकते हैं।

### पति-पत्नी के बीच प्यार को बढ़ाता है चांदी का मोर

कई बार ऐसा होता है कि छोटी-सी बात पर पति-पत्नी के बीच लड़ाई-झगड़ा शुरू हो जाता है। वहीं, घर की नकारात्मक ऊर्जा इतनी ज्यादा बढ़ने लग जाती है कि घर की सुख-शांति भंग होने लग जाती है।

ऐसे में बहुत जरूरी है कि आप घर की ऊर्जा को सकारात्मक बनाने के लिए घर में चांदी का मोर रखें।

### घर में धन संकट को दूर करता है चांदी का मोर

आपके घर में अगर धन संकट चल रहा है, तो आपको घर में एक छोटा-सा चांदी का मोर जरूर रखना चाहिए। चांदी के मोर को तिजोरी या पैसे रखने वाली अलमारी के ऊपर रखें। इससे धन लाभ होता है और रूका हुआ धन भी प्राप्त होती है।

# सोना, चांदी या कैश घर में यहां रखें

### सोने और चांदी के गहने का रखना

सोना का संबंध बृहस्पति ग्रह से माना जाता है। उत्तर-पूर्व दिशा यानी ईशान कोण का स्वामी ग्रह गुरु ही है। सोने को अगर आप उत्तर-पूर्व या उत्तर दिशा में रखते हैं तो ये आपके लिए शुभ रहेगा। इससे आपको ऐश्वर्य, समृद्धि, धन की प्राप्ति होती है। चांदी के गहनों का संबंध चंद्रमा और शुक्र ग्रह से है। चंद्रमा उत्तर-पश्चिम दिशा का स्वामी ग्रह है। आप चांदी को उत्तर-पश्चिम या पश्चिम दिशा में रख सकते हैं। यह व्यक्ति को वितरण शक्ति, धैर्य, और बुद्धि में सुधार करने में मदद करता है।



### बेडरूम में गहने रखें या नहीं

सोने और चांदी के गहनों को रात को सोते समय बैडरूम में रखना शुभ माना जाता है, क्योंकि यह व्यक्ति को शांति, सुख, और समृद्धि प्रदान करता है। इसकी पॉजिटिव एनर्जी आपको गहरी नींद देती है।

**पूजा स्थल पर-** गहनों को पूजा स्थल पर रखना भी शुभ माना जाता है, क्योंकि यह धार्मिक स्थल में पॉजिटिव ऊर्जा को बढ़ावा देता है और आत्मिक विकास में सहायक होता है।

**कैश और ज्वेलरी-** ज्योतिषशास्त्र में शुक्र ग्रह को धन का कारक माना जाता है। शुक्र ग्रह पृथ्वी की तुलना में विपरीत दिशा में घूमता है। आप अपना धन उत्तर या फिर पूर्व से पश्चिम दिशा की ओर रख सकते हैं। व्यापारिक दृष्टि से, चांदी के गहने और कैश को उत्तर दिशा में रखना शुभ माना जाता है क्योंकि इससे व्यापार में वृद्धि होती है और धन की बरकरारी होती है।

**उत्तर-पूर्व दिशा-** आप गहनों को उत्तर-पूर्व दिशा में रखने का विचार कर सकते हैं, क्योंकि इस दिशा में सकारात्मक ऊर्जा होती है जो सृष्टि और समृद्धि में सहायक हो सकती है।

**ज्वेलरी बॉक्स-** अगर आप अपनी ज्वेलरी को बॉक्स में रखते हैं तो ध्यान दें कि बॉक्स भी सुरक्षित और योग्य स्थान पर हो, और इसे साफ-सुथरा रखें।

# बिना तोड़फोड़ के दूर करें वास्तु दोष

पवित्र धातु के उपयोग से वास्तुदोष के छुटकारा पाया जा सकता है। तांबे, चांदी, या पीतल से बने वास्तु यंत्र को घर के दोषपूर्ण स्थान पर रखें। पंचधातु का कछुआ मुख्य दरवाजे के पास रखने से वास्तु दोष दूर होता है। घर के मुख्य दरवाजे पर मंगलकारी प्रतीक से भी लाभ मिलता है। मुख्य द्वार पर स्वस्तिक, ॐ या शुभ-लाभ का चिह्न लगाएं। यह घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

नमक के पानी का उपाय भी वास्तु दोष दूर करने में चमत्कारी सिद्ध होता है। सप्ताह में एक बार घर में पोछा लगाने के लिए पानी में समुद्री नमक मिलाएं। यह नकारात्मक ऊर्जा को खत्म करता है।

घर में आईना लगाते समय ध्यान रखें कि यह उत्तर या पूर्व दिशा में हो। बेडरूम में ऐसा आईना न लगाएं जिसमें सोते समय आपकी छवि दिखाई दे।

तुलसी का पौधा लगाकर भी आप वास्तुदोष के प्रभाव को कम कर सकते हैं। घर के उत्तर-पूर्व (ईशान कोण) में तुलसी का पौधा रखें। यह वास्तु दोष दूर करने के साथ-साथ स्वास्थ्य और धन के लिए भी शुभ है।

घर में धातु की विंड चाइम्स लगाएं, खासतौर पर उत्तर-पश्चिम दिशा में। यह सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करती है। अंधेरे कोनों में या दोषपूर्ण जगहों पर हल्की रोशनी रखें और हो सके तो दीये जलाएं ये ज्यादा शुभ माना जाता है।

नियमित रूप से घर में धूप, कपूर या चंदन की अगरबत्ती जलाएं। इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।

## धर्मेंद्र ने अपने 89वें जन्मदिन पर काटा केक




8 दिसंबर को धर्मेंद्र ने अपना 89वां जन्मदिन मनाया। धर्मेंद्र ने अपने दोनों बेटों सनी देओल और बॉबी देओल के साथ मिलकर केक काटा। उनके जन्मदिन के अवसर पर उनके प्रशंसक भी बेहद उत्साहित दिखे। इस दौरान धर्मेंद्र ने खूब बड़ा बर्थडे केक काटा और खास अंदाज में अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया। हिंदी सिनेमा के ही-मैन धर्मेंद्र के लिए 8 दिसंबर का दिन बेहद खास रहा। धर्मेंद्र का जन्म 8 दिसंबर 1935 को पंजाब में हुआ था। लीजेंड धर्मेंद्र के बर्थडे का खूमार उनके प्रशंसकों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं दिखा। आज हर कोई उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहा है। इस दौरान धर्मेंद्र अपने प्रशंसकों से घिरे दिखे। धर्मेंद्र ने प्रशंसकों के साथ जमकर तस्वीरें भी खिंचवाईं। धर्मेंद्र के 89वें जन्मदिन पर प्रशंसक बेहद उत्साहित दिखे। उनका यह उत्साह बता रहा है कि वह आज भी धर्मेंद्र को कितना प्यार करते हैं।

# अगले जन्म में लता मंगेशकर को बेटी के रूप में पाना चाहती हैं रेखा



अभिनेत्री रेखा 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में पहुंची। इस शो में कपिल शर्मा ने अभिनेत्री से बहुत सारी बातें की। रेखा ने बताया कि लता मंगेशकर के साथ उनका बॉन्ड कैसा रहा था। साथ ही रेखा ने बताया कि किसे वे अगले जन्म में अपनी बेटी के रूप में पाना चाहती हैं।

रेखा ने कपिल शर्मा से शो में बहुत सारी बातें की। उन्होंने बताया कि वे लता मंगेशकर के बहुत करीब रही हैं। अगर अगले जन्म में उन्हें अपनी बेटी के तौर पर किसी को पाना होगा तो वो चाहेंगी कि लता मंगेशकर ही उनकी बेटी हों। रेखा ने लता मंगेशकर की कॉपी की। उन्होंने कहा कि अभिनेत्री रेखा लता मंगेशकर की कॉपी करती हैं।

कपिल शर्मा ने कहा, रेखा जी में एक छुपी हुई प्रतिभा है, वह सबको देखती हैं और कुछ ही मिनटों में उनके हाव-भाव की नकल कर लेती हैं। और वह भी बिल्कुल उनकी तरह। मैंने इसे पहले भी देखा है, अगर आप इसे एक बार दर्शकों के लिए करें तो यह हमारे लिए सम्मान की बात होगी।

रेखा ने बताया कि उनका जन्मदिन था, उन्होंने जन्मदिन पर बुलाया। रेखा ने उनसे कहा कि लता दीदी मैं आपकी बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। भगवान करे तो आपके जैसी बेटी ही वे मुझे अगले जन्म में दें।

रेखा की इस बात पर लता मंगशेकर ने कहा अगले जन्म में क्यों, मैं इस जन्म में ही तुम्हारी बेटी हूं। इसके बाद रेखा ने लता जी की आवाज में कहा, अगले जन्म में, मैं इसी जन्म में आपकी बेटी हूं। इसके बाद वे मेरे पास आईं और बोलीं- मम्मा, मम्मा। वो दिन है और आज का दिन है अभी भी उनकी आवाज मेरे कानों में गूंजती है...मम्मा।

## अबू धाबी में छुट्टियां मना रही श्रद्धा कपूर, सोशल मीडिया पर दिखाईं खूबसूरत झलकियां



अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने अबू धाबी की तस्वीरें साझा की हैं। श्रद्धा अपनी गैंग के साथ घूमने गई हैं। उसकी झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा की हैं। श्रद्धा अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी ट्रिप से जुड़ी खास बातें फैंस के साथ शेयर कर रही हैं।


श्रद्धा कपूर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अबू धाबी की झलकियां साझा की हैं। इसमें श्रद्धा शहर के बारे में बताती नजर आ रही हैं। साथ ही वे अबू धाबी में म्यूजियम पहुंचीं, जहां उन्होंने भारत का नक्शा भी दिखाया।

श्रद्धा कपूर ने म्यूजियम की झलक भी सोशल मीडिया पर साझा की है। इसमें वे खुद भी नजर आ रही हैं। उन्होंने ब्राउन रंग की ड्रेस पहनी है। श्रद्धा ने म्यूजियम की कुछ खास चीजों के साथ सेल्फी भी ली।

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर अपनी टीम के साथ नजर आईं। उन्होंने टीम के साथ तस्वीर साझा कर लिखा, मैं हमेशा एक साथ की ओर आकर्षित होती हूं। मैं जो सोचती हूं वो सबसे अच्छा होता है।

श्रद्धा ने अबू धाबी के मौसम के बारे में बताया। वे इस दौरान तेज हवा के मजे लेती नजर आ रही हैं। श्रद्धा के लिए ये फैन मूमेंट हो गया। श्रद्धा कपूर तेज हवा में अपनी ड्रेस फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं, इसमें फैंस उनकी तस्वीरें लेते नजर आ रहे हैं। श्रद्धा कपूर ने भूरे ड्रेस में अपनी तस्वीर साझा की है। इस स्टनिंग लुक को फैंस बहुत पसंद कर रहे हैं। श्रद्धा ने स्टोरी पर बताया कि वे अबू धाबी में कॉफी पीने भी गईं, इस मोमेंट को उन्होंने बहुत एन्जॉय किया।

## सुष्मिता सेन और उनकी बेटियों को अपना परिवार मानते हैं रोहमन शॉल, बोले- 'भले ही हम साथ न रहें'



अभिनेत्री सुष्मिता सेन और रोहमन शॉल के रिश्ते को लेकर अक्सर चर्चा होती है। दोनों करीब 4 साल तक एक दूसरे को डेट किया है। रोहमन शॉल ने कहा आज भी अभिनेत्री सुष्मिता सेन और उनकी बेटियां रेनी और अलीसा 'उनके लिए परिवार की तरह हैं।'

सुष्मिता की बेटी को अपना मानते हैं रोहमन शॉल

सुष्मिता ने एक पॉडकास्ट में कहा कि वे पिछले तीन साल से सिंगल हैं। इसके बाद एक इंटरव्यू में रोहमन शॉल ने सुष्मिता सेन के साथ रिश्ते को लेकर बात की। उन्होंने यह भी कहा, ₹हम भले ही साथ न रहें या महीनों तक बात न करें, लेकिन जब भी उन्हें मेरी जरूरत होगी, मैं हमेशा उनके साथ रहूंगा।

रोहमन शॉल ने कहा कि वे सुष्मिता सेन की बेटियों को अपनी बेटियों की तरह मानते हैं। भले ही वे महीनों तक साथ न रहें या बात न करें लेकिन जब भी उन्हें उनकी जरूरत होगी, वह हमेशा उनके लिए मौजूद रहेंगे। रोहमन ने कहा कि वे अपने फैसलों पर कायम हैं और उनका सम्मान करते हैं। इस बारे में अगर दूसरे नहीं समझ पाते तो यह समस्या उनकी है। फिल्म 'अमरण' में अभिनेता रोहमन शॉल नजर आए।

इससे पहले वे माई फादर्स डाक्टर और साल 2020 में आई फिल्म पापोनः मौला में नजर आए थे। एक इंटरव्यू में रोहमन शॉल ने कहा कि वह एक खूबसूरत रोमांटिक स्टोरी करना पसंद करेंगे। इसके अलावा वह कॉमेडी भी करना चाहते हैं। रोहमन ने बताया कि रोहमन शॉल फिल्मों में नकारात्मक किरदार निभाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि वे फिल्मी दुनिया और रियल लाइफ में बहुत अंतर है।

# अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद सुभाष घई ने साझा किया हेल्थ अपडेट, कहा- सब ठीक है


दिग्गज फिल्म निर्माता सुभाष घई ने मुंबई के लीलावती अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद सोशल मीडिया पर एक अपडेट साझा किया। सुभाष घई ने अपने ट्विटर अकाउंट पर एक पोस्ट लिखते हुए उनके स्वास्थ्य के प्रति चिंता जताने वाले लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि अब सब कुछ ठीक है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्हें सांस लेने में समस्या और कमजोरी के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

एक्स पर पोस्ट साझा कर दी अपडेट

सुभाष घई ने अपनी हेल्थ अपडेट देने के लिए ट्विटर का सहारा लिया और पोस्ट करते हुए लिखा, ₹मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि मेरे बहुत से दोस्त मेरे स्वास्थ्य के लिए अपना प्यार और स्नेह व्यक्त कर रहे हैं। 'इफ्फी' गोवा में मेरे व्यस्त कार्यक्रम के बाद। अब सब ठीक है और जल्द ही आपसे मुलाकात होगी फिर से मुस्कुराइए। धन्यवाद।"

टीम ने जारी किया था अपडेट

इससे पहले उनकी टीम ने एक अपडेट साझा की थी, जिसमें बताया गया था कि उनका स्वास्थ्य अब ठीक है। उन्हें हमेशा की तरह रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल ले जाया गया था। टीम द्वारा कहा गया था, "व्यस्त कार्यक्रमों के कारण हम उन्हें अस्पताल में भर्ती कराते हैं ताकि डॉक्टर सभी परीक्षण ठीक से कर सकें। वह अब बिल्कुल ठीक हैं।₹



सुभाष घई के बारे में

अब अगर सुभाष घई के बारे में बात की जाए तो वो 90 के फेमस डायरेक्टर हैं। उन्होंने अपने करियर में करीब 16 फिल्में डायरेक्ट की हैं, जिसमें अधिकतर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट रही हैं। उन्हें उनकी बेहतरीन फिल्मों के लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिले हैं। सुभाष घई न केवल एक बेहतरीन निर्देशक हैं, बल्कि एक इंस्पायरिंग निर्माता भी हैं जिन्होंने कई नए एक्टर्स को मौका दिया और उनके करियर को नई दिशा दी।

सुभाष घई ने 'राम लखन', 'कर्मा', 'परदेस', 'सौदागर' जैसी सुपरहिट फिल्मों के जरिए फिल्म इंडस्ट्री में धाक जमाई। अगर उनके वर्कफ्रंट की बात की जाए तो सुभाष घई ने हाल ही में 'ऐतराज 2' और 'खलनायक 2' को लेकर भी चर्चा की थी। उन्होंने इन फिल्मों के सीक्वल बनाने के बारे में विचार व्यक्त किया था।

## एयरपोर्ट पर हाथों में हाथ डाले नजर आए कैटरीना कैफ-विक्की, फैंस ने दी प्रतिक्रिया

कैटरीना और विक्की बॉलीवुड के प्रसिद्ध कपल्स में से एक हैं। दोनों की मौजूदगी प्रशंसकों का दिन बना देती है। कैट और विक्की दोनों को ही अक्सर एक प्यारे पंजाबी कपल के रूप में प्रशंसकों का प्यार मिलता आया है। इसी बीच दोनों को मुंबई एयरपोर्ट पर एक साथ देखकर प्रशंसक बेहद खुश हुए और अब लगातार अपनी प्रतिक्रिया शेयर कर रहे हैं।

इस वीडियो में, हम देख सकते हैं कि कैटरीना पिंक कलर के सलवार सूट में बेहद स्टाइलिश दिख रही हैं। उन्होंने मिनिमल मेकअप के साथ चेहरे पर ब्लैक गॉगल लगयाा हुआ है। कैटरीना के खुले बाल और उनकी लाजवाब स्माइल ने प्रशंसकों का दिल फिर से एक बार जीत लिया। वहीं कैटरीना के साथ विक्की कौशल का लुक भी कोई कम नहीं दिखा। विक्की डेनिम के साथ ब्लू कलर की शर्ट पहने हुए नजर आए। विक्की ने ब्लैक टोपी के साथ ब्लैक सनग्लासेस भी लगाए हुए थे। ऑलओवर देखा जाए तो कैटरीना और विक्की को जोड़ी एक बार फिर से चर्चा प्रशंसकों के दिलों पर छा गई।

इस दौरान कैटरीना और विक्की ने पैपराजी को गर्मजोशी से मुस्कुराते हुए हाथ थामे हुए कई पोज दिए। प्रशंसकों ने कमेंट सेक्शन में बाढ़ ला दी। एक प्रशंसक ने लिखा, ₹बॉलीवुड की रानी कैटरीना।₹ दूसरे ने लिखा, ₹भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे खूबसूरत अभिनेत्री, कैटरीना, हाइट, फिगर, चेहरा।₹ एक और प्रशंसक ने लिखा, 'प्यारा पंजाबी कपल।'



काम की बात करें तो विक्की के पास कई प्रोजेक्ट हैं। विक्की जल्द ही अपनी आगामी फिल्म छावा में नजर आएंगे। इस फिल्म में विक्की छत्रपति संभाजी का किरदार निभाते नजर आएंगे। लक्ष्मण उटेकर द्वारा निर्देशित फिल्म छावा में विक्की के अलावा, जिसमें विक्की रश्मिका मंदाना, अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा विक्की संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में भी नजर आएंगे। इस फिल्म में विक्की के अलावा रणबीर कपूर और आलिया भट्ट नजर आएंगी।

इस सभी फिल्मों के अलावा विक्की के पास महावतार भी है, जिसमें वह भगवान परशुराम की भूमिका निभाएंगे। वहीं कैटरीना कैफ कुछ खाली समय का आनंद ले रही हैं और अपने परिवार और दोस्तों के साथ अपना समय बिता रही हैं। उन्हें आखिरी बार सलमान खान के साथ टाइगर 3 में देखा गया था। उन्होंने अपनी अगली फिल्म की घोषणा नहीं की है। लेकिन उनके पास पहले से ही फरहान अख्तर की आगामी फिल्म जी ले जरा है, जिसमें वह आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा के साथ नजर आएंगी।

# अभिनेताओं की फीस सुनकर अनन्या पांडे को लगा झटका



अनन्या पांडे को आज इंडस्ट्री की सबसे बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिन्होंने अपनी फिल्मों और भूमिकाओं से सभी का दिल जीत लिया है। हाल ही में, अनन्या ने वेतन समानता पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि उन्होंने कभी भी अपने पुरुष अभिनेता की फीस के बारे में नहीं पूछा। हालांकि, उन्होंने खुलासा किया कि जब उन्होंने उन्हें मिलने वाली फीस सुनी तो वह चौंक गईं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान अनन्या पांडे ने फीस समानता को लेकर अपने विचार साझा किए और बताया कि ना केवल फीस के मामले में बल्कि फिल्म सेट पर महिलाओं की बाकी चीजों को लेकर भी प्रगति हुई है, लेकिन उन्हें लगता है कि इंडस्ट्री ने एक लंबा सफर तय किया है। अनन्या ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा कि तब सेट पर महिलाएं कम होती थीं, लेकिन अब सामान्य तौर पर उनकी संख्या काफी अधिक है। अनन्या पांडे ने कहा, अगर किसी पुरुष को मुझसे बेहतर कार सिर्फ इसलिए मिल रही है क्योंकि वह एक पुरुष है, तो यह गलत है।

अनन्या ने इस बात पर जोर दिया कि वह पुरुष अभिनेताओं की फीस पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रही थी, क्योंकि उन्हें उनकी कमाई के बारे में पूरी जानकारी नहीं थी। हालांकि वह कभी-कभी जो आंकड़े सुनती थीं, उससे वह अक्सर चौंक जाया करती थीं। अनन्या ने इस बात का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि जब लिंग-आधारित असमानताओं की बात आती है, जैसे कि किसी पुरुष अभिनेता को आज भी बेहतर विशेषाधिकार प्राप्त हैं। अनन्या ने कहा कैसे किसी पुरुष को बड़ा कमरा या बेहतर कार दी जा सकती है, जिसे वह समझ सकती हैं। शायद यह अभिनेता के मान की वजह से किया जाता है, लेकिन उनका मानना है कि अभिनेत्रियों को भी ऐसा ही व्यवहार मिलना चाहिए।

हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें पुरुष अभिनेताओं की फीस के बारे में पूरी जानकारी नहीं है, लेकिन उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वह अनुचित व्यवहार के खिलाफ मजबूती से खड़ी हैं। अनन्या का मानना है कि जितना सम्मान एक पुरुष अभिनेता को मिलता है, उतना ही सम्मान एक महिला अभिनेत्री को भी मिलना चाहिए। अनन्या ने आगे कहा कि अगर इसका मतलब बदलाव लाने और सही के लिए खड़े होने में मदद करना है तो वह बॉसी के रूप में पहचाने जाने के लिए तैयार हैं।

काम की बात करें तो अनन्या पांडे के पास कई रोमांचक प्रोजेक्ट हैं, जिसमें कॉल मी बे का दूसरा सीजन भी शामिल है। वह धर्मा प्रोडक्शन की चांद मेरा दिल में लक्ष्य के साथ नजर आएंगी और अक्षय कुमार और आर. माधवन के साथ एक अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट में भी नजर आएंगी।

# सपने में इस इंसान से मिलना चाहती हैं सोनम कपूर पोस्ट साझा कर बताई अपने दिल की बात



सोनम कपूर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। उन्होंने बताया कि वे अपने जीवन के सबसे अजीब सपने में किस इंसान से मिलना चाहेंगी। साथ ही सोनम ने बताया कि वे जीवन को लेकर क्या सोचती हैं।

**सोनम कपूर ने बीच किनारे बैठ लिया सनसेट का आनंद**

अभिनेत्री सोनम कपूर ने बीच के किनारे पर बैठकर सनसेट का आनंद लिया। उन्होंने इस पोस्ट के साथ बेटे और पति के साथ बिताए सुकून भरे पलों की तस्वीर साझा की है। इसमें अभिनेत्री बीच पर बेटे के साथ मस्ती करती दिखीं।

सोनम कपूर ने लिखा, मेरे एक दोस्त ने मुझसे पूछा कि अगर मुझे अपने सबसे अजीब सपने में किसी व्यक्ति से मिलना हो तो वह कौन होगा? इसका जवाब था कि सिर्फ मैं। मैं अपने सबसे अच्छे व्यक्तित्व से मिलना चाहूंगी। हीरा जब मिलता है तो बहुत अजीब सा होता है, जैसे उसे तलाश कर सबसे कीमती बनाया जाता है।

सोनम कपूर ने कहा, जीवन के संघर्ष भी हमें और बेहतर करने में खास भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि मैं जो कुछ भी बनना चाहती हूं वो आज मैं हूं। ये किसी और की तरह दिखने या बनने की बात नहीं है।

मैं अपनी जीवन यात्रा पर विश्वास करती हूं जो मुझे और बेहतर बनाती जा रही है। सोनम कपूर ने पति को भी इस पोस्ट में धन्यवाद किया है।

सोनम ने अपने पति आनंद आहूजा के लिए लिखा कि जीवन के हर हिस्से में मेरे साथ रहने के लिए धन्यवाद।

# मदरसे के खाते में ऑनलाइन ठगी का पैसा, करोड़ों का लेनदेन, क्राइम ब्रांच ने बाप-बेटे को पकड़ा




इंदौर, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। क्राइम ब्रांच ने डिजिटल ठगी के मामले में बड़ा खुलासा किया है। ऑनलाइन ठगी के करोड़ों रुपये उत्तर प्रदेश के कन्नौज में बने एक मदरसे के अकाउंट में जाते थे। यहां से अलग-अलग अकाउंट में पैसा भेजा जाता था। आरोपियों ने 50% कमीशन के लालच में फलाह दारेन मदरसा समिति के करंट अकाउंट का इस्तेमाल ऑनलाइन ठगी के लिए किया। आरोपियों ने बैंक खाता किराए पर देकर करोड़ों रुपये के ट्रांजेक्शन किए। पुलिस ने मदरसे के प्रबंधक अली अहमद खान और असद अहमद खान को गिरफ्तार किया है। इंदौर में हुई ऑनलाइन ठगी की जांच करते हुए पुलिस उत्तर प्रदेश के मदरसे तक पहुंची और अब बड़ा खुलासा हुआ है। आइए जानते हैं कैसे ठगों ने इंदौर में महिला से पैसे लिए और मदरसे के खाते के जरिए उन्हें अलग-अलग जगह बांट दिया। इंदौर क्राइम ब्रांच एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि एनसीआरपी पोर्टल पर 65 वर्षीय वृद्ध महिला ने डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन ठगी की शिकायत की थी। 11 सितंबर को सुबह महिला को एक व्हाट्सप्प कॉल आया। उसे बताया गया कि उसकी बात टेलीकॉम रेग्युलेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया के दिल्ली हेड ऑफिस के इंक्वायरी ऑफिसर से हो रही है। महिला के नाम से जिओ कंपनी की एक सिम रजिस्टर्ड है, जिसके माध्यम से इल्लिगल एडवरटाईजिंग और हैरसमेंट का अपराध किया गया है। इसलिये महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उसके नाम से सारे फोन नंबर एक घंटे के अंदर बंद कर दिए जाएंगे और कॉल डिस्कनेक्ट हो गया। ठगों ने थोड़ी देर बाद दूसरे मोबाईल नम्बर से सीबीआई अफसर बनकर कॉल किया और कहा कि महिला के आधार कार्ड से एक पार्सल कम्बोडिया भेजा गया है, जो कि कस्टम विभाग में है और उस पर इंक्वायरी चल रही है।

उसके नाम की एक पासबुक भी निकली है, जिसमें ड्रग्स, आतंकवाद, मनी लांड्रिंग के लिये करोड़ों के ट्रांजेक्शन मिले हैं। उसके खिलाफ वारंट निकाल दिया गया है। ठगों ने महिला से कहा आपके पास जो भी पैसे हैं उसकी जानकारी हमें दीजिये नहीं तो ठीक नहीं होगा। आप पर केस चल रहा है, आप सारा पैसा आरटीजीएस के जरिये हमें ट्रांसफर करिये। आपने सारी जानकारी नहीं दी तो आपको और आपके बच्चों को जान का खतरा है। हमारे बताये खाते में सारा पैसा ट्रांसफर करो। आप लगातार हमारी सर्विलेंस में रहेंगी और कुछ भी काम या किसी से कोई बात करने से पहले हमसे परमिशन लेंगी और इस संबंध मे किसी से भी कोई बातचीत की तो आपके लिये अच्छा नहीं होगा। 13 सितंबर को महिला ने ठगों के दो खातों में 46 लाख रुपये जमा कर दिए। बाद में उसे ठगी का एहसास हुआ तो उसने क्राइम ब्रांच और एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत की। क्राइम ब्रांच ने महिला के खाते से हुए लेनदेन की जांच की तो मदरसा फलाहदारैन सावरी ट्रस्ट का खाता सामने आया।

यह मदरसा उत्तर प्रदेश के कन्नौज में है। इसके बाद पुलिस ने मदरसे के प्रबंधक और उसके बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, ठगी करने वाले मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस की पहुंच से दूर हैं। आरोपी ठगी के लिए सेंडर एप्लीकेशन और चीन के वीपीएन का इस्तेमाल करते थे। अब तक ठगी से जुड़े 42 बैंक खाते फ्रीज किए गए हैं, जिनमें करोड़ों रुपये के ट्रांजेक्शन का पता चला है। मदरसे में मौजूद आइसीआइसीआइ बैंक के खाते से रुपए 18 अलग-अलग अकाउंट में ट्रांसफर किए गए हैं।

## लव मैरिज की बात पर मां ने दी प्रॉपर्टी से बेदखल की धमकी हैवान बेटे ने गला घोंटकर उतार दिया मौत के घाट

नई दिल्ली, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के ख्याला थाना इलाके से दिल को दहला देने वाली एक महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हत्या के इस मामले में किसी बदमाश ने नहीं बल्कि उसके अपने ही छोटे बेटे ने गला घोंटकर हत्या कर दी। वो भी सिर्फ इसलिए कि उसकी मां ने बेटे को लव मैरिज करने से रोकने के लिए डांट लगाई थी। संपत्ति से बेदखल करने की धमकी भी दी थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी बेटे सावन (22) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक घटना 6 दिसंबर 2024 की शाम लगभग 8:30 बजे की है। थाना पुलिस को एक फोन कॉल से अंजान शख्स द्वारा एक महिला की हत्या की सूचना उसके ही बेटे ने दी थी। इस पर तुरंत ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जिन्होंने पाया कि महिला जिसकी पहचान सुलोचना (45) के रूप में हुई की लाश घर के भीतर पड़ी हुई है और उसके कानों की बालियां गायब थीं। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पाया कि यह एक हत्या का मामला है,

## मकान ढहने से फटी एलपीजी पाइपलाइन गैस रिसाव से भयंकर आग, 6 झुलसे

नरेला, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। देश की राजधानी के नरेला इलाके से सिलेंडर से गैस रिसाव के बाद भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। इस हादसे में तीन बच्चे समेत 6 लोगों के झुलने की सूचना है। इस हादसे में कितने लोग हताहत हुए इसकी जानकारी अभी नहीं मिली है। आग लगने की वजह से इलाके में अफरातफरी मच मच गई और लोग जान बचाने के लिए भागत दिखाई दिए। दिल्ली के नरेला इलाके के पंजाबी कॉलोनी के शनि मंदिर में आग लगने की यह घटना सुबह 7 बजकर 54 मिनट की है। दिल्ली फायर सेवा के अफसरों के मुताबिक उन्हें पीसीआर कॉल के जरिए इसकी सूचना मिली। घटना की सूचना मिलते ही इस हादसे में झुलसे लोगों को पास के राजा हरीश चंद्र अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। इस हादसे की चपेट में आए लोग 40 से 45 प्रतिशत झुलस गए हैं।

सभी इलाज अस्पताल में चल रहा है। आग लगने की यह घटना में सिलेंडर में ब्लास्ट से न होकर गैस रिसाव की वजह से हुई है। बता दें कि दिल्ली के नरेला इलाके में पंजाबी कॉलोनी में फ्लैट की छत ढहने से खाना बनाते वक्त एलपीजी गैस पाइप लाइन में आग लग गई। आग पर काबू पा लिया गया है। आग से घर में मौजूद 6 लोग झुलस गए। सभी की हालत खतरे से बाहर है। दो दिन पहले भी नरेला के एक खाद्य प्रसंस्करण इकाई में भीषण आग लगने से तीन लोगों की मौत हुई थी। इस हादसे में 6 अन्य घायल हो गए। कंपनी श्याम कृपा फूड्स प्राइवेट लिमिटेड सूखी मूंग दाल प्रसंस्करण का काम करती है। आग पर काबू पाने के लिए 14 से अधिक दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई थीं। मृतकों की पहचान श्याम (24), राम सिंह (30) और बीरपाल (42) के रूप में हुई। ये सभ्ज्ञी सभी फैक्ट्री के कर्मचारी थे।

## शंभू बॉर्डर से किसानों के दिल्ली कूच पर जीतन राम मांझी का बड़ा बयान, क्या कुछ कहा



पटना, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। शंभू बॉर्डर पर टेंशन बढ़ गई है. किसानों ने अपनी मांगों को लेकर रविवार (08 दिसंबर) को दिल्ली कूच करने की कोशिश की. हालांकि हरियाणा पुलिस ने उन्हें रोक दिया. किसानों के प्रदर्शन पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने प्रतिक्रिया दी है. जीतन राम मांझी ने कहा कि कोई भी आंदोलन है अगर अपने हक और हुकूक के लिए करते हैं तो अच्छी बात है. इसे समझा जाना चाहिए. मांझी बोधगया में पत्रकारों से बात कर रहे थे. जीतन राम मांझी ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार किसानों के लिए प्रतिबद्ध है. हर तरह से किसानों के उपज का दोगुना पैसा दिलाना चाह रही है. हर तरह की सुविधा है और किसानों की बात सुनने को सरकार तैयार है. राज्यमंत्री तो कह रहे हैं कि चार से पांच की संख्या में प्रतिनिधि आएं. उनकी समस्या को वे सुनेंगे. अगर समस्या का समाधान कराना है तो मिलें. समस्या का समाधान होगा. अगर राजनीति करनी है तो स्वतंत्र हैं.

## कुंडलिका नदी में डूबने से नवी मुंबई के रहने वाले 4 लोगों की मौत, एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में गई जान

रायगढ़, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में एक बड़ा हादसा हो गया। कुंडलिका नदी में डूबने से 4 की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, सभी मृतक नवी मुंबई के रहने वाले थे वे रायगढ़ में अपने एक रिश्तेदार के यहां आए थे और नदी पर 10-12 लोगों का ग्रुप कपड़े धोने के मकसद से गया था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और बचाव कर्मियों की एक टीम मौके पर पहुंची थी। जिसके बाद शवों को नदी से बाहर निकाला गया। बता दें कि रायगढ़ जिले के माणगांव तहसील के रेवाल गांव में कुंडलिका नदी में डूबने से 21 वर्षीय सिद्धेश सोनार,26 वर्षीय काजल सोनार, 16 साल सिद्धी पेडेकर और 27 वर्षीय सोनी सोनार की मौत हो गई। नवी मुंबई का रहने वाला एक परिवार रायगढ़ में अपने एक रिश्तेदार के घर गया था। इस दौरान जब वे कुंडलिका नदी पर कपड़े धोने गए तो अचानक



एक युवती का पैर फिसल गया और वो नदी में डूब गई उसे बचाने के चक्कर में दो लड़कियों सहित एक युवक भी डूब गया। जिसके बाद उनके साथ आए लोगों ने राहत और बचाव के लिए प्रशासन को सूचित किया। लेकिन जब तक राहत बचाव टीम नदी पर पहुंची चारों लोगों की डूबने से मौत हो चुकी थी। जिसके बाद स्थानीय प्रशासन ने एक स्वंय सेवी एनजीओ और गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। देर रात दो लोगों के शव बरामद किए गए वहीं दो लोगों के शव रविवार सुबह मिल पाए।

**रायगढ़ में पहले भी 3 की हुई थी मौत**

इसी साल अगस्त माह में रायगढ़ जिले में नदी में डूबने से तीन लोगों की मौत हो गई थी। दरअसल। मुन्नवर शहाबुद्दीन नालबंद उनका भाई दिलावर और रिश्तेदार जाहिद जाकिर पटेल पिकनिक मनाने के लिए महाड़ में सावित्री नदी पर गए थे। इस दौरान जब वे नदी में नहाने के लिए उतरे तो पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लगा सके और डूब गए।

## 'जबरन मालिश करवाई, अश्लील वीडियो बनाया' महाराष्ट्र में फिर बदलापुर जैसा कांड कोचिंग सेंटर में टीचर की घिनौनी हरकत

ठाणे, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक बार फिर बदलापुर जैसा कांड सामने आया है। वंचित बच्चों के लिए बने कोचिंग सेंटर के तीन लड़कों का यौन शोषण करने के आरोप में 35 वर्षीय शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। अंबरनाथ पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक बालाजी पंधारे ने बताया कि पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसने कथित तौर पर लड़कों को मालिश करने के लिए मजबूर किया, उन्हें गलत तरीके से छुआ और उनके अश्लील वीडियो रिकॉर्ड किए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्व्यवहार तब सामने आया जब नौ से 15 साल की उम्र के लड़कों ने सितंबर में अपनी कक्षाएं बंद कर दीं और सेंटर में वापस आने से इनकार कर दिया। आखिरकार, पीड़ितों में से एक ने अपने परिवार को इस बारे में बताया। इसके बाद संस्थान के प्रशासन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

## पत्नी के रील बनाने से तलाक की नौबत

### एमपी में सालभर में डिवोर्स के 16 हजार केस 60% में सोशल मीडिया जिम्मेदार

भोपाल, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। भोपाल के कुटुंब न्यायालय (फैमिली कोर्ट) ने 28 नवंबर को एक पति-पत्नी को आपसी रजामंदी से तलाक दे दिया। उनकी शादी 12 साल पहले हुई थी और दोनों का एक बेटा भी है। तलाक की वजह बनी सोशल मीडिया रील्स। पति को पत्नी का सोशल मीडिया पर रील्स बनाना पसंद नहीं था तो पत्नी इससे होने वाली कमाई को गंवाना नहीं चाहती थी। इसी तरह एक पति ने शिकायत की उसकी पत्नी रील में नया दिखने के लिए रोजाना कपड़े खरीदती है, जिससे घर का खर्च बढ़ गया है, तो एक और पति की शिकायत है कि रील के जुनून में पत्नी बच्चे की देखभाल नहीं कर रही है। मुझे भी रील बनाने के लिए तैयार होने के लिए कहती है। ऐसे कई मामले हैं जिनमें सोशल मीडिया, रील्स, लाइक और फॉलोअर्स की चाहत में पति-पत्नी के बीच विवाद हो रहे हैं। जो मनमुटाव के साथ-साथ तलाक की वजह भी बन रहे हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक साल 2024 में मप्र के पांच बड़े शहरों के फैमिली कोर्ट में पति-पत्नी के बीच विवाद के 16 हजार से ज्यादा केस दर्ज हुए हैं। इनमें से 60 फीसदी यानी 9 हजार केस में विवाद की वजह सोशल मीडिया रहा है। संडे बिग स्टोरी में पढ़िए उन परिवारों की कहानी जो सोशल मीडिया की वजह से तबाह हुए। साथ ही एक्सपर्ट से जानेंगे कि कैसे सोशल मीडिया कपल्स के बीच विलेन बन रहा है।

**सोशल मीडिया रील की वजह से पत्नी की हत्या**

ये मामला भोपाल के पिपलानी थाने का है। इसी साल अगस्त के महीने में लेबर कॉलोनी में रहने वाले दिलीप मेहरा ने पत्नी छाया मेहरा की बेरहमी से हत्या कर दी थी। दोनों की शादी 2019 में हुई थी और 4 साल की एक बेटी है। पेशे से फोटोग्राफर दिलीप, ऑर्डर पर काम करता था। छाया दिन भर घर में अकेले रहती थी। धीरे-धीरे वह सोशल मीडिया पर रील बनाने लगी। उसके फॉलोअर्स की संख्या 10 हजार तक पहुंच गई थी। वह लगभग हर रोज एक रील पोस्ट करती थी। उसे डांस का शौक था, लेकिन दिलीप उसकी इस आदत की वजह से उस पर शक करने लगा। धीरे-धीरे दोनों के बीच झगड़े बढ़ने लगे। दिलीप रोजाना उसके साथ मारपीट करता था। 26 अगस्त को दिलीप ने अपने माता-पिता को घूमने के नाम पर बाहर भेजा और छाया पर तवे से हमला कर उसकी हत्या कर दी और खुद थाने में सरेंडर कर दिया।

## एक ही परिवार के 5 लोगों का गला काटा, 4 की मौत, जिंदगी की जंग लड़ रहा 13 साल का पोता

कुरुक्षेत्र, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में रात एक ही परिवार के पांच लोगों का गला काट दिया गया। इनमें से चार की मौत हो चुकी है, जबकि 13 साल का लड़का गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं और मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, गंभीर रूप से घायल लड़के को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसका इलाज किया जा रहा है। घटना शाहाबाद के यारा गांव की है। यहां जज के पूर्व रीडर के पूरे परिवार को मारने के इरादे से हमला किया गया। हत्यारे रात में घर के अंदर दाखिल हुए। इस समय परिवार के सभी लोग अपने-अपने कमरों में सो रहे थे। हत्यारों ने धारदार हथियार से सभी का गला काट दिया। हत्यारों ने जिस परिवार को अपना निशाना बनाया है। वह जज के पूर्व रीडर का परिवार है। परिवार के मुखिया नैब सिंह कुरुक्षेत्र में जज के रीडर थे। वहीं, उनके बेटे दुष्यंत शाहाबाद कोर्ट में काम करते थे। हत्याकांड का खुलासा रविवार सुबह हुआ, जब परिवार का कोई भी सदस्य घर से बाहर नहीं आया। पड़ोसियों ने आवाज लगाई पर कोई बाहर नहीं आया तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घर का दरवाजा खोला तो सभी लोग खून से लथपथ पड़े थे। नैब सिंह और उनकी पत्नी इमरित कौर की मौत हो चुकी थी। परिवार के अन्य तीन सदस्यों की सांस चल रही थी। तीनों को अस्पताल ले जाया गया। यहां नैब सिंह की बहू अमृत कौर और बेटे दुष्यंत की मौत हो गई। वहीं, पोता अभी भी अस्पताल में भर्ती है। नैब सिंह के करीबी लोगों का कहना है कि उनके परिवार की किसी से दुश्मनी नहीं थी। पुलिस को मौके से कोई हथियार भी नहीं मिला है।

## रोहिंग्याओं के समर्थन में आए उमर अब्दुल्ला सरकार के मंत्री जावेद राणा, कहा- 'नहीं काटे जाएंगे पानी के कनेक्शन'



जम्मू, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। जम्मू प्रशासन की अवैध रूप से बसे रोहिंग्याओं के खिलाफ शुरू हुई प्रशासनिक कार्रवाई नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार को रास नहीं आ रही है। प्रदेश सरकार के मंत्री जावेद राणा रोहिंग्याओं के समर्थन में आ गए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि उनके पानी के कनेक्शन नहीं काटे जाएंगे। उधर, पुलिस व प्रशासन की कार्रवाई जारी है और रोहिंग्याओं को जमीन व संपत्ति किराये पर देने वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जम्मू व आसपास बड़ी संख्या में रोहिंग्या आकर बसे हैं। पूर्ववर्ती सरकारों ने बकायदा उन्हें बिजली-पानी के कनेक्शन भी दिए। जम्मू जिला प्रशासन ने रोहिंग्याओं की बस्ती के बिजली व पानी के कनेक्शन काटने के आदेश दिए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों ने ऐसी कालोनियों में कार्रवाई कर बिजली कनेक्शन काटना शुरू कर दिया था। जल शक्ति मंत्री जावेद अहमद राणा ने साफ किया कि जब तक केंद्र रोहिंग्याओं के निर्वासन पर निर्णय नहीं ले लेती, पानी के कनेक्शन नहीं काटे जाएंगे।

**मंत्री जावेद अहमद राणा ने कही ये बात**

मंत्री ने कहा कि सरकार प्रत्येक नागरिक को जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बाध्य है। हम मानवीय आधार पर रोहिंग्याओं के लिए तब तक पानी की सप्लाई सुनिश्चित करेंगे जब तक केंद्र सरकार उनके मुद्दे पर कोई निर्णय नहीं ले लेती। हमारा कोई हक नहीं है कि हम किसी को पानी से दूर रखें। उन्हें इस कार्रवाई की कोई जानकारी नहीं है परंतु वह संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेंगे।

**किराये पर संपत्ति देने वाले मकान मालिकों पर एफआईआर**

दक्षिण जम्मू के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय शर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचित किए बिना रोहिंग्या व अन्य लोगों को संपत्ति किराये पर देने वाले मकान मालिकों के खिलाफ 18 एफआइआर दर्ज की हैं। अवैध कालोनियों में बिजली और पानी कनेक्शन देने वालों की पहचान के लिए अभियान शुरू किया है। 13700 से अधिक रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिक जम्मू सहित आसपास के जिलों में बसे हैं। वर्ष 2008 और 2016 के बीच इनकी आबादी में छह हजार से अधिक की वृद्धि हुई है। मार्च 2021 में जम्मू में 270 से अधिक रोहिंग्याओं को कठुआ उप-जेल के अंदर होल्डिंग सेंटर में भेज दिया था।

## कोलकाता में महिला टीचर ने किया सुसाइड, मरने से पहले फेसबुक लाइव में कहा था- 'स्कूल मैनेजमेंट कर रहा टॉर्चर'



कोलकाता, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। कोलकाता के दक्षिणेश्वर इलाके में एक महिला शिक्षिका की तरफ से फेसबुक पर लाइव आकर कथित रूप से खुदकुशी किए जाने की घटना सामने आई है। मृतका का नाम जसबीर कौर (58) बताया गया है। घटना पांच दिसंबर, गुरुवार की है। बताया जा रहा है कि खुदकुशी से ठीक पहले महिला ने लाइव आकर स्कूल के प्रिंसिपल और मैनेजमेंट पर मानसिक रूप से टार्चर करने का आरोप लगाया था। जसबीर का शव उनके दक्षिणेश्वर इलाके में स्थित अपार्टमेंट में फंदे पर लटका मिला था। उनके भाई जसबिंदर सिंह ने खालसा माडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल गुरमीत कौर अरजानी, मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष दविंदर सिंह बेनीपाल, सचिव गुरदेव सिंह लपरन समेत अन्य लोगों के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का केस दर्ज कराया है।

**पुलिस ने पूछताछ के लिए भेजा समन**

पुलिस ने इन सभी को पूछताछ के लिए समन भेजा है। बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट के आयुक्त आलोक राजोरिया ने कहा कि केस दर्ज किया गया है। एफआईआर में जिन लोगों के नाम दर्ज हैं, सभी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि परिवार के मुताबिक जसबीर के पति की 2003 में हत्या कर गई थी। उसके दो बेटे हैं जो विदेश में रहते हैं। जसबीर अपार्टमेंट के पहले तल्ले पर अकेली रहती थी।

**जसबीर अकेले रहने के कारण डिप्रेशन में थी**

दूसरी ओर, स्कूल प्रबंधन ने प्रताड़ना के आरोपों को खारिज किया है। प्रबंधन कमेटी के सदस्य गुरबिंदर सिंह ने कहा- जसबीर अकेले रहने के कारण डिप्रेशन में थी और बीएड सर्टिफिकेट नहीं दे पाने के कारण परेशान थी। उन्होंने कहा कि मेरे साथ जसबीर के अच्छे रिश्ते थे। तीन दिन पहले उन्होंने मुझसे स्कूल के गेट पर कहा था कि मेरे लिए कुछ करिए। उस समय मैं नहीं समझ पाया कि वह क्या कहना चाह रही हैं।

**भाई का आरोप- स्कूल वाले धमकी देते थे**

वहीं, जसबीर के भाई ने आरोप लगाया कि स्कूल के प्रिंसिपल और अन्य सदस्यों द्वारा मेरी बहन को टीचर ट्रेनिंग सर्टिफिकेट देने के लिए रोजाना मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। जसबीर को पेंशन, पीएफ, ग्रेच्युटी और रिटायरमेंट लाभ रोक लेने की धमकी दी जा रही थी। इसी के चलते उसने खुदकुशी कर ली। सभी आरोपितों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। घटना के खिलाफ परिवार के सदस्यों ने शनिवार को न्याय की मांग पर दक्षिणेश्वर के पास डनलप मोड़ पर विरोध प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शनकारियों ने उक्त स्कूल में थ्रेट कल्चर (धमकी की संस्कृति) का आरोप लगाते हुए दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की। इधर, स्कूल से जुड़े लोगों ने बताया कि जसबीर इसी स्कूल की छात्रा रही थी। पिछले 22 साल से वह इसी स्कूल में पढ़ा रही थी। जसबीर के पति की साल 2003 में हत्या हो गई थी। उसके बेटे विदेश में रहते हैं। जसबीर अकेले रहती थी।

## किराए के फार्महाउस पर चल रहा था अवैध कैसीनो, 40 गिरफ्तार

गुरुग्राम, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। गुरुग्राम से अवैध कैसीनो के भंड़ाफोड़ का मामला सामने आया है, जहां पर पुलिस ने छापेमारी कर भंडाफोड़ किया है। रात गुरुग्राम पुलिस खादरपुर गांव में मैपल फार्म हाउस पर पहुंची और छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने कैसीनो संचालकों और वहां जुआ खेल रहे लोगों के साथ 40 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मौके से कैसीनों में इस्तेमाल की जाने वाली दो टेबल को बरामद किया गया है। इसके साथ ही जुआ खेलने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 3,180 से ज्यादा टोकन और ताश के छह पैकेट बरामद किए हैं। पुलिस ये भी जानकारी दी कि इस मामले में अभी 40 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और इससे जुड़े बाकी लोगों की तलाश भी पुलिस कर रही है। इस मामले में सेक्टर 65 पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे की कार्रवाई में पुलिस जुट गई है। पुलिस ने जब इस मामले की जांच की तो सामने आया कि इस अवैध कैसीनो को किराए पर फार्म हाउस लेकर चलाया जा रहा था। इस फार्म हाउस पर बड़ी-बड़ी गाड़ियों में महिला और पुरुष आते थे और पैसा लगाते थे। इसके लिए पहले काउंटर पर पैसा जमा कर टोकन खरीदना पड़ता था और फिर जुआ खेला जाता था।

## नीतीश कुमार के मुरीद हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, नाम लिए बिना ही बहुत कुछ कह गए



नई दिल्ली, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। पटना उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दिल खोलकर तारीफ की। उन्होंने नाम लिए बिना ही कहा कि मैं तब सांसद था, जब आपके मौजूदा मुख्यमंत्री केंद्रीय मंत्री थे। उनके नेतृत्व में राज्य ने बहुत कुछ हासिल किया है। उन्होंने हमारे अतीत से सबक लिया है, जिसमें हमने देश के स्वर्ण भंडार को गिरवी रखे जाने जैसी भयावह घटनाएं देखी हैं। धनखड़ का इशारा 1990 में तत्कालीन प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के शासनकाल की ओर था, जब गंभीर वित्तीय संकट के चलते भारतीय रिजर्व बैंक को ऋण जुटाने के लिए विदेशी बैंकों के पास कई टन सोना गिरवी रखना पड़ा था। उपराष्ट्रपति ने बिहार की बेहतर कानून व्यवस्था की भी सराहना की और कहा कि यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है, ऐसा लगता है कि शिक्षा के प्राचीन केंद्र नालंदा की चमक वापस आ गई है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने महात्मा गांधी केंद्रीय वि श्व वि द्या ल य मोतिहारी के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने नीतीश कुमार की तारीफ करने के अलावा विकसित भारत के लक्ष्य पर बात की और कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रति व्यक्ति आय में आठ गुना वृद्धि हासिल करने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि फिलहाल दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश भारत जल्द ही जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ देगा।" केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्रशंसा करते हुए किसी का नाम लिए बिना धनखड़ ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भ्रष्टाचार की संस्कृति का उन्मूलन हुआ है और बिचौलियों का सफाया हो गया है। पराष्ट्रपति ने कहा, विश्व हमें आश्चर्य से देख रहा है क्योंकि हम वैश्विक मंच पर अपना उचित स्थान पाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हम अभी पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन चीजें बेहतर होती दिख रही हैं और जल्द ही हम जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ देंगे। उपराष्ट्रपति ने युवा लड़कों और लड़कियों से अलग तरीके से सोचने का आग्रह करते हुए शैक्षणिक संस्थानों से कार्यशालाएं आयोजित करने का आह्वान किया, जहां छात्र पूंजी तक आसान पहुंच और सरकार की सकारात्मक नीतियों के कारण उनके लिए उपलब्ध असीमित अवसरों के बारे में जान सकें। उन्होंने छात्रों को यह भी कहा कि एक बार जब वे अपने चुने हुए क्षेत्र में अपनी पहचान बना लेते हैं, तो उन्हें अपने विद्यालय को कुछ वापस देना चाहिए। उन्होंने पूर्व छात्र संघों के माध्यम से मासिक योगदान देने का सुझाव दिया। धनखड़ ने कहा, योगदान मासिक या वार्षिक हो सकता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप शुरुआत में दस रुपये या 10,000 रुपये का योगदान देते हैं। समय के साथ आपकी क्षमता बढ़ती जाएगी, लेकिन यह ध्यान रखें कि दुनिया के सभी प्रमुख संस्थान अपने पूर्व छात्र संघों पर बहुत अधिक निर्भर हैं।



# आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को मिलेगा सेवा विस्तार? वित्त मंत्री से मिलने के कारण हो रही चर्चा



नई दिल्ली, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। रिजर्व बैंक के वर्तमान शक्तिकांत दास का कार्यकाल 10 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। इसके बाद नए गवर्नर को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। शनिवार शाम को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से शक्तिकांत दास के मिलने के कारण यह चर्चा हो रही है कि वर्तमान गवर्नर को ही सेवा विस्तार मिल सकता है। अगर ऐसा होता है तो शक्तिकांत दास बेनेगल रामा राव के बाद सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले आरबीआई गवर्नर बन जाएंगे, जिन्होंने 1949 से 1957 तक साढ़े सात साल तक इस पद पर कार्य किया था।

**वित्त मंत्री के साथ आधे घंटे तक चली बैठक**

नॉर्थ ब्लॉक में शक्तिकांत दास की यह मुलाकात मौद्रिक नीति बैठक के एक दिन बाद हुई है। दास और सीतारमण के बीच करीब आधे घंटे तक बैठक चली। शक्तिदास दास छह साल से रिजर्व बैंक के गवर्नर हैं। 10 दिसंबर के बाद कोई संभावित विस्तार, चाहे वह हो या नहीं, अभी तक इस बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

**रिजर्व बैंक के 25वें गवर्नर हैं शक्तिकांत दास**

शक्तिकांत दास ने 12 दिसंबर, 2018 को 25वें गवर्नर के रूप में पदभार संभाला था, उनका कार्यकाल 2021 में बढ़ा दिया गया था। इससे पहले वे 15वें वित्त आयोग के सदस्य थे और भारत के जी20 शेरपा के रूप में कार्य कर चुके हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रहे शक्तिकांत दास ने वित्त, कर प्रशासन, उद्योग और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में केंद्र और राज्य सरकारों में प्रमुख पदों पर काम किया है। वित्त मंत्रालय में अपने कार्यकाल के दौरान आठ केंद्रीय बजटों को तैयार करने में उनकी भूमिका रही है।

शक्तिकांत दास को रिजर्व बैंक का गवर्नर बनाए जाने पर सवाल भी उठे थे। इसमें कहा गया था कि उनकी अकादमिक पृष्ठभूमि अर्थशास्त्र से नहीं जुड़ी हुई है। वह दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज से राजनीति शास्त्र में स्नातकोत्तर हैं। अगर उन्हें सेवा विस्तार मिलता है तो यह उनका तीसरा कार्यकाल होगा। अभी तक उनके उत्तराधिकारी का नाम सामने नहीं आया है, इसलिए लगता है कि सेवा विस्तार मिलने की संभावना में दम है।

# कैप्टागान गोली के कारोबार से मालामाल हुआ था सीरिया का असद परिवार



नई दिल्ली, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। सीरिया में गृह युद्ध छिड़ा हुआ है। खबर आ रही है कि सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद देश छोड़ कर भाग गए हैं। सीरिया में छिड़ी आंतरिक कलह कई सालों से चल रही है और जब-जब विद्रोह के सुर तेज होते हैं, तो सीरिया की राजनीति और अर्थव्यवस्था की चर्चा खूब होती है। ऐसे में एक गोली की चर्चा भी शुरू होती है, जिसका कनेक्शन असद परिवार से है और उस गोली ने न केवल असद परिवार को मालामाल किया है। बल्कि पूरी सीरिया की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका भी निभाती है। उस गोली का नाम है कैप्टागॉन। असल में यह गोली कोई साधारण गोली नहीं है। बल्कि एक ड्रग है, जिसका इस्तेमाल पहले तो डिप्रेशन के इलाज के तौर पर किया जाता था, मगर अब इसे नशे के तौर में सीरिया में लोग यूज करते हैं। इस ड्रग की बिक्री देश में खूब होती है और इससे सीरिया की कमाई भी बढ़िया होती है।बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, लंबे समय से आंतरिक कलह से जूझ रहे सीरिया की अर्थव्यवस्था को स्थिर बनाए रखने के लिए इस ड्रग ने काफी अहम भूमिका निभाई है। ये ड्रग सीरिया का मुख्य निर्यात बन गया है और इसके पीछे सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद और उनके करीबी, उनके छोटे भाई माहेर अल असद का हाथ है। हालांकि, सीरिया सरकार ने कई बार इस ड्रग यानी कैप्टागॉन के उत्पादन से जुड़े होने वाली खबरों को नकारा है।

**कितनी होती है कमाई**

सीरिया में गृहयुद्ध दशकों से चल रहा है, जिसकी वजह से देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। सीरिया की इकोनॉमी को फिर से पटरी लाने के लिए इस ड्रग के उत्पादन में सरकार भी अंदर खाने से सहयोग करती है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2021 में ही कैप्टागॉन से करीब 5.7 अरब डॉलर यानी करीब 4,81,199 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी।

**क्यों है 'कैप्टागॉन' की मांग**

कैप्टागॉन को यूं तो डिप्रेशन की दवा के तौर पर इस्तेमाल किया जाता था, मगर जब लोगों को पता चला कि इससे नशा भी होता है, तो फिर क्या था इसकी डिमांड मार्केट में बढ़ने लगी। इसका यूज सिर्फ सीरिया में ही नहीं होता है। बल्कि अरब के कुछ देश और भी हैं जहां इसकी मांग खूब है। अरब में पश्चिमी देशों की तुलना में ड्रग्स को ज्यादा बुरा माना जाता है। लेकिन यहां एक बात और ध्यान में रखने वाली है कि जिन-जिन देशों में इसका इस्तेमाल होता है।

# एलन मस्क के हाथों में अब अमेरिका की तकदीर

## कर्ज के जाल से कैसे निकलेगा ये देश?



नई दिल्ली, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। इन दिनों अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर को लेकर फिर चर्चा तेज हो गई है। अमेरिका के चीन पर बैन लगाने के ठीक बाद चीन ने यूएसए को लेकर बड़ा फैसला लिया है। उसने तीन जरूरी धातुंओं- गैलियम, जर्मेनियम और एंटीमनी के निर्यात पर रोक लगा दी है। पहले से कर्ज के जाल में फंसे अमेरिका के लिए चुनौती और बढ़ गई है। जिस संकट से अमेरिका खुद को निकालने के लिए नई तैयारी कर रहा है उसके सामने एक नई समस्या आ खड़ी हुई है। चलिए समझते हैं कि आखिरी अमेरिका पर कर्ज का संकट कितना बड़ा है, जिसको लेकर दुनिया भर में चर्चा हो रही है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका में कर्ज का स्तर चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका का कुल कर्ज 36 ट्रिलियन डॉलर यानी 36 लाख करोड़ डॉलर हो गया है, जो देश की कुल जीडीपी का लगभग 125 प्रतिशत है। अभी अमेरिका की जीडीपी 27 लाख करोड़ डॉलर है। यह स्थिति देश की वित्तीय स्थिरता और दीर्घकालिक विकास के लिए गंभीर चुनौती पैदा कर रही है।

**ब्याज भुगतान में बड़ी हिस्सेदारी**

देश को हर साल कर्ज के ब्याज के रूप में 1.12 अरब डॉलर चुकाने पड़ रहे हैं। यह आंकड़ा 2021 के मुकाबले दोगुना है। ब्यूरो ऑफ इकनॉमिक एनालिसिस के मुताबिक, सरकार की कुल आय का 18 प्रतिशत हिस्सा केवल कर्ज के ब्याज चुकाने में चला जाता है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह खर्च शिक्षा, आरएंडडी और इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों पर होने वाले कुल खर्च से भी अधिक हो गया है।

**मस्क को मिली है जिम्मेदारी**

अमेरिका का फेडरल बजट 6.75 ट्रिलियन डॉलर है, जिसमें से लगभग आधा हिस्सा सोशल सिक्योरिटी, मेडिकेयर और हेल्थकेयर जैसी योजनाओं पर खर्च होता है। लेकिन कर्ज के ब्याज का बोझ मेडिकेयर और डिफेंस स्पेंडिंग को भी पीछे छोड़ चुका है। इस चुनौती से निपटने के लिए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया विभाग बनाया है, जिसकी जिम्मेदारी एलन मस्क को सौंपी गई है। कहा जा रहा है कि अगर मस्क अमेरिका को इस जाल से निकालने में कामयाब हो जाते हैं तो यह अमेरिकी इकोनॉमी के लिए बेहद पॉजिटिव खबर होगी और शटडाउन को लेकर लगाए जा रहे कयास गलत साबित हो जाएंगे।

**अच्छी अर्थव्यवस्था में बढ़ता कर्ज**

अमेरिकी अर्थव्यवस्था फिलहाल मजबूत स्थिति में है, और बेरोजगारी दर कम है। ऐसे में बढ़ता कर्ज विश्लेषकों को हैरान कर रहा है। आमतौर पर कर्ज का स्तर तब बढ़ता है जब सरकार आर्थिक सुस्ती से निपटने के लिए खर्च बढ़ाती है। वर्तमान स्थिति में बढ़ता कर्ज न केवल भविष्य में आर्थिक संकट की आशंका बढ़ा रहा है, बल्कि शटडाउन जैसी स्थिति का खतरा भी पैदा कर रहा है।

**क्रेडिट रेटिंग पर असर**

अमेरिका के बढ़ते कर्ज का असर उसकी क्रेडिट रेटिंग पर भी दिखने लगा है। अगस्त 2023 में फिच ने अमेरिका की सॉवरेन डेट की रेटिंग एएए से घटाकर एए+ कर दी थी। मूडीज ने भी ऐसी ही कटौती की चेतावनी दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ते कर्ज और उसके ब्याज के बोझ को नियंत्रित करने के लिए सरकार को अपने खर्च की प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार करना होगा। सोशल सिक्योरिटी और हेल्थकेयर जैसी योजनाओं की बढ़ती लागत और सरकारी राजस्व में कमी इस संकट को और गहरा कर सकती है। बढ़ते कर्ज के साथ अमेरिका के सामने न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियां भी खड़ी हो रही हैं। वित्तीय अनुशासन और स्थायी विकास के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है।

# नितिन गडकरी के नए प्लान से इलेक्ट्रिक व्हीकल वालों की होगी मौज



नई दिल्ली,8 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी समय-समय पर लोगों के लिए नई-नई घोषणाएं करते रहते हैं। अब उन्होंने इलेक्ट्रिक व्हीकल वालों के लिए नया प्लान बनाया है। उनके इस प्लान से उन लोगों को काफी फायदा होगा जिनके पास इलेक्ट्रिक गाड़ी है और दिल्ली से जयपुर या जयपुर से दिल्ली आते-जाते हैं। सीएनबीसी-टीवी18 के इंडिया बिजनेस लीडर अवॉर्ड में उन्होंने अपने इस प्लान के बारे में बताया।

**क्या है सड़क मंत्री का प्लान?**

इकनॉमिक टाइम्स के मुताबिक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि सरकार दिल्ली से जयपुर तक इलेक्ट्रिक हाईवे बनाने की योजना बना रही है। इस प्रोजेक्ट को अगले सात वर्षों में शुरू करने का प्लान है। इसका लक्ष्य इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अपनाना और देश भर में इलेक्ट्रिक बसों की तैनाती को सुविधाजनक बनाना है। इन ई-हाईवे में ग्रीन एनर्जी से चलने वाले चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की सुविधा होगी।

**क्या होता है इलेक्ट्रिक हाईवे?**

इलेक्ट्रिक हाईवे सड़कों या हाईवे का एक नेटवर्क है जो विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए डिजाइन किए गए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस होता है। जिनके पास इलेक्ट्रिक गाड़ियां होती हैं और वे लंबी दूरी की यात्रा करते हैं तो इन हाईवे पर चार्जिंग स्टेशन होते हैं। इससे इलेक्ट्रिक गाड़ी चलाने वाले को काफी सहूलियत रहती है।

**6000 किमी का हाईवे बनाने का लक्ष्य**

सरकार इस समय इलेक्ट्रिक हाईवे बनाने की योजना पर तेजी से काम कर रही है। इसका उद्देश्य ईंधन की खपत और वाहनों के उत्सर्जन को कम करना है। केंद्र का लक्ष्य 6000 किलोमीटर की लंबाई के इलेक्ट्रिक हाईवे बनाना है। नए ई-हाईवे से चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इससे ज्यादा से ज्यादा लोग दैनिक आवागमन के लिए इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

**इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री में तेजी**

इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री में तेजी देखी जा रही है। पिछले साल इलेक्ट्रिक कार की बिक्री 83 हजार यूनिट तक पहुंच गई। हालांकि यह एक लाख के लक्ष्य से कम थी। वहीं साल 2022 में सिर्फ 37792 यूनिट ही बिकी थीं। काफी लोग अभी भी इलेक्ट्रिक कार खरीदने में कम रुचि दिखा रहे हैं। इसका मुख्य कारण रेंज और देश में अपर्याप्त चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर है। इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ने से इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बिक्री में भी तेजी आएगी।

# ड्रैगन की चाल से अमेरिका के साथ भारत के भी छूटे पसीने



नई दिल्ली, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। चीन ने अमेरिका के खिलाफ बड़ा कदम उठाते हुए तीन प्रमुख धातुओं – गैलियम, जर्मेनियम और एंटीमनी के निर्यात पर रोक लगा दी है। ये धातुएं स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक गाड़ियां, रडार, सोलर पैनल और रक्षा उपकरणों में अहम भूमिका निभाती हैं। चीन के इस फैसले को अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव का नतीजा माना जा रहा है। यह फैसला ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के ठीक पहले लिया गया है। यह इस बात की ओर भी इशारा कर रहा है कि आने वाले समय में अमेरिका और चीन के बीच संबंध ठीक नहीं रहने जा रहे हैं।

**चीन ने क्यों लिया ये फैसला?**

यह कदम अमेरिका द्वारा चीनी कंपनियों पर लगाए गए प्रतिबंधों के जवाब में उठाया गया है। ये कंपनियां एडवांस्ड कंप्यूटर चिप बनाने वाले उपकरण बनाती हैं, जिनका उपयोग कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रक्षा तकनीकों में होता है। चीन ने पहले ही इन धातुओं के निर्यात पर लाइसेंसिंग आवश्यकताएं लागू की थीं, और अब उसने इसे पूरी तरह रोक दिया है। गैलियम, जर्मेनियम और एंटीमनी अमेरिकी रक्षा और तकनीकी उद्योगों के लिए बेहद जरूरी हैं। गैलियम का उपयोग हाई-बैंडविथ मेमोरी चिप्स, एलईडी, और लेजर बनाने में होता है। जर्मेनियम का इस्तेमाल सोलर सेल और ऑप्टिकल फाइबर में किया जाता है। एंटीमनी का प्रयोग आग प्रतिरोधी सामग्री और सैन्य उपकरणों में होता है।


**अमेरिका को इससे कितना नुकसान?**

चीन इन धातुओं का सबसे बड़ा उत्पादक और आपूर्तिकर्ता है। अमेरिकी भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (USGS) के मुताबिक, इनकी सप्लाई में व्यवधान से अमेरिका को 3 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हो सकता है। अमेरिका ने 2023 में गैलियम और एंटीमनी का उत्पादन नहीं किया था। हालांकि, जर्मेनियम का कुछ उत्पादन अलास्का और टेनेसी की खदानों से होता है, लेकिन यह आपूर्ति की कमी को पूरा करने में नाकाफी है।चीन का यह फैसला अमेरिकी बाजारों में हलचल मचा चुका है। अमेरिका अब वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रहा है, लेकिन इसमें समय और संसाधन लगेंगे। जापान और यूरोप ने रीसाइक्लिंग और नई तकनीकों पर काम करना शुरू कर दिया है, लेकिन चीन का दबदबा अब भी बरकरार है।विशेषज्ञों का मानना है कि चीन का यह कदम अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए चुनौती है, जिन्होंने चीनी उत्पादों पर 10% अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की धमकी दी थी। ट्रंप के कार्यभार संभालने के बाद दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ने की आशंका है।

**भारत की भी बढ़ी टेंशन**

यह व्यापार युद्ध केवल अमेरिका और चीन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी असर डालेगा। जिसका असर भारत पर भी देखने को मिल सकता है। क्योंकि भारत अमेरिकी कंपनियों से चिप और इलेक्ट्रॉनिक समान की डील करता है। अगर चीन इस फैसले को जारी रखता है तो इससे भारत को अधिक कीमतों पर समान खरीदना पड़ेगा, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए भी नुकसान का कारण बनेगा। चीन ने साफ कर दिया है कि वह अपनी आर्थिक और तकनीकी स्थिति को बनाए रखने के लिए कोई भी कड़ा कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा।

# गूगल में लाइफ हमेशा आसान नहीं होती, गूगल में जॉब करने वाले शख्स ने बता दिए कंपनी का नफा-नुकसान



नई दिल्ली,8 दिसंबर (एजेंसियां)। गूगल एक ऐसी कंपनी जिसमें लगभग हर शख्स जॉब करना चाहता है। यहां की सैलरी से लेकर सुविधाओं तक की सोशल मीडिया पर चर्चा होती रहती है। लोग अपने अनुभव से बताते हैं कि यहां काम करना कितना अच्छा होता है। वहीं हर कंपनी की तरह गूगल में भी कुछ खामियां हो सकती हैं। यहां जॉब करने वाले बेंगलुरु के एक इंजीनियर ने अपना अनुभव सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है। एक्स पर 'स्ट्राइवर' के नाम से मशहूर बेंगलुरु के सॉफ्टवेयर इंजीनियर को गूगल में जॉब करते हुए तीन साल पूरे हो गए हैं। उन्होंने इन तीन वर्षों का अपना अनुभव बताया है। उन्होंने इस पोस्ट में अच्छी और बुरी, सभी बातों को लिखा है। उन्होंने इसमें लिखा है कि गूगल में काम करते हुए लाइफ हमेशा आसान नहीं होती। यहां कई तरह की चुनौतियों से जूझना पड़ता है।

**गूगल में क्या चीजें अच्छी हैं?**

इस इंजीनियर ने अपनी पोस्ट में सबसे पहले गूगल की कई अच्छी चीजों के बारे में बताया है। उन्होंने गूगल में काम के दौरान इस तरह की चीजें अच्छी लगीं: गूगल में एम्प्लॉई की वर्क-लाइफ बैलेंस के बारे में पूरा ध्यान रखा जाता है। कंपनी लगभग हर उस चीज का ख्याल रखती है जिसके बारे में आप सोच सकते हैं, जैसे- खाना, जिम, स्पा, ट्रिप, पार्टियां। कोडबेस एक ऐसी चीज है जब एक बार जब आप इसमें गोता लगाते हैं तो आप क्वालिटी, डिजाइन और आर्किटेक्चर से चकित हो जाते हैं। कंपनी में जीनियस लोगों की कमी नहीं है। यहां आपके चारों ओर काफी प्रतिभाशाली लोग मिल जाएंगे। इससे यहां काम करने वाले शख्स कई फायदे मिलते हैं। गूगल में काम करने का अपना अलग प्रभाव है। यहां काम करने का प्रभाव लाखों-अरबों लोगों तक पहुंचता है। यहां कई तरह की अतिरिक्त सुविधाएं मिलती हैं। इनमें ऑन-कॉल सैलरी, पीयर बोनस, स्पॉट बोनस आदि शामिल हैं।

**कई खामियां भी हैं**

गूगल में अच्छी चीजों के अलावा उन्होंने यहां की कुछ कमियों के बारे में भी बताया है। कुछ कमियां इस प्रकार हैं:यहां काम के लिए कई प्रकार के अप्रूवल लेने पड़ते हैं। इससे काम करने की प्रक्रिया काफी धीमी हो जाती है। यह इसलिए है ताकि कंपनी किसी कोर्ट केस आदि से बच सके। यहां काम करने का एक सीमित दायरा है। अधिकांश टीमों को एंड-टू-एंड फीचर्स पर काम करने का मौका नहीं मिलता। अधिकांश इंफ्रास्ट्रक्चर पहले से ही बना हुआ है।

# शेयर बाजार में इस हफ्ते उतार-चढ़ाव का अनुमान

## महंगाई दर के आंकड़ों से लेकर फॉरेन इन्वेस्टमेंट, 5 फैक्टर्स तय करेंगे बाजार की चाल

मुंबई,8 दिसंबर (एजेंसियां)। शेयर बाजार में इस हफ्ते उतार-चढ़ाव का अनुमान है। रिटेल और थोक महंगाई दर के आंकड़ों से लेकर फॉरेन इन्वेस्टमेंट जैसे फैक्टर्स पर बाजार की नजर रहेगी। शुक्रवार को मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी ने रेपो रेट को जस का तस रखा था, लेकिन सीआरआर को 0.5% घटा दिया था, इसका भी असर इस हफ्ते बाजार पर दिख सकता है। वेल्थ व्यू एनालिटिक्स के फाउंडर हरशुभ महेश शाह के मुताबिक बाजार का मेन डायरेक्शन अभी निगेटिव है। इस हफ्ते बाजार में गिरावट दिख सकती है। वहीं मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में वेल्थ मैनेजमेंट के प्रमुख, सिद्धार्थ खेमका को उम्मीद है कि सीआरआर कटौती और एफआईआई की वापसी के कारण बाजार में तेजी रहेगी।

नवंबर महीने के महंगाई के आंकड़े 12 दिसंबर को जारी किए जाएंगे। ज्यादातर अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि महंगाई में गिरावट आएगी। खाने-पीने की चीजें महंगी होने से अक्टूबर में रिटेल महंगाई दर बढ़कर 6.21% पर पहुंच गई थी। ये महंगाई का 14 महीनों का उच्चतम स्तर है। अगस्त 2023 में महंगाई दर 6.83% रही थी। वहीं सितंबर में भी सब्जियां महंगी होने से ये दर 5.49% पर पहुंच गई थी। महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महंगाई महीने-दर-महीने आधार पर 9.24% से बढ़कर 10.87% हो गई। ग्रामीण महंगाई 5.87% से बढ़कर 6.68% और शहरी महंगाई 5.05% से बढ़कर 5.62% हो गई थी।

महंगाई के अलावा, अक्टूबर के लिए इंडस्ट्रियल और मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्शन के आंकड़े भी 12 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। वहीं, 29 नवंबर को समाप्त पखवाड़े के लिए बैंक लोन और डिपॉजिट ग्रोथ के साथ-साथ 6 दिसंबर को समाप्त हफ्ते के लिए विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़े 13 दिसंबर को जारी किए जाएंगे। अर्थशास्त्रियों के मुताबिक महंगाई दर 2.6% के आसपास रहने की संभावना है। महंगाई के आंकड़े इसलिए भी अहम है क्योंकि 17-18 दिसंबर को फेडरल रिजर्व की मीटिंग है। ब्याज दरों में कटौती महंगाई के आंकड़ों पर निर्भर करेगी। सितंबर के मध्य के बाद पहली बार साप्ताहिक आधार पर एफआईआई फ्लो में पॉजिटिव बदलाव हुआ। एफआईआई ने कैश सेगमेंट में अभी तक 11,934 करोड़ रुपए की खरीदारी की, जबकि अक्टूबर-नवंबर में 1.6 लाख करोड़ रुपए की सेलिंग की थी।

# दैनिक पंचांग

## ग्रह गोचर




| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | वृश्चिक | मे |
| चंद्र- | कुंभ | मे |
| मंगल | कर्क | मे |
| बुध- | वृश्चिक | मे |
| गुरु- | वृष | मे |
| शुक्र- | मकर | मे |
| शनि- | कुंभ | मे |
| राहु- | मीन | मे |
| केतु- | कन्या | मे |

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| वृश्चिक- | 04-56 बजे |
| धनु---- | 07-08 बजे |
| मकर... | 09-13 बजे |
| कुंभ-- | 11-05 बजे |
| मीन-- | 12-43 बजे |
| मेष--- | 14-18 बजे |
| वृष--- | 16-04 बजे |
| मिथुन- | 18-04 बजे |
| कर्क--- | 20-17 बजे |
| सिंह--- | 22-28 बजे |
| कन्या-- | 00-35 बजे |
| तुला--- | 02-41 बजे |

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत् -2051,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
सूर्योदय - 06-37
सूर्यास्त. - 17-37
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल - पूर्व - कांच मे मुंह देखकर घर से निकले
तिथि- अष्टमी 08-03 तक उपरान्त नवमीं
मास - मार्गशीर्ष शुक्ल , सोमवार 09 December
नक्षत्र - पूर्वभाद्रपद 14-56 तक उपरान्त उ.भाद्रपद
योग - सिद्ध 01-05 तक उप व्यतिपात
करण- बव 08-03 तक उप बालव
विशेष:- जैन दिवाकर चौथमलजी पुण्य
व्रत -त्योहार - नवमी तिथि क्षय

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 07:59 से 09:22 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 06:38 - 07:59 | शुभ | चंचल | 17:41 - 19:18 | शुभ |
| काल | 07:59 - 09:22 | अशुभ | रोग. | 19:18 - 20:55 | अशुभ |
| शुभ. | 09:22 - 10:46 | शुभ | काल. | 20:55 - 22:32 | अशुभ |
| रोग | 10:46 - 12:09 | अशुभ | लाभ. | 22:32 - 00:09 | शुभ |
| उत्पात | 12:09 - 13:32 | अशुभ | उत्पात | 00:09 - 01:46 | अशुभ |
| चंचल | 13:32 - 14:55 | शुभ | शुभ. | 01:46 - 03:23 | शुभ |
| लाभ | 14:55 - 16:18 | शुभ | अमृत | 03:23 - 04:59 | शुभ |
| अमृत | 16:18 - 17:38 | शुभ | चंचल | 04:59 - 06:38 | शुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आपके व्यावसायिक कौशल में तेजी आयेगी और आप एक मजबूत भावना के साथ पेशेवर दौड़ में वापस स्थापित होंगे । आपको अपने पद और आय को एक समान या बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे और अभी तक आप अपने कार्य और पद की तुलना में काफी अल्प आय प्राप्त कर रहे थे।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आपके नए व्यापार विचार जो आपने सुझाये थे वे अब फल देने लगेंगे । आप अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने की सोच सकते है। यह अपने दम पर कुछ करने के लिए सबसे अच्छा समय है। संभावना है कि आप इस समय अपने नए व्यापार के लिए पर्याप्त वित्तपोषण प्राप्त करने में सक्षम होंगे ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
अपने सहयोगियों के साथ तालमेल और कदम से कदम बढाकर चलने का ये एक अच्छा समय है। समीक्षा और हताशा का लम्बा समय अब समाप्त होने की और अग्रसर है इसलिए इस खुशी में आप दोस्तों और परिवार और अपने ऊपर कुछ व्यय भी कर सकते है पर कोशिश करे की ये ज्यादा से ज्यादा एक दिन के लिए हो ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
एक छोटा लेकिन बेहद आकर्षक अवसर आज आप के लिए खुलने की संभावना है। निर्माण या अचल संपत्ति के कारोबार में निवेश आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकता है । हालांकि, अगर आप समय पर निर्णायक कार्रवाई करते है तभी आपको लाभ मिलेगा । अगर आप समय बर्बाद करेंगे तो अवसर आपके हाथ से निकल जाएंगे।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
काम का दबाव आप पर बढ़ेगा और आप उन चीजो से दूर हो सकते है जिन को करने में आपको आनंद आता था । आपको आराम करने के लिए ज्यादा समय नहीं मिल पायेगा इसलिए आपको जीवन की छोटी बातों से आनंद लेना होगा । ये बहुत ही संतोषजनक और आपके सामान्य प्रयास की तुलना में कम खर्चीला साबित होगा।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आज आपको अपने कार्यालय पर संचार और बातचीत कौशल का विशेष उपयोग करने की जरूरत है। आपको सावधान रहना होगा की जोर से शिकायत या किसी के पैरो में गिरने की जरुरत नहीं है , इसके बजाय आपको कूटनीति और कुशलता से दबाव के समय में कार्य करने की आवश्यकता होगी ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आप स्वभाव से गंभीर हैं और अपने कार्य करने के लिए प्रतिबद्धता का फल अब मिलने का समय है । दिन के अंत में प्रमुख वित्तीय लाभ की भी संभावना है जो आपने ईमानदारी और कड़ी मेहनत से अर्जित की है। लेकिन आपको केवल जिम्मेदारी और कर्तव्य की भावना से कार्य नहीं करना चाहिए बल्कि कार्यो को करने में हास्य की भावना विकसित करे ताकि आप को कार्य करते हुए आनंद की प्राप्ति हो ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आप स्वभाव से गंभीर हैं और अपने कार्य करने के लिए प्रतिबद्धता का फल अब मिलने का समय है । दिन के अंत में प्रमुख वित्तीय लाभ की भी संभावना है जो आपने ईमानदारी और कड़ी मेहनत से अर्जित की है। लेकिन आपको केवल जिम्मेदारी और कर्तव्य की भावना से कार्य नहीं करना चाहिए बल्कि कार्यो को करने में हास्य की भावना विकसित करे ताकि आप को कार्य करते हुए आनंद की प्राप्ति हो ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आप अच्छी तरह से अपने क्षेत्र में स्थापित हैं पर आज आप अपने काम में बैचैनी महसूस कर सकते हैं । किसी चीज़ को लेकर आप में असंतोष की भावना आज आपको परेशान कर सकती है हालांकि, अभी अपनी नौकरी छोड़ने का कदम बेवकूफी भरा होगा । ये क्षणिक भावनाए हैं जिससे आप गुमराह हो सकते है इसलिए आज किसी भी प्रमुख कैरियर निर्णय लेने से बचें ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज के दिन अप्रत्याशित धन की प्राप्ति के योग है । आज का दिन लॉटरी और सट्टा बाजार के लिए भी लाभप्रद है परन्तु ये धन लाभ कई तरह की जिम्मेदारियां भी साथ लायेगा जिसे आपको नजरअंदाज नहीं करना है । आपको इस पैसे के संबंध में आज एक महत्वपूर्ण काम का निर्वहन करना पड़ सकता है।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज्ञाकारी होना अच्छा है, लेकिन दूसरों के मुताबिक कार्य करना सही नहीं है । आप और आपके विचार सब से अलग है ।आपको जो सही लगे वह करे और लोगो की बातो में आने से बचे । आप अपने व्यय योजना में अपने खर्चो को कम करने की कोशिश कर रहे है ताकि सकारात्मक वित्तीय बदलाव आये , इसलिए आगे बढे और योजना को अंजाम दे !

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज का दिन अपने प्रयासों को तेज करने और अपनी महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सबसे अच्छा समय है । आप अपनी परियोजना के सफलतापूर्वक अंतः के लिए प्रतिबद्ध है जिसके लिए आप कड़ी मेहनत करेंगे । आपका संकल्प और अच्छे प्रयास बर्बाद नहीं होंगे और आप निकट भविष्य में अच्छे फल की उम्मीद कर सकते है ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# भारत के लिए मुसीबत खडी करता बांग्लादेश




नई दिल्ली, 8 दिसंबर (एक्सक्लूसिव डेस्क)। बांग्लादेश ने भारत की सीमा पर बेरक्टर टीबी-2 ड्रोन तैनात किया। यूनुस सरकार ने पाकिस्तान से 40 हजार से ज्यादा गोला-बारूद मंगवाए। बांग्लादेश ने पाकिस्तानियों के लिए वीजा सिक्योरिटी क्लीयरेंस खत्म किया । बांग्लादेशी बैंक नोट से शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीर हटाई गई। ये खबरें बता रही हैं कि आखिर बांग्लादेश में क्या चल रहा है, वो चाहता क्या है और क्या इससे भारत के लिए मुसीबत खड़ी होगी। इसी टॉपिक पर पडताल करती रिपोर्ट।

शनिवार को बांग्लादेशी सूत्रों के हवाले से खबर लिखी गई कि भारत की सीमा पर 6 ड्रोन तैनात किए गए हैं, जिन्हें बांग्लादेश की 67वीं आर्मी यूनिट ऑपरेट कर रही है। हालांकि डिफेंस टेक्नोलॉजी ऑफ बांग्लादेश ने देर शाम खबर को फेक बताते हुए कहा कि ये एक रूटीन एक्टिविटी है। अलग से कोई ड्रोन तैनात नहीं हुआ। बता दें कि यह ड्रोन बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने तुर्किये से खरीदे थे। इन्हीं ड्रोन की वजह से यूक्रेन ने रूस को युद्ध में कड़ी टक्कर दी थी। 2020 में अजरबैजान ने आर्मेनिया को मात दी थी।

भारत की सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने भी अपनी निगरानी बढ़ा दी है। भारत अपनी सबसे लंबी सीमा (4,097 किलोमीटर) बांग्लादेश के साथ साझा करता है। यह सीमा पहाड़ों, उफनती नदियों और घने जंगलों से होकर गुजरती है। इस वजह से भारतीय सेना को ड्रोन को ट्रैक करने में मुश्किल हो सकती है। भारत ने अपनी ड्रोन क्षमता को बढ़ाने के लिए अक्टूबर 2024 में अमेरिका के साथ 31 प्रिडेटर ड्रोन समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह सौदा 32 हजार करोड़ रुपए में तय हुआ। इनमें से 15 प्रिडेटर ड्रोन्स भारतीय नौसेना को मिलेंगे। 8 ड्रोन वायुसेना और 8 ड्रोन इंडियन आर्मी को दिए जाएंगे।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, शेख हसीना के इस्तीफे के 3 हफ्ते बाद ही केयरटेकर सरकार ने पाकिस्तान को गोला-बारूद का ऑर्डर किया था। इस ऑर्डर में 40 हजार से ज्यादा राउंड गोला-बारूद, 40 टन के 2,900 आरडीएक्स शामिल हैं। यह ऑर्डर 3 किश्तों में सितंबर से शुरू हुआ था और दिसंबर में पूरा हो जाएगा। इस गोला-बारूद का इस्तेमाल आर्टिलरी गन में किया जाना है, जो 30 से 35 किलोमीटर की रेंज तक हमला कर सकती है। बांग्लादेश तीन तरफ से भारत से घिरा हुआ है और चौथी तरफ बंगाल की खाड़ी है। यानी अगर इसके इस्तेमाल की नौबत आती है, तो भारत के खिलाफ हो सकता है।

मुहम्मद यूनुस ने मुजीबुर्रहमान की फोटो हटाने के लिए 20, 50, 100, 500 और 1,000 टका (बांग्लादेशी करेंसी) के नोट बदलने के आदेश दिए हैं। अगले 6 महीनों में नए नोट मार्केट में आ जाएंगे। इन नोटों पर धार्मिक स्थल और बंगाली परम्परा के चिन्ह बने होंगे। शेख मुजीबुर्रहमान बांग्लादेश के संस्थापक और राष्ट्रपिता होने के साथ ही शेख हसीना के पिता भी हैं। वे 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में एक प्रमुख नेता थे, जिन्होंने बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी दिलाई थी। मुहम्मद यूनुस की सरकार ने राष्ट्रपति भवन से मुजीबुर्रहमान की तस्वीरें भी हटा दी हैं। उनके नाम से जुड़ी छुट्टियां भी रद्द कर दी गईं और उनकी मूर्तियों को भी तोड़ दिया गया।

बांग्लादेश में 50 सालों में पहली बार ढाका के नेशनल प्रेस क्लब ने 11 सितंबर को जिन्ना की 76वीं सालगिरह भी मनाई थी। इस जश्न में पाकिस्तान के डिप्टी हाई कमिश्नर कामरान धंगल और यूनुस सरकार के कई लोग भी शामिल हुए थे। इसमें जिन्ना को बांग्लादेश का 'राष्ट्रपिता' घोषित करने की मांग की गई। ऐसा लगता है कि बांग्लादेश भारत के कट्टर दुश्मन पाकिस्तान के साथ रिश्ते सुधार रहा है। बांग्लादेश यह संदेश देना चाहता है कि वह अब साउथ एशियाई राजनीति को भारत के चश्मे से नहीं देखेगा।

बांग्लादेश ने पाकिस्तान के साथ रिश्ते सुधारने के लिए वीजा सिक्योरिटी क्लियरेंस को खत्म कर दिया है। 2019 में शेख हसीना की सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए नॉन ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य किया था। इस सर्टिफिकेट के बिना वीजा नहीं मिल सकता था। लेकिन अब यह प्रोसेस खत्म कर दिया गया है। इससे पहले नवंबर 2024 में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच सीधे समुद्री संपर्क की शुरुआत हुई थी। पाकिस्तान के कराची से एक कार्गो शिप बंगाल की खाड़ी होते हुए बांग्लादेश के चटगांव पोर्ट पर पहुंचा था। तब ढाका में मौजूद पाकिस्तान के राजदूत सैयद अहमद मारूफ ने कहा, यह शुरुआत पूरे बांग्लादेश में व्यापार को बढ़ावा देने में एक बड़ा कदम है। इसके अलावा यह मार्ग दोनों देशों के लिए बिजनेस के नए अवसर पैदा करेगा। हम पाकिस्तान के साथ 1971 के मुद्दे को हल करना चाहते हैं। एक लोकतांत्रिक साउथ एशिया के लिए हमें एक-दूसरे के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करने की जरूरत है।

ऐसे में भारत को बांग्लादेश और पाकिस्तान की बढ़ती नजदीकियों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। भारत और बांग्लादेश एक खुली सीमा साझा करते हैं। इसके जरिए सामान और लोगों का आसानी से आना-जाना लगा रहता है। यही वजह भारत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। बांग्लादेश अपने नए दोस्त पाकिस्तान की मदद से भारत में आतंकवाद और तस्करी को बढ़ावा दे सकता है।

2004 का उदाहरण लें तो भारत ने तब इसी रास्ते पर चीनी गोला-बारूद के लगभग 1,500 बक्से जब्त किए थे। इन बक्सों की कीमत लगभग 4.5 से 7 मिलियन डॉलर थी। यह गोला-बारूद उल्फा के लिए थे। इसके पीछे पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) का हाथ था। बांग्लादेश और भारत के बिगड़ते रिश्तों की एक वजह शेख हसीना को पनाह देना भी है। नवंबर 2024 में बांग्लादेश की केयरटेकर सरकार के चीफ मुहम्मद यूनुस ने भारत सरकार से ये मुद्दा उठाने की बात कह भी चुके हैं। इसके अलावा, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमलों और इस्कॉन के पूर्व पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी ने हालात ज्यादा खराब कर दिए हैं।

भारत सरकार ने बांग्लादेश की बॉर्डर पर पहरा बढ़ा दिया है। बीएसएफ जवानों की तैनाती भी सख्त कर दी गई है। भारत का विदेश मंत्रालय बांग्लादेश के हथियार खरीद पर भी नजरें बनाए हुए है। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के मुताबिक, '9 दिसंबर को विदेश सचिव विक्रम मिस्री बांग्लादेश जाएंगे। मिस्री मुहम्मद यूनुस की सरकार से भारत और बांग्लादेश के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। मिस्री के दौरे से उम्मीद लगाई जा रही है कि भारत और बांग्लादेश के बीच कोई समाधान निकल सकता है।

बांग्लादेश में चुनाव कराने की स्थिति शेख हसीना की सरकार के समय से ही नहीं थी। हसीना एक तरफा बहुमत से अपनी सरकार बना लेतीं थीं। यही स्थिति अभी भी जस की तस है। कॉन्स्टीट्यूशनल बॉडी के तौर पर इलेक्शन कमीशन भी अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम साबित हो रहा है। मोहम्मद यूनुस ने चुनाव कराने के लिए यूनाइटेड नेशन्स एजेंसियों को बुलाया है। लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा। बांग्लादेश में बिगड़ती स्थितियों के बीच चुनाव नहीं करा सकती। एक तरफ जहां माइनॉरिटीज पर अत्याचार बढ़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ आम जनता भी सरकार के विरोध में सड़कों पर उतरी हुई है। यूनुस सरकार को चुनाव कराने के लिए पहले देश के आंतरिक मामलों को खत्म करना पड़ेगा। आने वाले दिनों में दोनों देशों के बीच सुलह होने की उम्मीद है। भारत जिस तरह दुनिया में एक ताकतवर देश की छवि बना चुका है। ऐसे में भारत से जंग करना बांग्लादेश के लिए आसान नहीं होगा। बांग्लादेश चीन और पाकिस्तान की मदद से भारत की बॉर्डर पर तनाव जरूर पैदा कर सकता है, लेकिन जंग शुरू करने की हालत में नहीं है। दोनों देशों के बीच राजनीतिक और सामाजिक रिश्तों में खटास जरूर आई है, लेकिन आर्थिक रिश्ते पहले की तरह मजबूत हैं। कोई भी सरकार देश चलाने के लिए दूसरे देशों के साथ आर्थिक रिश्ते हमेशा मजबूत रखती है। भारत और बांग्लादेश के बीच पानी, बिजली, आलू, चावल जैसी चीजों का इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट पहले की तरह होता आ रहा है।

# मंत्री पद की रेस में पीछे रह गए कांग्रेस के ये 3 दिग्गज

## अब चुने जा सकते हैं विधायक दल के नेता




रांची, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा सत्र की शुरुआत से पहले झारखंड प्रदेश कांग्रेस को विधायक दल का नेता मिल जाएगा। विधायक दल की बैठक पहले ही हो चुकी है और इस पद के लिए केंद्रीय नेतृत्व को अधिकृत कर दिया गया है।

माना जा रहा है कि रविवार की रात अथवा सोमवार की सुबह तक विधायक दल के नेता का चयन कर लिया जाएगा। विधानसभा सत्र के पहले सीएम आवास में सत्ताधारी विधायकों की बैठक बुलाई गई है। वहीं दूसरी ओर भाजपा भी सत्र की रणनीति बनाने में जुट गई है।

### 3 विधायकों के नाम पर चर्चा

कांग्रेस के विधायक दल के नेता के लिए प्रमुख तौर पर तीन लोगों के नाम चल रहे हैं, जिसमें प्रदीप यादव, डॉ. रामेश्वर उरांव और नमन विक्सल कोंगाड़ी के नाम शामिल हैं। प्रदीप यादव का लंबा अनुभव देखते हुए उन्हें विधायक दल का नेता बनाया जा सकता है। ऐसी स्थिति में कोंगाड़ी को विधायक दल का उप नेता बनाने की भी चर्चा है।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार इस पद के लिए प्रबल दावेदार पूर्व वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव भी हैं। उरांव को अभी कैबिनेट से मुक्त कर दिया गया है और इस कारण से उनकी नाराजगी भी संभव है। यही कारण है कि उन्हें विधायक दल का नेता बनाकर भरपाई की जा सकती है। जो भी हो, सोमवार तक परिणाम आने की पूरी संभावना है।

### सत्ताधारी गठबंधन के विधायकों की बैठक

विधानसभा सत्र की शुरुआत से पहले रविवार को सत्ताधारी गठबंधन के विधायकों की बैठक होगी। सोमवार को विधानसभा सत्र की शुरुआत है और इसके ठीक पहले रविवार को सत्ताधारी गठबंधन के विधायकों की बैठक मुख्यमंत्री आवास में बुलाई गई है। पार्टी के सभी विधायक गण को सूचित किया गया है कि 08 दिसंबर को दोपहर 03 बजे रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में इंडिया गठबंधन के विधायक गणों की बैठक आहूत की गई है ।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने इसकी सूचना सभी विधायकों को भेजी है। भेजे गए संदेश के अनुसार बैठक ठीक 3 बजे शुरू होगी। विधायकों को भेजे गए निर्देश के अनुसार सभी को निश्चित रूप से रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पर दोपहर 3 बजे तक पहुंचना है।

### बीजेपी ने बुलाई विधायक दल की बैठक

9 से 12 दिसंबर तक आयोजित झारखंड विधानसभा सत्र से पहले भारतीय जनता पार्टी ने भी रविवार की शाम अपने विधायक दल की बैठक बुलाई है। हालांकि, विधानसभा में बीजेपी बिना नेता के ही जाएगी। केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से अभी तक पर्यवेक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई है। इसका अर्थ है कि भाजपा सदन में फिलहाल बिना नेता के ही जाएगी।

विधानसभा का सत्र 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक आयोजित है। इसमें नए सदस्यों के शपथ ग्रहण के साथ दूसरी वैधानिक प्रक्रिया निपटाई जाएगी। नेता विधायक दल के चयन के लिए केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश की प्रतीक्षा की जा रही है।

# 'भारत 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा', केंद्रीय मंत्री का दावा



जमशेदपुर, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान झारखंड में जमशेदपुर के एक्सएलआरआई-स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के प्लेटिनम जुबली समारोह के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने यहां अपने संबोधन में बताया कि भारत 2047 तक 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में भारत पांचवें स्थान पर है और अगले तीन वर्षों में देश तीसरे स्थान पर होगा।

धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, 75 साल पहले जब एक्सएलआरआई अस्तित्व में आया था तब भारत की गिनती अर्थव्यवस्था में नहीं होती थी। आज हम तीन ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ निया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम अगले तीन वर्षों में पांच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। हमारी अर्थव्यवस्था 2047 तक 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ जाएगी।

उन्होंने आगे कहा, हमें वेल्थ क्रिएटर, जॉब क्रिएटर बनना है। हमारे पास लाखों नौकरियां पैदा करने की क्षमता है। दुनिया डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के लिए भारत की ओर देख रही है। दुनिया में 46 प्रतिशत डिजिटल लेनदेन हमारे देश में होता है। हम सर्विस सेक्टर में आत्मनिर्भर हो गये हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति का गठन धन और रोजगार पैदा करने के मकसद से किया गया है। उन्होंने छात्रों को देश को एक मेगा पावरहाउस और दुनिया की प्रेरक शक्ति बनाने में रचनात्मक भूमिका निभाने की सलाह दी।

# झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन बोले सरकारी स्कूलों में मिलेंगी प्राइवेट जैसी सुविधाएं



जमशेदपुर, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। दशमत सोरेनः झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सह निबंधन मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि सरकारी स्कूलों की बुनियादी सुविधाओं में सरकार सुधार करेगी, ताकि राज्य के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके. सरकारी स्कूलों में निजी स्कूलों जैसी सुविधाएं देने का प्रयास है. इसके लिए स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर किया जायेगा और शीघ्र ही बहाली प्रक्रिया में तेजी लायी जायेगी. उन्हें विशेष ट्रेनिंग भी दी जायेगी. जल्द ही क्षेत्रीय भाषाओं में पठन-पाठन शुरू करेंगे. ताकि बच्चे अपनी मातृभाषा में बेहतर तरीके से सीख सकें. मंत्री बनने के बाद जमशेदपुर पहुंचने पर रामदास सोरेन ने सरकार की योजनाओं पर हा

स्कूली शिक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार ने पहले भी कई कदम उठाये हैं. हम शैक्षणिक गुणवत्ता को और बेहतर करने के लिए पाठ्यक्रम में सुधार कर रहे हैं. डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है. स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं में सुधार किया जा रहा है. साफ-सफाई, पुस्तकालय और खेलकूद के संसाधन. शिक्षकों की ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि पठन-पाठन का बेहतर माहौल बन सके तथा बच्चों की प्रतिभाएं उभर कर सामने आये. इसके अलावा, हम सरकारी स्कूलों में निजी स्कूलों जैसी सुविधाएं देने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि हर बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सके.

तत्कालीन सीएम रघुवर दास के कार्यकाल में बंद किये गये स्कूलों को फिर से खोलने की दिशा में हम कार्य कर रहे हैं. हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर बच्चे को नजदीक के स्कूल में शिक्षा मिले. बंद स्कूलों का फिर से संचालन किया जा रहा है, विशेषकर ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में हम संवेदनशीलता के साथ काम कर रहे हैं, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके. हम इन स्कूलों के इंफ्रास्ट्रक्चर को सुधारने के साथ-साथ शिक्षकों की भर्ती और उनकी ट्रेनिंग पर भी ध्यान दे रहे हैं.

# असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा पर ये क्या बोल गए झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य




रांची, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड की सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुख्य प्रवक्ता ने भाजपा नेता और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा को 'पनौती' कह दिया.

झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए आक्रामक प्रचार करने वाले असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा को झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता ने 'पनौती' कह दिया है. झामुमो के केंद्रीय महासचिव और मुख्य प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि हिमंता बिस्व सरमा को असम के मुख्यमंत्री का पद छोड़कर झारखंड में विपक्ष का नेता बन जाना चाहिए. झामुमो उनका स्वागत करेगा. सुप्रियो भट्टाचार्य ने यह भी कहा कि झामुमो हिमंता बिस्व सरमा का स्वागत करेगा, क्योंकि वह उनके लिए पनौती हैं. सुप्रियो भट्टाचार्य ने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार की उपलब्धियां गिनायीं. साथ ही यह भी कहा कि राज्य के मंत्रियों को निर्देश दिया गया है कि वे जनता के बीच रहें और उनके हित में काम करें. अपने मंत्रालय के जरिये लोगों की सेवा करें. उन्होंने कहा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन की जो सरकार बनी है, वह जनहित में काम करेगी. ज्ञात हो कि भाजपा अब तक अपने विधायक दल के नेता यानी नेता प्रतिपक्ष का चयन नहीं कर पाई है. इसी वजह से झामुमो नेता ने हिमंता बिस्व सरमा पर चुटकी ली है. हिमंता बिस्व सरमा झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के चुनाव सह-प्रभारी बनाए गए थे.

उन्होंने 3 महीने तक झारखंड में कैंप किया और सभी जिलों में जाकर चुनाव प्रचार किया. हालांकि, भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं मिली. पिछली बार उसने 25 सीटें जीतीं थीं, इस बार महज 21 सीट ही जीत पाई. वहीं, झामुमो-कांग्रेस-राजद-भाकपा माले गठबंधन ने मिलकर 56 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लौटी.

# भाकपा माओवादियों की अब खैर नहीं

## केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड पुलिस को दिया बड़ा टास्क



रांची, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से झारखंड पुलिस को भाकपा माओवादियों के सफाये का टास्क दिया गया है. मंत्रालय की ओर से झारखंड पुलिस को निर्देश दिया गया है कि नक्सलियों के सफाये के लिए प्लान बनाने की आवश्यकता है. इसके लिए मंत्रालय की ओर से झारखंड पुलिस को कुछ सुझाव भी दिये गये हैं. नक्सलियों के सफाये के लिए वैसे लोगों को चिह्नित करने की आवश्यकता है, जो नक्सलियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट पहुंचाने का काम करते हैं. इसके अलावा नक्सल से जुड़े केस में विशेष अनुसंधान के लिए डेडिकेटेड यूनिट तैयार करने को कहा, ताकि बेहतर अनुसंधान सुनिश्चित किया जा सके. नक्सल प्रभावित इलाके में रह रहे लोगों से नक्सलियों को दूर करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर जोर दिया गया. जिला स्तर पर तैयार योजना के बारे में भी रिपोर्ट मांगी गयी है. पुलिस मुख्यालय स्पेशल ब्रांच द्वारा सात अक्तूबर 2024 तक की तैयार रिपोर्ट के अनुसार चिह्नित 66 नक्सली और उग्रवादी फरार हैं. इन पर इनाम की भी घोषणा की गयी है.


# छत्तीसगढ़ में गरज चमक के साथ बारिश के आसार

## रायपुर में बूंदाबांदी, आईएमडी का अलर्ट

रायपुर, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों में आज बादल छाए रहेंगे और हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं उत्तरी भागों में गरज चमक के साथ बारिश के आसार हैं। इस बीच दो दिनों तक अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। वहीं न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत समुद्र तल से 12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर 120 नाट गति की जेट स्ट्रीम हवाएं चल रही है। एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य विक्षोभ मंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक दूरी का के रूप में है जिसकी धुरी समुद्र तल से 5. 8 किलोमीटर ऊपर है। इसके प्रभाव से प्रदेश में आज एक दो जगह पर हल्की मध्यम बारिश की संभावना है। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि दो दिनों तक प्रदेश में बादल छाए रहने और हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है। इसके दो दिनों बाद मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इस व्हिच न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी और ठंड में बढ़ोतरी होगी।

# तेज रफ्तार कार बनी काल

## वाहन के उड़े परखच्चे; तीन लोगों की मौत



दुर्ग, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। दुर्ग के भिलाई भट्टी थाना क्षेत्र के टाउनशिप सेक्टर 1 में सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक घायल हो गए। सभी घायलों को भिलाई के सेक्टर में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, आज सुबह शंकराचार्य अस्पताल में भर्ती एक और महिला की मौत हो गई। इस घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

भिलाई के सेक्टर 1 मुर्गा चौक के पास शविनार को देर रात एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराते हुए झाड़ियों में जा घुसी। कार पावर हाउस से सेक्टर 9 की तरफ जा रही थी।

इस दौरान यह हादसा हो गया। इस कार में चार लोग सवार थे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस और रहगीरो की मदद से कार में सवार सभी लोगों को बाहर निकालकर उपचार के लिए सेक्टर 9 अस्पताल भेजा गया। जहां दो लोगो की मौत हो गई जबकि आज सुबह एक महिला की और मौत हो गई। वहीं एक घायल का उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार कार को लोकेंद्र उइके चला रहा था। जैसे ही मुर्गा चौक के पास पहुंचे तो कार के आगे अचानक गाय आ गई और कार की रफ्तार तेज थी, गाय को बचाने के चलते कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराते हुए झाड़ियों में जा घुसी। भिलाई भट्टी थाना प्रभारी राजेश साहू ने बताया कि इस हादसे जानकारी मिली थी। कार में फंसे चार लोगो को बाहर निकलकर अस्पताल भिजवाया गया। जहां डॉक्टरों ने दो लोगो को मृत घोषित कर दिया। मृतिका में लोकेंद्र उईके, दीपिका कौर, पूनम कौर के रूप पहचान हुई है। वहीं परमवीर सिंह का इलाज अस्पताल में जारी है पुलिस ने मामला दर्ज का विवेचना में जुट गई है।

# तूफान ने नॉर्थ आयरलैंड में दी दस्तक

## ट्रांसपोर्ट शटडाउन, दारागह तूफान से बिजली गुल,कई पेड़ गिरे



बेलफ़ास्ट, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। दारागह तूफान ने आयरलैंड में दस्तक दे दी है। इस तूफान के चलते नॉर्थ आयरलैंड में 70 मील प्रति घंटे की तेज हवाएं चलने लगी और हजारों लोगों के एरिया में बिजली गुल हो गई है। साथ ही चक्रवात के चलते सड़कों पर पेड़ गिर गए हैं और यातायात इस से बाधित हो गया है। बस से लेकर फ्लाइट तक की सेवाओं को रद्द कर दिया गया है। दारागह तूफान के बाद पूरे नॉर्थ आयरलैंड में 48 हजार से अधिक लोग बिना बिजली के रहने को मजबूर हो गए हैं। एनआईई नेटवर्क्स ने चेतावनी दी है कि 70 मील प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं की वजह से यह परेशानी हुई है। साथ ही कहा गया है कि तूफान की वजह से गायब हुई बिजली को बहाल करने में कई दिन लग सकते हैं। एनआईई नेटवर्क्स का अनुमान है कि प्रभावित सभी लोगों को दोबारा बिजली मुहैया कराने में उन्हें कई दिन लग सकते हैं।

**फ्लाइट, बस, ट्रेन सेवाएं रद्द**

नॉर्थ आयरलैंड में न सिर्फ बिजली बल्कि तूफान के चलते लोग यातायात में भी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। ट्रेन से लेकर बस और फ्लाइट तक चक्रवात के चलते रद्द कर दिए गए हैं। साथ ही शनिवार को एक बस हादसा भी सामने आया। एक बयान में, स्टॉर्मॉन्ट विभाग ने लोगों से सिर्फ बहुत जरूरी होने पर ही यात्रा करने के लिए कहा क्योंकि सड़क की हालत अभी खराब है। उन्होंने कहा कि बस और ट्रेन सेवाओं के साथ-साथ कुछ फ्लाइट भी अभी रद्द की गई है। साथ ही स्ट्रैंगफोर्ड नाव सेवा को अगली सूचना तक के लिए निलंबित कर दिया गया है।

**900 से ज्यादा घटनाएं आई सामने**

ट्रांसपोर्ट सेवा ट्रांसलिंक इस तरह के मुश्किल समय में हर तरह की कोशिश कर रहा है। इन्फ्रास्ट्रक्चर विभाग के कर्मचारियों को तूफान के चलते रात भर में 900 से ज्यादा घटनाओं की जानकारी मिली है। घटनाओं में मलबा गिरना, पेड़ गिरना शामिल रहा, जिस पर वो काम कर रहे हैं। एक प्रमुख बिजली स्टेशन ने तूफान से एक चिमनी को नुकसान होने की सूचना दी, साथ ही कहा कि बिजली उत्पादन अस्थायी रूप से रोक दिया गया था। ईपी बल्लीलमफोर्ड स्टेशन प्रबंधक टिम मैकुलॉ ने कहा, हम परिचालन की सुरक्षित बहाली सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। हमारे कर्मचारियों की सुरक्षा हमारी लिए पहली प्राथमिकता है। हम बिजली बहाली के लिए हर जरूरी चीज पर काम कर रहे हैं। तूफान के चलते नॉर्थ आयरलैंड में कुछ प्रमुख कार्यक्रम भी रद्द कर दिए गए हैं। तीन आयरिश लीग फुटबॉल मुकाबले को रद्द कर दिया गया है।

# सीरिया में भी रूस फेल हुआ, ट्रंप के निशाने पर आए व्लादिमीर पुतिन



वॉशिंगटन, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के नवनिर्वाचित डोनाल्ड ट्रंप ने सीरिया में जारी जंग के लिए रूस को कसूरवार बताया है। ट्रंप ने कहा कि सीरिया में भी रूस फेल हुआ है। उसके हस्तक्षेप के कारण सीरिया में बवाल हुआ है। वह यूक्रेन युद्ध में उलझा हुआ है। विद्रोहियों को रोकने में वह बुरी तरह फेल हुआ है। ट्रंप ने कहा कि असद की तरह रूस को भी सीरिया से खदेड़ा गया है। छह लाख से ज्यादा सैनिकों का नुकसान हुआ है। ट्रंप ने कहा कि सीरिया की लड़ाई से अमेरिका का कोई लेना देना नहीं है। सीरिया हमारा मित्र नहीं है। उन्होंने कहा कि यह हमारी लड़ाई नहीं है। इसे चलने दें। इसमें शामिल न हों। वहीं, ट्रंप ने सीरिया में विद्रोहियों के अभियान की तारीफ की। उन्होंने कहा कि सीरिया में विद्रोहियों ने अभूतपूर्व कमद उठाया। सुनियोजित हमलों में कई शहरों पर कब्जा किया। असद शासन को खत्म करने की तरफ यह एक बड़ा कदम है। उधर, तुर्किए ने सीरिया के ताजा घटनाक्रम पर विद्रोहियों का समर्थन किया है। सीरिया में तख्तापलट पर तुर्किए ने कहा कि सीरिया में विद्रोहियों की सफलता नई वास्तविकता है। हमारी इच्छा है कि सीरिया को वह शांति मिले, जिसके लिए वह 13 वर्षों से तरस रहा है। हम एक ऐसा सीरिया देखना चाहते हैं जो अपनी पहचान के साथ शांति से रहें। तुर्किए, सीरिया का एक पड़ोसी मुल्क है। वह सीरिया में असद सरकार के खिलाफ विद्रोहियों के हमले का मुख्य समर्थक है। सीरिया में जारी गृह युद्ध को लेकर अभी तक का अपडेट यही है कि विद्रोहियों ने सीरिया के तीन बड़े शहरों अलेप्पो, दारा और होम्स पर कब्जा कर दिया है। अब बारी दमिश्क की है। विद्रोहियों विद्रोहियों ने दमिश्क को पूरी तरह से घेर लिया है। दमिश्क में बड़े संघर्ष की आंशका जताई जा रही है। दमिश्क की इमारतों पर बड़ी संख्या में स्नाइपर्स तैनात हैं। असद के सैनिक मैदान छोड़कर भाग रहे हैं।

**असद सरकार को ईरान-रूस का समर्थन**

सीरिया की असद सरकार को ईरान और रूस का समर्थन प्राप्त है। इस विद्रोह का रूस पर बड़ा असर होगा। पश्चिमी एशिया में रूस, सीरिया का सबसे भरोसेमंद साझेदार है। 2011 में बशर के खिलाफ विद्रोह के बाद से रूस उसे लगातार सपोर्ट करता रहा है। विद्रोहियों को अमेरिका का समर्थन प्राप्त है। सीरिया में पिछले 13 साल से गृह युद्ध जारी है। इसमें अब तक 4 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है।

# मनाली में लकड़ी से बना शानदार रिजॉर्ट जलकर खाक, करोड़ों में थी कीमत

मनाली, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के फेमस टूरिस्ट प्लेस मनाली में एक रिजॉर्ट जलकर खाक हो गया है। ये रिजॉर्ट लकड़ी से बना हुआ था। इसकी कीमत 30 करोड़ के आसपास बताई जा रही है। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें रिजॉर्ट को धूं-धंकर जलता हुआ देखा जा सकता है।

**क्या है पूरा मामला?**

हिमाचल प्रदेश के मनाली में स्थित संध्या रिजॉर्ट में अचानक भीषण आग लग गई। इस आग की वजह से रिजॉर्ट जलकर खाक हो गया। आग इतनी भीषण थी कि उसने आस-पास की प्रॉपर्टी को भी चपेट में लेने की कोशिश की। खबर लिखे जाने तक मौके पर फायर बिग्रेड की कोई गाड़ी नहीं पहुंची। आग लगने के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। इस दौरान आस-पास की प्रॉपर्टी वाले लोग अपनी प्रॉपर्टी पर पानी का छिड़काव करते हुए दिखे। लेकिन आग इतनी भीषण थी कि वह किसी एक आदमी द्वारा नहीं बुझाई जा सकती थी। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि आग ने पूरी तरह संध्या रिजॉर्ट को अपनी चपेट में ले लिया और धूं-धूंकर लगातार जलती रही। मौके पर लोगों के चीखने चिल्लाने की आवाजें सुनाई दीं। हालांकि खबर लिखे जाने तक किसी जनहानि की बात सामने नहीं आई है। अनुमान के मुताबिक, इस रिजॉर्ट की कीमत 30 करोड़ बताई जा रही है। बता दें कि मनाली में लकड़ी के तमाम होटल और रिजॉर्ट बने हुए हैं। इस घटना के सामने आने के बाद उनके मालिकों को भी चिंता सताने लगी है। अगर इस तरह की घटनाएं रिपीट होती हैं तो मनाली में कई प्रॉपर्टीज असुरक्षित होंगी। खतरे की बात तो ये भी है कि अगर इस तरह की किसी घटना में पर्यटक भी फंस गए तो धनहानि के साथ जनहानि भी हो सकती है। मनाली के होटल व्यापारियों के लिए ये एक चिंता की बात है।

# ताइवान की समुद्री सीमा के पास पहुंचे कई चीनी नौसैनिक जहाज जवाबी कार्रवाई में मिसाइल सिस्टम तैनात

ताईपे, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। ताइवान जलडमरूमध्य तनाव का केंद्र बना हुआ है, इसी बीच चीन के कई नौसैनिक जहाज और विमान ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी एडीआईजेड क्षेत्र घुस गए हैं। इसकी जानकारी साझा करते हुए बताया है कि उसने रविवार को सुबह 6 बजे (स्थानीय समय) तक ताइवान के आसपास सात चीनी सैन्य विमान, 14 नौसैनिक जहाज और तीन आधिकारिक जहाजों का पता लगाया है।

**ताइवान ने जवाब में मिसाइल सिस्टम तैनात किए**

ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) के अनुसार, सात पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) विमानों में से छह विमान ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार करके ताइवान के उत्तर, दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में घुस गए। वहीं चीन की कार्रवाई के जवाब में, ताइवान ने विमान और नौसैनिक जहाज भेजे और पीएलए गतिविधि पर नजर रखने के लिए तटीय-आधारित मिसाइल सिस्टम तैनात किए।



**छह विमान मध्य रेखा को पार कर एडीआईजेड में घुसे**

सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए, एमएनडी ने लिखा, आज सुबह 6 बजे (यूटीसी+8) तक ताइवान के आसपास सात पीएलए विमान, 14 पीएलएएन जहाज और तीन आधिकारिक जहाजों का पता चला। इनमें से छह विमान मध्य रेखा को पार करके ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी एडीआईजेड क्षेत्र में घुस गए। हमने स्थिति पर नजर रखी और उसी के अनुसार कार्रवाई की। एक दिन पहले, एमएनडी ने कहा था कि शनिवार को सुबह 6 बजे (स्थानीय समय) तक ताइवान के आसपास 15 चीनी सैन्य विमान, आठ नौसैनिक जहाज और चार आधिकारिक जहाजों का पता चला। दिसंबर में अब तक, ताइवान ने 71 बार चीनी सैन्य विमान और 50 बार जहाजों का अपनी सीमा में पता लगाया है।

**चीन ताइवान के खिलाफ इस्तेमाल कर रहा है ग्रे-जोन रणनीति**

सितंबर 2020 से, चीन ताइवान के आसपास ऑपरेट करने वाले सैन्य विमानों और नौसैनिक जहाजों की संख्या बढ़ाकर ग्रे-जोन रणनीति का इस्तेमाल कर रहा है। ग्रे-जोन रणनीति 'स्थिर-स्थिति निरोध और आश्वासन से परे एक प्रयास या प्रयासों की श्रृंखला है जो बल के प्रत्यक्ष और बड़े पैमाने पर उपयोग का सहारा लिए बिना किसी के सुरक्षा उद्देश्यों को प्राप्त करने का प्रयास करती है।' ताइपे टाइम्स ने बताया, इससे पहले 3 दिसंबर को, ताइवान के विदेश मंत्रालय ने अन्य लोकतांत्रिक देशों के राजनयिक संबंधों में चीन के हस्तक्षेप की आलोचना की, और इसे 'अफसोसजनक' बताया कि बीजिंग लोकतांत्रिक देशों के बीच सामान्य राजनयिक व्यवहार को समझने में विफल रहता है और इस प्रकार अक्सर 'उत्तेजक कार्रवाई' करता है।

# विस्फोटकों से लदी मोटरसाइकिल में धमाका एक की मौत, 14 घायल

कैली, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के कमांडर कर्नल कार्लोस ओविएडो ने संवाददाताओं को बताया कि अधिकारी अवैध सशस्त्र समूहों द्वारा अंजाम दी जाने वाली संभावित हिंसा को रोकने के लिए जमुंडी शहर में जांच कर रहे थे। दक्षिण-पश्चिमी कोलंबिया में शनिवार को पुलिस जांच चौकी पर विस्फोटक सामग्री से लदी मोटरसाइकिल में विस्फोट हो जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात पुलिसकर्मी समेत 14 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कैली मेट्रोपॉलिटन पुलिस के कमांडर कर्नल कार्लोस ओविएडो ने संवाददाताओं को बताया कि अधिकारी अवैध सशस्त्र समूहों द्वारा अंजाम दी जाने वाली संभावित हिंसा को रोकने के लिए जमुंडी शहर में जांच कर रहे थे। ओविएडो ने बताया कि जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार को रुकने के लिए कहा गया लेकिन वह ''डर गया'' और उसने मोटरसाइकिल पर लदी विस्फोटक सामग्री में धमाका कर दिया।

# रूस के खिलाफ जंग में यूक्रेन को मिली बड़ी राहत, अमेरिका फिर करेगा एक अरब डॉलर की मदद

सिमी वैली, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिका एक बार फिर यूक्रेन की मदद के लिए आगे आया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा है कि यूक्रेन को हथियार मुहैया कराने के लिए लगभग एक अरब अमेरिकी डॉलर की और सहायता दी जाएगी। ऐसा इसीलिए किया जा रहा है क्योंकि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अगले माह पदभार संभालने से पहले बाइडेन प्रशासन कीव को मजबूत करने के लिए कांग्रेस (संसद) द्वारा स्वीकृत पूरी धनराशि को खर्च करना चाहता है। यूक्रेन को नवीनतम मदद में 'हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम' या एचआईएमएआरएस के लिए ड्रोन और गोला-बारूद मुहैया कराए जाएंगे। यूक्रेन को इन हथियारों की फिलहाल बहुत जरूरत है जिन्हें 'यूक्रेन सिक्योरिटी अस्सिटेंस इनिशिएटिव' के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

# सीरियाई राष्ट्रपति देश छोड़कर भागे, सेना बोली- उनकी सत्ता खत्म

## टैंकों पर चढ़कर जश्न मना रहे लोग; पीएम जलीली विद्रोहियों के साथ चलते दिखे



दमिश्क, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़कर भाग चुके हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक सेना ने असद के देश छोड़ने की पुष्टि करते हुए कहा कि राष्ट्रपति की सत्ता खत्म हो चुकी है। सीरिया में पिछले 11 दिनों से विद्रोही गुटों और सेना के बीच कब्जे के लिए लड़ाई चल रही थी। विद्रोही लड़ाकों ने रविवार को राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया है। असद के देश छोड़ने के बाद सीरियाई पीएम ने विद्रोहियों को सत्ता सौंपने का प्रस्ताव दिया है। पीएम मोहम्मद गाजी अल जलाली ने एक वीडियो में कहा है कि वो देश में ही रहेंगे और जिसे भी सीरिया के लोग चुनेंगे उसके साथ मिलकर काम करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क के अलावा सीरिया के चार बड़े शहरों पर कब्जा कर लिया है। इनमें अलेप्पो, हमा, होम्स और दारा शामिल हैं। विद्रोही लड़ाके राजधानी दमिश्क में दारा शहर की तरफ से घुसे थे, जिस पर उन्होंने 6 दिसंबर को कब्जा किया था। दारा वही शहर है, जहां से 2011 में राष्ट्रपति बशर अल-असद के खिलाफ विद्रोह की शुरुआत हुई थी और पूरे देश में जंग छिड़ गई थी। दारा से राजधानी दमिश्क की दूरी करीब 100 किमी है। यहां स्थानीय विद्रोहियों ने कब्जा किया है। वहीं, अलेप्पो, हमा और होम्स इस्लामी चरमपंथी ग्रुप हयात तहरीर अल-शाम की गिरफ्त में है। संघर्ष की वजह से अब तक 3.70 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। हालांकि लोग असद सरकार के गिरने की खुशी मना रहे हैं। लोगों के सेना के टैंकों पर चढ़कर सेलिब्रेट करने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

सीरिया में 27 नवंबर को सेना और सीरियाई विद्रोही गुट हयात तहरीर अल शाम (एचटीएस) के बीच 2020 की सीजफायर के बाद फिर संघर्ष शुरू हुआ था। इसके बाद 1 दिसंबर को विद्रोहियों ने सीरिया के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो पर कब्जा कर लिया। इसे राष्ट्रपति बशर अल असद ने सीरिया की जंग के दौरान 4 साल की लड़ाई के बाद जीता था। अलेप्पो जीतने के 4 दिन बाद विद्रोही गुटों ने एक और बड़े शहर हमा और फिर दक्षिणी शहर दारा पर कब्जा कर लिया। इसके बाद राजधानी दमिश्क को दो दिशाओं से घेर लिया है। दारा और राजधानी दमिश्क के बीच सिर्फ 90 किमी की दूरी है।

# 'समय निकलता जा रहा'

## हमास के नए वीडियो में इजरायली बंधक ने नेतन्याहू से की खास अपील

हमास, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। हमास की ने एक इजरायली बंधक का वीडियो जारी किया है, जिसमें बंधक ने रिहाई के बदले गाजा में युद्ध विराम की अपील की है। बंधक की पहचान मतन जंगाउकर के रूप में हुई है। वीडियो में उसने कहा, मुझे हमास ने 420 दिनों से अधिक समय तक बंधक बनाकर रखा है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को संबोधित करते हुए उसने आगे कहा, हमने रिहाई को लेकर आपकी नई योजना के बारे में सुना है, जिसके मुताबिक गाजा से हमारी सुरक्षित वापसी और निकास सुनिश्चित कराने वाले शख्स को 5 मिलियन डॉलर दिया जाएगा।

**'इजरायली सरकार ने हमारी उपेक्षा की'**

जंगाउकर ने कहा, इजरायली सरकार ने हमारी उपेक्षा की और हर दिन ऐसा करना जारी रखा। मुझे उम्मीद है कि आप स्थिति को बदलने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और मुझे और अन्य कैदियों को जीवित और सुरक्षित वापस लाएंगे। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि उनकी मां, इनाव जंगाउकर, बंधकों की रिहाई के संघर्ष में प्रमुख कार्यकर्ताओं में से एक हैं। इसमें इजरायली सरकार पर हमास के साथ एक समझौते को आगे बढ़ाने के लिए दबाव डालना भी शामिल है।

**'समय समाप्त हो रहा है'**

हमास ने टेलीग्राम पर समय समाप्त हो रहा है के कैप्शन के साथ इस वीडियो को डाला है। वीडियो जारी होने के बाद तेल अवीव में एक प्रदर्शन में इनाव जंगाउकर ने नेतन्याहू को संबोधित करते हुए कहा, यह तथ्य कि मतन आज जीवित है, इसका मतलब यह नहीं है कि वह सर्दी या निरंतर सैन्य दबाव से बच जाएगा। मतन और सभी को वापस लाने का एकमात्र तरीका डील है, भले ही युद्ध को समाप्त करने की कीमत पर ही क्यों न हो।

**इजरायली ऑपरेशन का मुकाबला करने की अपील**

हमास ने एक बयान में कहा कि युद्ध और इजरायली आक्रामकता को समाप्त करना गाजा में किसी भी समझौते का मूल है। यह बयान हमास की शूरा परिषद के अध्यक्ष मोहम्मद दरवेश और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच दोहा में हुई बैठक के बाद जारी किया गया। उन्होंने कहा कि हमास मध्यस्थ प्रस्तावों के लिए खुला है, बशर्ते वे फिलिस्तीनी लोगों के हितों को प्राथमिकता दें और उनकी पीड़ा को कम करने पर काम करें। इसके साथ ही उसने गाजा के निवासियों के पक्ष में हत्याओं, नाकाबंदी और भुखमरी की इजरायली ऑपरेशन का मुकाबला करने की अपील की।

# ढाका में इस्कॉन मंदिर में लगाई आग मूर्तियों में तोड़फोड़ की गई

ढाका/कोलकाता, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश के ढाका जिले स्थित अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) मंदिर में कुछ लोगों ने देर रात आग लगा दी जबकि पड़ोसी देश स्थित इस्कॉन ने कहा कि यह एक भक्त का ''पारिवारिक मंदिर'' था। वहीं, संगठन के कोलकाता कार्यालय ने कहा, ''इस्कॉन नमहट्टा केंद्र'' को निशाना बनाया गया। ढाका जिले के तुराग पुलिस थाने के अंतर्गत धौर गांव स्थित इस्कॉन नमहट्टा केंद्र पर शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात हमला किया गया। तुराग पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि अपराधियों की तलाश की जा रही है। बांग्लादेश में इस्कॉन के महासचिव चारु चंद्र दास ब्रह्मचारी ने बताया, ''मंदिर की टीन की छत को उखाड़ने के बाद आग लगाई गई। हालांकि आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया, लेकिन एक मूर्ति क्षतिग्रस्त हो गई और पर्दे जल गए।''वहीं दूसरी ओर, कोलकाता स्थित इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने बताया, ''अराजक तत्वों ने नमहट्टा संपत्ति में मंदिर के अंदर स्थापित मूर्तियों में आग लगा दी।'' उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''बांग्लादेश में इस्कॉन नमहट्टा केंद्र को जला दिया गया। श्री श्री लक्ष्मी नारायण की मूर्तियां और मंदिर के अंदर की सभी वस्तुएं पूरी तरह जल गई हैं। यह केंद्र ढाका में स्थित है। बदमाशों ने शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात 2-3 बजे श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर और श्री श्री महाभाग्य लक्ष्मी नारायण मंदिर में आग लगा दी।

ये मंदिर ढाका जिले के तुराग पुलिस थाने के अंतर्गत धौर गांव स्थित हरे कृष्ण नमहट्टा संघ के अधिकार क्षेत्र में आते हैं।''दास ने एक पोस्ट में मंदिर का पता बताते हुए कहा, ''मंदिर के पीछे टीन की छत को उठाकर पेट्रोल या ऑक्टेन का इस्तेमाल करके आग लगाई गई।'' बांग्लादेश में पांच अगस्त को छात्रों के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के बाद जब अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत आ गईं थी और इसके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के देश की बागडोर संभाले जाने के बाद से भारत और पड़ोसी देश के संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं।

# बहरीन पहुंचे एस. जयशंकर, मनामा डायलॉग में होंगे शामिल; द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की होगी समीक्षा



बहरीन, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर मनामा डायलॉग में हिस्सा लेने के लिए बहरीन के मनामा पहुंच गए हैं। उनका स्वागत बहरीन के विदेश मंत्री ने किया। इसे लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी साझा की है। उन्होंने लिखा, 'आज शाम मनामा पहुंचकर बहुत खुशी हो रही है। अपने भाई विदेश मंत्री डॉ। अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल ज़ायनी से मिलकर बहुत अच्छा लगा। कल मनामा डायलॉग में भाग लेने के लिए उत्सुक हूं। मुझे विश्वास है कि हमारा उच्च संयुक्त आयोग बहुत ही उत्पादक होगा।'

**द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की होगी समीक्षा**

विदेश मंत्री अपनी यात्रा के दूसरे चरण के तहत बहरीन की यात्रा कर रहे हैं। वे 9 दिसंबर तक बहरीन में रहेंगे, जहां वे बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल ज़ायनी के साथ चौथे भारत-बहरीन उच्च संयुक्त आयोग (एचजेसी) की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस मंत्रिस्तरीय बैठक में द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की जाएगी और भारत और बहरीन के बीच बहुआयामी संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की जाएगी।

**मनामा डायलॉग के 20वें संस्करण में लेंगे हिस्सा**

विदेश मंत्री 8 दिसंबर को बहरीन में आईआईएसएस मनामा डायलॉग के 20वें संस्करण में भी भाग लेंगे। इस वर्ष मनामा डायलॉग का विषय है 'क्षेत्रीय समृद्धि और सुरक्षा को आकार देने में मध्य पूर्व का नेतृत्व।' भारत और बहरीन के बीच सौहार्दपूर्ण राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच संपर्कों की विशेषता वाले उत्कृष्ट द्विपक्षीय संबंध हैं। दोनों देशों के बीच कई उच्च स्तरीय बातचीत हुई है जो दोनों देशों के बीच संबंधों की निकटता को दर्शाती है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बहरीन भारत के साथ अधिक से अधिक आर्थिक जुड़ाव की तलाश करने का इच्छुक है क्योंकि बहरीन बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के महत्व और क्षमता को पहचानता है और हाल के दिनों में इसकी पूर्व की ओर देखो नीति में भारत एक प्रमुख धुरी के रूप में है। दोनों देशों के बीच सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सहयोग है। दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंध फल-फूल रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बहरीन में 3 लाख से अधिक भारतीय नागरिक रहते हैं। बहरीन ने बहरीन के इतिहास और प्रगति में भारतीय समुदाय के योगदान को स्वीकार करने और चिह्नित करने के लिए नवंबर 2015 में 'लिटिल इंडिया इन बहरीन' परियोजना शुरू की।

# पाकिस्तान में सुरक्षाबलों ने मार गिराए 22 आतंकवादी, अभियान में छह सैनिक भी मारे गए

पेशावर, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो दिनों में तीन अलग-अलग अभियानों के दौरान कम से कम 22 आतंकवादियों को मार गिराया गया, जबकि छह सैनिक मारे गए। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग ने यह जानकारी दी इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि खुफिया-आधारित ऑपरेशन (आईबीओ) खैबर पख्तूनख्वा के टैंक, उत्तरी वजीरिस्तान और थाल जिलों में 6 से 7 दिसंबर तक हुए। टैंक जिले में, आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना पर सैनिकों ने गुल इमाम क्षेत्र में आतंकवादियों के ठिकाने पर प्रभावी कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप नौ आतंकवादियों की मौत हो गई, जबकि छह घायल हो गए। उत्तरी वजीरिस्तान में कम से कम 10 आतंकवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया गया, जबकि तीसरी मुठभेड़ में, आईएसपीआर के अनुसार, सुरक्षा बलों ने थाल जिले में एक चेक पोस्ट पर हमला करने के आतंकवादियों के प्रयास को विफल कर दिया, जिसके दौरान तीन आतंकवादी मारे गए। हालांकि, भीषण गोलीबारी के दौरान छह सैनिक भी मारे गए, आईएसपीआर ने कहा, क्षेत्र में आतंकियों के सफाए के लिए अभियान शुरू किया गया है। प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने छह सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की।



# राइजिंग राजस्थान के बीच अगले बजट के लिए मंथन शुरू

## इस बार 'पर्यावरण संरक्षण' पर रहेगा विशेष फोकस



जयपुर, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। राइजिंग राजस्थान और सरकार के एक साल की तैयारियों के बीच ही प्रदेश में अगले बजट के लिए भी मंथन शुरू हो गया है। बजट निर्धारण कमेटी की बैठकों में विभागवार प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है। इन बैठकों में विभागीय आवश्यकता व संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर बजट प्रस्ताव पेश किए जा रहे हैं।

सभी योजनाओं का सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) से मिलान किया जा रहा। इसके अलावा यह भी देखा जा रहा है कि एक ही उद्देश्य के लिए अलग-अलग योजनाएं चल रही हैं, तो उनका विलय कर योजनाओं की संख्या सीमित की जाए।

**अब तक बजट में इनका प्रावधान**

ग्रीन बजट- आने वाले बजट शुरुआत होगी, जिसमें पर्यावरण संरक्षण पर फोकस किया जाएगा।

कृषि बजट- वर्ष 2022-23 से शुरुआत, जिसमें कृषि के लिए अलग से प्रावधान।

जेंडर बजट- वर्ष 2012-13 से शुरुआत, जिसमें महिलाओं के लिए अलग से प्रावधान। इसकी जेंडर पैरिटी इंडेक्स के माध्यम से समीक्षा की जा रही है।

चाइल्ड बजट- वर्ष 2020-21 से शुरू, जिसमें बच्चों के लिए अलग से प्रावधान।

एसडीजी- वर्ष 2019 से एसडीजी के 17 मानकों के अंतर्गत 169 लक्ष्यों की योजनाओं से मैपिंग।

# नवल सागर झील के किनारे शहरवासियों से रूबरू हुए ओम बिरला

## शहर के विकास को लेकर की चर्चा



बूंदी, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने बूंदी प्रवास के दौरान रविवार को नवल सागर झील के किनारे शहरवासियों और प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर शहर के समग्र विकास को लेकर चर्चा की। इस दौरान ऊर्जा राज्यमंत्री एवं बूंदी जिला प्रभारी हीरालाल नागर भी उनके साथ उपस्थित थे। बिरला ने बूंदीवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हो रहे प्रयासों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि बालचंदपाड़ा और नाहर का चौहट्टा क्षेत्र में गर्मियों के दौरान बिजली की अनियमित आपूर्ति को देखते हुए ग्रिड सब-स्टेशन का निर्माण करवाया जा रहा है। जमीन आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी होने के बाद इसका कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने पुराने शहर के हैरिटेज लुक को बनाए रखने के लिए झूलते बिजली तारों को भूमिगत करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि बूंदी शहर पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं रखता है। रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी और बोटिंग जैसी सुविधाओं की शुरुआत की गई है, जिससे यह देश का एक प्रमुख टाइगर रिजर्व बनेगा। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध विकास कार्यों से बूंदी को पर्यटन स्थल के रूप में पहचान दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

बिरला ने कहा कि नवल सागर झील को पर्यटन का प्रमुख आकर्षण बनाने के लिए इसके सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। झील में गिरने वाले गंदे पानी की समस्या का समाधान करने और कैचमेंट एरिया को पक्का करने के बाद इसे और आकर्षक बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों से झील देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए एक खास आकर्षण बन जाएगी।

अपने प्रवास के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मंत्री हीरालाल नागर ने पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत के निवास पर पहुंचकर उनकी माता के निधन पर शोक व्यक्त किया और परिवार को सांत्वना देते हुए दुख की इस घड़ी में धैर्य रखने की बात कही।

इस दौरान पूर्व विधायक अशोक डोगरा, जिला पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, एडीएम सुदर्शन सिंह तोमर, और अन्य गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी उनके साथ उपस्थित रहे।

# 20 साल बाद फिर शुरू हुए खनन पर जनता का आक्रोश

## गुढ़ा के नेतृत्व में विरोध के बाद कार्य बंद




झुंझुनू, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। जिले के कान्हा पहाड़ में लगभग 20 साल बाद फिर शुरू हुए खनन और ब्लास्टिंग के चलते आक्रोशित लोग ने इसे लेकर पूर्व मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा के साथ मिलकर बीते कुछ दिनों से धरने पर बैठे थे, जिसके चलते जिला प्रशासन ने खनन और ब्लास्टिंग को एक बार फिर बंद करवा दिया। खनन बंद करने के आदेश की खबरों के बाद कान्हा पड़ाडी के आसपास बसे लोगों में इस बात तो लकर खुशी की लहर है। गौरतलब है कि यहां पिछले दिनों मैसर्स जवान रॉकमूवर्स ने तीन में से एक खनन पट्टे की स्वीकृति ले ली थी। इसके बाद 23 अगस्त से खनन कार्य शुरू कर दिया था, वहीं 25 नवंबर से भारी ब्लास्टिंग की जा रही थी, जिससे लोग परेशान थे।

कान्हा पहाड़ पर खनन और ब्लास्टिंग का विरोध करने के लिए पूर्व मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा और राजस्थान मदरसा बोर्ड के चैयरमेन एमडी चौपदार सहित शहर के अन्य स्थानीय नेताओं ने इसके विरोध में मोर्चा खोल रखा था। पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि यहां खनन कार्य सालों से बंद था। प्रशासन ने पैसों का खेला करके वापस लीज को चालू करवाया है। इसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यहां आबादी है, किसी सूरत में यहां खनन नहीं होने देंगे। उन्होंने प्रशासन को चेताते हुए कहा कि यहां पर किसी भी प्रकार का खनन और ब्लास्टिंग नहीं होने देंगे। गुढ़ा ने प्रशासनिक अधिकारियों पर आरोप लगाया कि पैसों के दम पर गलत रिपोर्ट भेजी गई जिसके आधार परमिशन ली गई, जो बर्दाश्त नहीं होगी और इस परमिशन को रद्द करना होगा। गुढ़ा शहर में आबादी इलाके के पास स्थित कान्हा पहाड़ी में लीजधारक को फिर से खनन-ब्लास्टिंग की अनुमति देने पर गुस्सा थे।

धरने में शामिल स्थानीय निवासी खादिम तगाला ने बताया कि प्रशासन ने पहाड़ी के पास बसी आबादी का ध्यान नहीं रखा। हर रोज यहां ब्लास्टिंग होने हो रही है। जब ब्लास्टिंग होती है तो ऐसा लगता है कि शहर में भूकंप के झटके लग रहे हों। वहीं असलम मिर्जा ने आपबीती बताते हुए कहा कि हमारे मकान पहाड़ी से 300 मीटर की दूरी पर हैं। पूरी रात खनन का काम होने से मशीनों की आवाज होती है, जिसके कारण लोगों रात को सोना भी मुश्किल हो गया था। लोगों का कहना है कि ब्लास्टिंग के चलते लगातार उड़ती धूल-मिट्टी से सांस की तकलीफें बढ़ने लगी थीं।

बहरहाल प्रशासन ने इस ब्लास्टिंग पर रोक लगा दी है, जिससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।

# अंतरराष्ट्रीय सीमा पर फिर मिला पाकिस्तानी गुब्बारा

## पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां कर रही हैं जांच



बीकानेर, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। बीकानेर के खाजूवाला क्षेत्र के 26BD खेत में एक संदिग्ध हरे और सफेद रंग का गुब्बारा मिला, जिस पर पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस लिखा हुआ था। यह गुब्बारा भारत-पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास एक खेत में मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में हलचल मच गई है।

ग्रामीणों ने यह संदिग्ध गुब्बारा देखकर तुरंत खाजूवाला पुलिस और सीमा सुरक्षा बल को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और BSF की टीम मौके पर पहुंची और गुब्बारे की जांच शुरू की। सुरक्षा एजेंसियां इसे किसी साजिश या संदेश का हिस्सा मानकर जांच कर रही हैं।

गौरतलब है कि हाल ही में इसी क्षेत्र में हेरोइन की बड़ी खेप बरामद की गई थी। उस घटना में पुलिस और बीएसएफ ने सतर्कता दिखाते हुए तस्करों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से ही सीमा क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। संदिग्ध गुब्बारे की जांच के लिए BSF और जी ब्रांच की टीमें सक्रिय हो गई हैं। पुलिस इसे सीमा पार से किसी संभावित साजिश के तहत भेजा गया संदेश मानकर विभिन्न कोणों से इसकी जांच कर रही है।

साथ ही सुरक्षा एजेंसियां इस बात का पता लगाने की भी कोशिश कर रही हैं कि गुब्बारा सीमा पार से आया है या इसे किसी अन्य उद्देश्य से यहां छोड़ा गया। इस घटना ने सुरक्षा बलों को अलर्ट पर ला दिया है और क्षेत्र में निगरानी और कड़ी कर दी गई है। खाजूवाला पुलिस और BSF अधिकारियों ने कहा कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है, और सुरक्षा की दृष्टि से हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

# राजस्थान दौरे पर राहुल गांधी, कांग्रेस के संगम कार्यक्रम में की शिरकत

## डोटासरा को मीटिंग हॉल में नहीं मिला प्रवेश



जयपुर, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज एक दिवसीय राजस्थान दौरे पर हैं। वे सुबह जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से सीधे चौमूं के लिए रवाना हुए। जहां पर खेड़ापति बालाजी के दर्शन किए। इसके बाद राहुल गांधी ने कांग्रेस के संगम कार्यक्रम में शिरकत की। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा और चौमूं विधायक शिखा मील भी राहुल गांधी के साथ खेड़ापति बालाजी आश्रम पहुंचे। लेकिन, उन्हें मीटिंग हॉल में प्रवेश नहीं मिला। इसके बाद वे वापस लौट आए।

इससे पहले राहुल गांधी दिल्ली से रवाना होकर सुबह करीब 9 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे। जहां पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राहुल गांधी का स्वागत किया। बता दें कि राहुल गांधी का 17 दिन में यह दूसरा राजस्थान दौरा है।

**पार्टी की मूल विचारधारा पर चर्चा**

सामोद के खेड़ापति आश्रम में कांग्रेस के 'नेतृत्व संगम' सम्मेलन में राहुल गांधी ने चुनिंदा नेताओं से चर्चा की। मीटिंग में 16 राज्यों के करीब 70 नेता मौजूद है। जहां पर पार्टी की मूल विचारधारा पर चर्चा चल रही है। खास बात यह रही कि इस कार्यक्रम में अशोक गहलोत, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, सचिन पायलट सहित राजस्थान के किसी बड़े नेता को एंट्री नहीं मिली है।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

राहुल गांधी के दौरे के चलते चौमूं में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम है। राहुल गांधी करीब 6 घंटे जयपुर दौरे पर रहेंगे और इसके बाद वे दोपहर 3 बजे वापस दिल्ली लौट जाएंगे।

# हाईटेंशन लाइन के करंट से बालिका ने गंवाए दोनों हाथ

## कोर्ट ने डिस्कॉम से दिलाया एक करोड़ का मुआवजा




जयपुर, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। हाईटेंशन लाइन के करंट से दोनों हाथ गंवा चुकी बालिका को जयपुर के जिला न्यायालय ने जयपुर डिस्कॉम से 99 लाख रुपए मुआवजा और 2.20 लाख रुपए वाद खर्च दिलाया है। कोर्ट ने कहा, बेटी घर की रौनक होती है, वह खुशियों की वजह व दुनिया का अनमोल उपहार है। पूरी जिंदगी शारीरिक व मानसिक पीड़ा होगी। बेटी हर काम में हाथ बंटाती है।

कोर्ट ने कहा कि मुआवजा 50 लाख रुपए और ब्याज मांगा, लेकिन केस करीब आठ साल चला।

इस दौरान रुपए का अवमूल्यन हुआ। भविष्य में इलाज व जीवनभर संघर्ष को देखते हुए 99 लाख रुपए मुआवजा दें। वाद की तारीख 19 जनवरी 2016 से 6% की दर से ब्याज दिलाना उचित है।

राशि की एफडी हो। 25 लाख 21 वर्ष की उम्र में दें, शेष राशि 35 वर्ष की आयु के लिए एफडी में जमा कराएं।

# पिकनिक जा रहे बच्चों की बस पलटी, तीन की मौत



राजसमंद, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। राजसमंद जिले के चारभुजा स्थित देसूरी नाल में स्कूली बच्चों से भरी पलटने से तीन बच्चों की मौत गई। वहीं कई बच्चे घायल हो गए। घायलों का आमेट और चारभुजा उप स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार जारी है। जानकारों के अनुसार आमेट के राछेटी पंचायत के माणकदेह राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के विद्यार्थी रविवार को सुबह बस के माध्यम से पिकनिक मनाने के लिए रवाना हुए। रवानगी के एक घंटे के बाद ही बस चारभुजा स्थित देसूरी नाल पहुंची। वहां पर मोड़ पर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे बस में सवार तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 7-8 बच्चे घायल बताए जा रहे हैं। इसमें दो बच्चों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। सूचना पर जिला प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची।

घायल बच्चों को आमेट और चारभुजा के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। वहां पर घायलों का उपचार जारी है। सूचना पर जिला प्रशासन के अधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंचे है। घायलों के अनुसार बस में 50 से अधिक बच्चे बताए जा रहे हैं। हालांकि हादसे का कारण क्या रहा इसके बारे में जांच के बाद ही खुलासा होगा।

**गेहूं की बोरियों के नीचे दबने से तीन श्रमिकों की मौत**

चारभुजा. थाना अंतर्गत चारभुजा से केलवाड़ा की तरफ जा रहा गेहूं से भरा ट्रक शुक्रवार देर रात करीब साढ़े दस बजे धोला की ओड़ व भगत तलाई के बीच बेकाबू होने से 30 फीट गहरी खाई में गिर गया। इससे ट्रक के पीछे बॉडी में बैठे तीन मजदूरों की गेहूं के बोरों के नीचे दबने से मौत हो गई, जबकि चालक सहित दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रक चालक गेहूं से भरे ट्रक को आईएफसी के राशन वितरण के लिए ग्राम पंचायतों के केंद्रों पर ले जा रहा था।

# वांछित आरोपियों को पकड़ने गए पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट, नाबालिग को डिटेन कर बाल सुधार गृह भेजा

सिरोही, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जिले के वीरपुर गांव में पहुंची पुलिस टीम पर हमला करने और राजकार्य में बाधा डालने के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग को डिटेन कर बाल सुधार गृह भेज दिया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

यह मामला 4 दिसंबर का है, जब सिरोही सदर पुलिस टीम ने मारपीट और अन्य मामलों में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए वीरपुर गांव में दबिश दी। सिरोही सदर थानाधिकारी हंसाराम सिरवी के अनुसार सिरोही कोतवाली के कॉन्स्टेबल सुरेंद्र मीणा और उनके साथी दुर्गेश कुमार ने गांव के आम चौराहे पर नाबालिग मुख्य आरोपी और उसके साथी रघुवीर सिंह को रोका तो आरोपियों ने जातिगत टिप्पणी करते हुए पुलिसकर्मियों से बहस की। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उन्हें थाने चलने को कहा तो मुख्य आरोपी और उसके साथी रघुवीर सिंह के साथ हिम्मत सिंह, विक्रम सिंह और एक अन्य व्यक्ति ने लोहे की रॉड से पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। घटना में सुरेंद्र मीणा और दुर्गेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले के बाद आरोपी मोटर साइकिल पर फरार हो गए। घायल पुलिसकर्मियों को मौके पर पहुंची टीम ने सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

5 दिसंबर को कॉन्स्टेबल सुरेंद्र कुमार ने एससी-एसटी एक्ट, राजकार्य में बाधा और अन्य गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया, जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक नाबालिग को डिटेन कर बाल सुधार गृह भेज दिया।

# 3 से 4 डिग्री तक गिरा न्यूनतम तापमान

## मौसम विभाग ने दी बारिश की चेतावनी

जयपुर, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले दो दिन बारिश और बादल छाए रहने की चेतावनी जारी की है। नया पश्चिमी विक्षोभ आज भी सक्रिय रहेगा। इसके असर से सर्दी बढ़ेगी और बादल छाए रहेंगे। धूप की कमी से दिन के समय भी काफी ठंड का अहसास रहेगा। इसके बाद प्रदेश में 10 से 12 दिसंबर के बीच उत्तरी इलाकों तथा शेखावाटी क्षेत्र में जबरदस्त शीतलहर की चेतावनी भी जारी की गई है। इस दौरान यहां न्यूनतम तापमान 6 से 3 डिग्री के बीच रह सकता है। शीतलहर की चेतावनी को देखते हुए बच्चों और बुर्जुगों को घर पर ही रहने की सलाह दी गई है।

बीते 24 घंटों में प्रदेश के कई इलाकों में न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री तक की तेज गिरावट आई है। शेखावाटी का सीकर जिला प्रदेश का सबसे ठंडा इलाका बन गया है। बीते 24 घंटों में यहां न्यूनतम तापमान 5 डिग्री पहुंच चुका है। हिल स्टेशन माउंट आबू पर भी न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज किया गया है।

चूरू में न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। बीते 24 घंटों में यहां न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री से ज्यादा की गिरावट आई है। संगरिया में न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री रहा। करौली में न्यूनतम पारा 7.9 डिग्री दर्ज किया गया। पिलानी में न्यूनतम तापमान 6.3 डिग्री, अलवर में 6.6 डिग्री दर्ज किया गया।

# व्यापारियों से रंगदारी मांगने के मामले में लॉरेंस गैंग के गुर्गों ने किया चौंकाने वाला खुलासा

जयपुर, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। जयपुर में व्यापारियों से रंगदारी मांगने के मामले में गिरफ्तार लॉरेंस गैंग के गुर्गों ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। पूछताछ में गैंगस्टर योगेश सैनी ने स्वीकारा कि उसने ही गैंग के एक अन्य सदस्य दीपक सैन को जयपुर के व्यापारियों के मोबाइल नंबर उपलब्ध करवाए थे।

दीपक ने ये नंबर गैंग की सदस्य सीमा उर्फ मैडम माया को दिए थे। सीमा ने नंबरों की तस्दीक करने के बाद बठिंडा जेल में बंद राजेन्द्र उर्फ जोकर के जरिये विदेश में बैठे रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ को दिए थे।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ में योगेश ने कबूला कि वह पेंटर पिता के साथ अक्सर काम पर जाता था और उसे पता था कि कौन सा व्यापारी पैसे वाला है। ऐसे में वह नंबर लेकर गैंग के दीपक सैन को दे देता था।

थाना प्रभारी हरिओम ने बताया कि इस मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

**जोकर और मैडम माया 13 तक रिमांड पर**

उधर, पुलिस ने रिमांड अवधि पूरी होने पर लॉरेंस गैंग के गुर्गों को अदालत में पेश किया जहां से राजेन्द्र उर्फ जोकर और सीमा उर्फ मैडम माया को 13 दिसंबर तक रिमांड पर सौंप दिया है। जबकि गैंग के डेविल, दीपक व सचिन को जेल भेज दिया।

# आगामी विधानसभा सत्र में नया राजस्व अधिनियम-2024 पेश किया जाएगा : पोंगुलेटी




हैदराबाद, 8 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्व और आवास मंत्री, पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने बताया है कि तेलंगाना में भूमि मुद्दों को स्थायी रूप से हल करने के लिए, राज्य सरकार ने एक नया राजस्व अधिनियम-2024 तैयार किया है और संबंधित विधेयक आगामी विधानसभा सत्रों में पेश किया जाएगा। रविवार को सचिवालय में एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान, मंत्री ने उल्लेख किया कि नए राजस्व अधिनियम-2024 का मसौदा विधेयक अगस्त में पिछले विधानसभा सत्र में प्रस्तुत किया गया था और इस पर गहन विचार-विमर्श किया गया था। इसके अलावा, मसौदा विधेयक उसी दिन सीसीएलए की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया था। इस नए कानून का निर्माण किसान संघों, बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों, आम जनता और सेवानिवृत्त अधिकारियों की अंतर्दृष्टि और सिफारिशों द्वारा निर्देशित किया गया है। बीआरएस नेता हरीश राव और बोइनपल्ली विनोद कुमार सहित विपक्षी पार्टी के नेताओं के योगदान को भी उचित ध्यान दिया गया। इसके अतिरिक्त, मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि रंगारेड्डी के याचरम गांव और नलगोंडा जिले के तिरुमलागिरी मंडल में एक पायलट प्रोजेक्ट चलाया गया था। 18 राज्यों में लागू किए जा रहे अच्छे पहलुओं का अध्ययन किया गया और उन्हें नए कानून में शामिल किया गया। हम 2024 आरओआर अधिनियम को पीढ़ी दर पीढ़ी भूमि की समस्याओं को समाप्त करने, भावी पीढ़ियों को लाभान्वित करने और देश के लिए एक उदाहरण के रूप में पेश करने के लिए एक रोल मॉडल के रूप में लाने जा रहे है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली बीआरएस सरकार ने गरीबों के लिए घर बनाने वाले आवास विभाग को पूरी तरह से कमजोर कर दिया था और कर्मचारियों को दूसरे विभागों में मर्ज कर दिया था। इस संदर्भ में, कांग्रेस सरकार ने विभाग को पुनर्जीवित करने के लिए कदम उठाए थे और लाभार्थियों के चयन से लेकर घरों के निर्माण और निगरानी तक के लिए आवश्यक मशीनरी को सुसज्जित किया था। उन्होंने खुलासा किया, हमने 326 कर्मचारियों को फिर से नियुक्त करके आवास निगम को मजबूत किया है।

## सीएमआर लेने के लिए आगे आईं कुछ मिलें

मंचेरियल, 8 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले में अनाज की लागत के विरूद्ध 10 प्रतिशत बैंक गारंटी जमा करने की राज्य सरकार द्वारा तय की गई अभूतपूर्व शर्त के बाद बहुत कम मिलें कस्टम मिलिंग चावल (सीएमआर) की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए आगे आई हैं।

जिले में इस वनकालम सीजन में 1.56 लाख एकड़ में धान की फसल उगाई गई। अधिकारियों ने अनुमान लगाया है कि जिले में 3.26 लाख मीट्रिक टन धान की पैदावार होगी। धान की खरीद के लिए कुल 317 केंद्रों की पहचान की गई है। जिले में अब तक किसानों से 12,906 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है।

मिलों द्वारा सीएमआर का भुगतान न करने पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने मिलिंग के लिए अनाज की लागत के विरूद्ध 10 प्रतिशत की बैंक गारंटी देने की शर्त रखी है। यह शर्त पहली बार लागू की गई है।

# विदेशों में फर्जी नौकरी वीजा दिलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़




हैदराबाद, 8 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। विश्वसनीय सूचना के आधार पर आयुक्त की टास्क फोर्स, उत्तरी क्षेत्र टीम ने नारायणगुडा पुलिस के साथ मिलकर दो आरोपी अभिषेक रेड्डी और थुम्मा चिन्नम्मा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों ने फर्जी नौकरी वीजा जारी करके विदेश में नौकरी पाने की इच्छा रखने वाले भोले-भाले व्यक्तियों को धोखा दिया। आरोपी व्यक्ति येरुवा अभिषेक रेड्डी निवासी आसिफनगर, थुम्मा चिन्नम्मा निवासी गुंटूर पल्ली, करीमनगर के रहने वाले हैं। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लैपटॉप 2, सेल फोन 5, पीड़ितों के एग्रीमेंट पेपर, वीजा स्वीकृत पेपर, लेबर लाइसेंस, रबर स्टैम्प, एक चार पहिया कार बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी व्यक्ति अभिषेक रेड्डी ने थुम्मा चिन्नम्मा के साथ कुम्बरा टावर्स, रोड नंबर 5, हिमायत नगर में जेएमजे रेड्डी कंसल्टेंसी चलाना शुरू किया। आरोपी व्यक्ति पहले जॉब वीजा पर सिंगापुर गया था।

सिंगापुर में संपर्कों के कारण ही उसने अन्य आरोपी व्यक्ति थुम्मा चिन्नम्मा की सहायता से हिमायतनगर में जेएमजे रेड्डी कंसल्टेंसी शुरू की। उन्होंने अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से उम्मीदवारों को उच्च वेतन या लाभ के साथ आकर्षक नौकरी की पेशकश की। वे त्वरित वीजा, गारंटीकृत प्लेसमेंट या किसी पूर्व योग्यता/अनुभव की आवश्यकता नहीं होने का वादा करते हैं, जिससे यह प्रस्ताव सच होने के लिए बहुत अच्छा लगता है और पूरी प्रक्रिया तीन महीने के भीतर पूरी हो जाती है। उन्होंने वीजा, आवास और यात्रा व्यवस्था सहित विदेशी रोजगार का झूठा वादा किया। यह धोखाधड़ी वाली कंसल्टेंसी विदेशी रोजगार में विशेषज्ञता का दावा करती है। घोटाले को वैध दिखाने के लिए वे लगभग 25 सदस्यों को फर्जी या अमान्य वीजा दस्तावेज जारी करते हैं। उन्होंने पीड़ितों से लगभग 83 लाख रुपये की भारी रकम एकत्र की, उम्मीदवारों से रकम एकत्र करने के बाद, आरोपी व्यक्ति न तो आगे संपर्क करने के लिए, न ही वादे के अनुसार नौकरी की व्यवस्था करने के लिए उन्हें टालते रहे। तब से वे फरार पाए गए।

पूछताछ में पता चला कि आरोपी व्यक्ति अभिषेक रेड्डी ने धोखाधड़ी के कुछ पैसे अपने खर्चे पर खर्च किए और पीड़ितों से प्राप्त ठगी की रकम से वर्ष 2023 में एक कार खरीदी और उसी धोखाधड़ी के पैसे से मासिक किश्तों का भुगतान भी कर रहा था। गिरफ्तारी पुलिस निरीक्षक के.सैदुलु, श्रीनिवासुलु दासु, सी.राघवेंद्र रेड्डी, उत्तर क्षेत्र टास्क फोर्स की टीम और यू.चंद्रशेखर, पुलिस निरीक्षक, नारायणगुडा पीएस के पुलिस एसआई शेख शफी ने की।

## महिला विकास समिति ने कांग्रेस नेता के खिलाफ किया प्रदर्शन

वारंगल, 8 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर वारंगल नगर निगम (जीडब्ल्यूएमसी) 14वें डिवीजन महिला विकास समिति के सदस्यों ने रविवार को कांग्रेस पार्टी के 14वें डिवीजन के अध्यक्ष सैयद इंतेयाज के खिलाफ उन्हें धमकाने और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने के आरोप में विरोध प्रदर्शन किया।

महिला विकास समिति की अध्यक्ष पिट्टा सरोजा, सदस्य सचिव अकुला वनजा और लगभग दस समिति सदस्यों ने एनुमामुला पुलिस से संपर्क किया और इंतेयाज़ के खिलाफ शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाया कि इंतेयाज अपने समर्थकों के साथ कमेटी को भंग कर नयी कमेटी बनाने की धमकी दे रहे हैं। इंतेयाज ने दावा किया कि वर्धन्नापेट विधायक केआर नागराजू ने उनसे वर्तमान समिति को भंग करने और एक नई समिति नियुक्त करने के लिए कहा था।

मीडिया से बात करते हुए सरोजा ने आरोप लगाया कि इंतेयाज महिला सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे थे और उन्हें धमका भी रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सालों से महिला विकास समिति के सदस्य पार्टी से जुड़े लोगों की परवाह किए बिना समन्वय के साथ काम कर रहे हैं। लेकिन इंतेयाज अपने स्वार्थ के लिए समिति को तोड़ने और अपने समर्थकों को समिति पर नियंत्रण करने की कोशिश कर रहे थे।

समिति के सदस्यों ने एनुमामुला इंस्पेक्टर पर इंतेयाज का समर्थन करने और उसके खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। इस बीच, एनुमामुला इंस्पेक्टर ए राघवेंद्र ने कहा कि महिला विकास समिति के सदस्यों ने उनसे मुलाकात की और इंतेयाज के खिलाफ शिकायत की, लेकिन चूंकि उन्होंने लिखित शिकायत नहीं दी, इसलिए वह उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकते।

## करंट लगने से नवविवाहिता की मौत

मंचेरियल, 8 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। अप्रत्याशित और अनियमित बिजली आपूर्ति प्रणाली के कारण रविवार को मंचेरियल के नेन्नाल मंडल केंद्र के पोचम्मावाड़ा में एक नवविवाहिता 21 वर्षीय महिला की दुखद मौत हो गई। वह उस समय करंट लगने से मर गई जब उसने वॉटर हीटर की कुंडली को छू लिया, जिसमें से बिजली गुजर रही थी। नेन्नल के उपनिरीक्षक के प्रसाद ने बताया कि सिद्दू की पत्नी जाम्बी स्वप्ना ने हीटर का तार पानी की बाल्टी में रखा था, लेकिन बिजली आपूर्ति बंद हो गई। कुछ ही देर बाद, जब वह बाल्टी से हीटर का तार निकाल रही थी, तो अचानक बिजली की आपूर्ति फिर से शुरू हो गई, जिससे उसे बिजली का झटका लगा। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। नेन्नल मंडल मुख्यालय की रहने वाली स्वप्ना की शादी पांच दिन पहले ही सिद्दू से हुई थी। स्वप्ना के पिता चीकटैया की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।



मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सोमवार को तेलंगाना तल्ली की प्रतिमा के अनावरण के मद्देनजर मंत्रियों के साथ सचिवालय में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

## महिला ने बेटे की हत्या के बाद कर ली आत्महत्या

हैदराबाद, 8 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। विकाराबाद जिले में रविवार सुबह एक महिला ने अपने पांच साल के बेटे की हत्या कर दी और बाद में खुद भी आत्महत्या कर ली।

पुलिस के अनुसार, अरुणा की शादी रामुलु से हुई थी और वे अपनी बेटी और बेटे के साथ नवाबपेट गांव में रहते थे। रविवार की सुबह अरुणा अपनी बेटी प्रज्वला और बेटे प्रतीक के साथ गांव के बाहरी इलाके में स्थित एक कुएं पर गई थी।

विकाराबाद पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि महिला को अजीबोगरीब तरीके से व्यवहार करते देख लड़की ने जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया और अपनी मां से घर वापस आने को कहा। इसके बाद अरुणा ने अपनी बेटी को वापस घर भेज दिया, लड़के को पानी में फेंक दिया और बाद में कुएं में कूद गई।

